राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 45 साल के हुए वीरेंद्र सहवाग, पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज के शानदार ...

इजराइल और यूक्रेन को मदद मुहैया कराना अमेरिका के लिए एक अच्छा ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 161 | पटना, शनिवार , 21 अक्टूबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

नमो भारत ट्रेन नए भारत का संकल्प है, यह पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है : मोदी

देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन नमो भारत को राष्ट्र को समर्पित करते हुये बोलें प्रधानमंत्री

प्रात : किरण

गाजियाबाद/एजेसी। देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन नमो भारत को राष्ट्र को समर्पित करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह ट्रेन भविष्य के नये भारत की झलक प्रस्तुत करती है। श्री मोदी ने साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक शुरू की गयी रैपिडएक्स रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि नमो भारत ट्रेन नए भारत को परिभाषित करती है। आज हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। नमो भारत ट्रेन नए भारत का संकल्प है। यह पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने देशवासियों से संकल्प भी लिया कि रेल उनकी संपत्ति है और इसको किसी भी प्रकार से नुकसान नहीं पहुंचायेंगे और न ही किसी को ऐसा करने की इजाजत देंगे। विपक्षी दलों पर तंज कसते हुये उन्होंने कहा, लगभग चार साल पहले मैंने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक के हिस्से पर नमो भारत का संचालन प्रारंभ हो गया है। जिसका शिलान्यास हम करते हैं उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। इसका मेरठ वाला हिस्सा एक डेढ़ साल के बाद पूरा होगा, उस समय भी मैं आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा। उन्होंने कहा, शताब्दी का तीसरा दशक भारतीय रेल के कायाकल्प होने का दशक है। इस दस साल में पूरी रेल आपको बदली नजर आयेगी। मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है और न ही मरते मरते चलने की आदत है। आज की युवा

पीढी को गांरटी देना चाहता हूं कि दशक के अंत तक भारत की ट्रेनों को दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं पायेंगे। सुरक्षा, सुविधा, सफाई, सामंजस्य, संवेदना, सामर्थ्य के दम पर भारतीय रेल दुनिया में एक नया मुकाम हासिल करेगी।प्रधानमंत्री ने कहा, भारतीय रेल 100 फीसदी बिजलीकरण के लक्ष्य से बहुत दूर नहीं है। आज नमो भारत शुरू हुयी है। इससे पहले वंदे भारत के रूप में आधुनिक ट्रेन देश को मिली। देश में मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर भी बहुत तेजी से काम चल रहा है। यातायात के माध्यमों को आपस में जोडा जा रहा है। नमो भारत में इसका ध्यान रखा गया है। यह ट्रेन मेरठ, गाजियाबाद मेट्रो, बस अड्डे को आपस में जोडेगी। अब यात्रियों को ट्रेन से उतरने के बाद घर और दफ्तर के लिये दूसरा साधन नहीं तलाश करना पड़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि बदलते भारत में देशवासियों का जीवन स्तर सुधरे। लोग स्वच्छ हवा में सांस लें। कूड़े करकट के ढेर हटें। यातायात के अच्छे साधन हो। इलाज की अच्छी व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा नमो भारत ट्रेन राष्ट्र की समर्पित हुई है। हमारे यहां नवरात्रि में शुभ कार्य की परंपरा है। देश की पहली नमो भारत ट्रेन को भी मां कात्यायनी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इस नई ट्रेन में ड्राइवर से लेकर सभी कर्मचारी महिलाएं हैं। ये भारत की नारीशक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है। नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, गति भी है। ये नमो भारत ट्रेन, नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने नमो भारत ट्रेन में किया छात्रों के साथ सफर: गाजियाबाद की धरती पर शुक्रवार को नया इतिहास रच गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की पहली रैपिड रेल रैपिडएक्स (नमो भारत) को देश की जनता को समर्पित कर दिया। मोदी ने नमो भारत ट्रेन का सफर भी किया और छात्रों एवं स्टाफ से बातचीत भी करते नजर आए। ट्रेन में उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे।

शारदीय नवरात्र : सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा

ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै ऊं कालरात्रि दैव्यै नमः .

ॐ कालरात्र्यै नमः

शारदीय नवरात्रि में सातवें दिन महासप्तमी पड़ती है। इस दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने के लिए जानी जाती हैं, इसलिए इनका नाम कालरात्रि है। साथ ही ये देवी अपने भक्तों को सदैव शुभ फल प्रदान करती हैं। इस कारण इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। मां दुर्गा की सातवीं स्वरूप मां कालरात्रि तीन नेत्रों वाली देवी हैं। मां कालरात्रि की पूजा-आराधना से भय और रोग का नाश होता है। साथ ही भूत प्रेत, अकाल मृत्यु, रोग, शोक आदि सभी प्रकार की परेशानियां भी समाप्त हो जाती हैं।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री ने जस्टिस उदय प्रताप सिंह के निधन पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केरल उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस उदय प्रताप सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि जस्टिस उदय प्रताप सिंह प्रसिद्ध कानूनविद थे। वे केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनने के पूर्व पटना हाईकोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी न्यायाधीश रहे थे। उनके निधन से विधि एवं न्याय के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा का पर्व हर्ष एवं उल्लास का पर्व है। दशहरा पर्व को विजय पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह हमारे जीवन में संयम एवं आत्मिक बल का संचरण करने वाला पर्व है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को पारस्परिक सद्भाव, आपसी भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मिल जुलकर मनायें।

कॉलेजियम की ठंडे बस्ते में पड़ी सिफारिशों को बाहर निकालना होगा : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसे जजों की नियुक्ति के लिए केंद्र के पास ठंडे बस्ते में पड़ी कोलेजियम की सिफारिशों को वहां से बाहर निकालना होगा। न्यायमूर्ति एस के कौल, सुधांशु धूलिया और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि पांच दोहराए गए नाम, पांच नए नाम और स्थानांतरण से संबंधित 11 फाइलें अभी भी केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि कॉलेजियम की सिफारिशों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए केंद्र द्वारा हाल ही में जारी की गई अधिसूचनाएं एक सकारात्मक विकास है और केंद्र द्वारा दी गई इस दलील पर ध्यान दिया कि मामलों को सुलझाया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल बलबीर सिंह ने दो-तीन सप्ताह की मोहलत मांगी। विधि अधिकारी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने मामले को नवंबर 2023 के दूसरे सप्ताह में आगे की सुनवाई के लिए पोस्ट कर दिया। हालाँकि, इसने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि चुनिंदा नामों को अधिसूचित करने से कॉलेजियम की सिफारिश में निहित वरिष्ठता के क्रम में गड़बड़ी होती है और परिणामस्वरूप मेधावी वकील अक्सर पीछे हट जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह कॉलेजियम की 70 लंबित सिफारिशों के मुद्दे पर अगले दो महीने तक नियमित अंतराल पर सुनवाई करेगा।

राष्ट्रपति ने गया के दीक्षांत समारोह में टॉपर्स को किया सम्मानित

महात्मा गांधी और बुद्ध का संदेश काफी प्रासंगिक : मुर्मु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पटना हवाई अड्डे पर विदाई देते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

प्रात : किरण

पटना। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को गया में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल हुई। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने टॉपर्स को सम्मानित किया। कुल 1142 छात्रों ने कार्यक्रम में आकर डिग्री हासिल किया। साथ ही राष्ट्रपति ने अलग-अलग संकाय के 10 टॉपर्स को मेडल दिया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि गया की धरती काफी पावन है। यहां बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे राजकुमार गौतम बोधिसत्त को प्राप्त कर महात्मा बुद्ध बने थे।

यह धरती पूरे विश्व को सहिष्णुता और आपसी भाईचारे का संदेश देती है। वर्तमान में विश्व की जो स्थिति है उसमें महात्मा गांधी और बुद्ध का संदेश काफी प्रासंगिक है। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में 103 छात्रों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। इनमें से 66 लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि जिन 25 विद्यार्थियों को मंच पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया उनमें भी 18 लड़कियां थी और मात्र 7 लड़के ही गोल्ड मेडल हासिल कर सके हैं। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रशंसा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आज छात्राओं द्वारा सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है।

आज छात्राएं हर क्षेत्र में छात्रों को टक्कर दे रही हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। दीक्षांत समारोह के समापन के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का काफिला सड़क मार्ग से गया एयरपोर्ट के लिए रवाना होने लगा तो शहर के डेल्हा के समीप बच्चों को देखकर वह गाड़ी से उतर कर लोगों से मिलने लगी। इस दौरान उन्होंने छोटे छोटे बच्चों के बीच टाफी बांटने लगी। बच्चे राष्ट्रपति को अपने नजदीक आते देख काफी उत्साहित हो रहे थे। सभी बच्चे उत्साह में भारत माता की जय, वंदेमातरम के नारे लगाने लगे।

66 छात्राओं को मिला गोल्ड मेडल : सीयूएसबी के तीसरी दीक्षांत समारोह में कुल 1142 छात्रों को विभिन्न विषयों में चांसलर स्वर्ण पदक, स्कूल स्वर्ण पदक और विभाग स्वर्ण पदक से सम्मानित किए गए। 103 छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया, जिसमें 66 लड़कियों को गोल्ड मेडल दिया गया।

महाबोधि मंदिर में की पूजा अर्चना : राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शुक्रवार को पटना से गया एयरपोर्ट पहुंची, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर पहुंची और वहां पूजा अर्चना की।

उसके बाद कार्यक्रम स्थल पहुंची। इधर, राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर गया में सुरक्षा को लेकर सारी तैयारी पहले ही पूरी कर ली गई थी। रूट प्लान पहले ही तैयार कर लिया गया था। गया में कार्यक्रम के कारण गया-टिकारी मुख्य सड़क मार्ग पर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसके लिए बिहार पुलिस और विशेष टीम एक-एक चीजों पर बारिकी से नजर रख रही है। जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है।

राष्ट्रपति को पटना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने दी विदाई

पटना। बिहार में तीन दिवसीय दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे का समापन शुक्रवार को गया से हुआ। वे शुक्रवार सुबह विशेष विमान से पटना से गया के लिए रवाना हुईं। उन्हें पटना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के साथ वित्त मंत्री विजय चौधरी, मेयर सीता साहू, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी, अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय डॉ एस सिद्धार्थ, आयुक्त, पटना प्रमण्डल कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक, पटना रेंज राकेश कुमार राठी, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने विदाई दी तथा उनके सुखद यात्रा की कामना की। गया में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होना है। इसके बाद उनका बिहार दौरा समाप्त होगा और वह गया से ही दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगी। अपने तीन दिवसीय दौरे में राष्ट्रपति ने बिहार के चौथे कृषि रोड मैप का उद्घाटन किया। पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका। इसके अलावा मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और पटना एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।

मुजफ्फरपुर एवं दानापुर से आनंद विहार के लिए चलेगी छठ पूजा स्पेशल ट्रेन

पटना। दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा मुजफ्फरपुर एवं दानापुर से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है।. गाड़ी सं. 05283/05284 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार- मुजफ्फरपुर एसी एक्सप्रेस स्पेशल (सप्ताह में दो दिन): गाड़ी संख्या 05283 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार एसी एक्सप्रेस स्पेशल 11 से 18 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को मुजफ्फरपुर से 18.00 बजे खुलकर 19.15 बजे हाजीपुर, 19.30 बजे सोनपुर, 20.05 बजे पाटलिपुत्र, 20.30 बजे दानापुर, 21.05 बजे आरा, 21.50 बजे बक्सर एवं 23.45 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 11.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05284 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर एसी एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 12 से 19 नवंबर तक प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को 13.25 बजे आनंद विहार से खुलकर अगले दिन 00.35 बजे डीडीयू, 01.52 बजे बक्सर, 02.44 बजे आरा, 03.15 बजे दानापुर, 03.35 बजे पाटलिपुत्र, 04.30 बजे सोनपुर एवं 04.45 बजे हाजीपुर रुकते हुए 07.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05273/05274 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार- मुजफ्फरपुर एसी एक्सप्रेस स्पेशल (सप्ताह में दो दिन): गाड़ी संख्या 05273 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार एसी एक्सप्रेस स्पेशल 22 से 09 दिसंबर तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को मुजफ्फरपुर से 18.00 बजे खुलकर 19.15 बजे हाजीपुर, 19.30 बजे सोनपुर, 20.05 बजे पाटलिपुत्र, 20.30 बजे दानापुर, 21.05 बजे आरा, 21.50 बजे बक्सर एवं 23.45 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 11.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05274 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर एसी एक्सप्रेस स्पेशल 23 नवंबर से 10 दिसंबर तक प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को 13.25 बजे आनंद विहार से खुलकर अगले दिन 00.35 बजे डीडीयू, 01.52 बजे बक्सर, 02.44 बजे आरा, 03.15 बजे दानापुर, 03.35 बजे पाटलिपुत्र, 04.30 बजे सोनपुर एवं 04.45 बजे हाजीपुर रुकते हुए 07.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03257/03258 दानापुर-आनंद विहार-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल (साप्ताहिक): गाड़ी संख्या 03257 दानापुर-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 26 नवबंर से 10 दिसंबर तक प्रत्येक रविवार को दानापुर से 07.30 बजे खुलकर 08.10 बजे आरा, 09.05 बजे बक्सर एवं 10.30 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03258 आनंद विहार-दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 27 नवंबर से 11 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को 05.00 बजे आनंद विहार से खुलकर उसी दिन 17.10 बजे डीडीयू, 18.30 बजे बक्सर, 19.30 बजे आरा रुकते हुए 20.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 20 कोच होंगे। उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने दी है।

बांद्रा अवध एक्सप्रेस का आगरा मंडल के किरावली स्टेशन पर ठहराव: यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आगरा मंडल के किरावली स्टेशन पर गाड़ी सं. 19037/19038 बांद्रा-बरौनी-बांद्रा अवध एक्सप्रेस का 26 अक्टूबर से 02 मिनट का प्रायौगिक तौर पर 06 माह के लिए ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । गाड़ी सं. 19037 बांद्रा-बरौनी अवध एक्सप्रेस 17.38 बजे किरावली स्टेशन पहुंचकर वहां से 17.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 19038 बरौनी-बांद्रा अवध एक्सप्रेस 07.05 बजे किरावली स्टेशन पहुंचकर वहां से 07.07 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल भवन का किया निरीक्षण, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों की ली जानकारी

बोलें- आपदा से बचाव को लेकर बेहतर ढंग से हो रहा काम

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सरदार पटेल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री 5वें तल्ले पर स्थित बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यालय गये और वहाँ के कार्यों तथा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदय कांत मिश्रा ने आपदा प्रबंधन के लिये किये जा रहे कार्यों, नई पहल, नव प्रवर्तन के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों को सुरक्षित शनिवार और सुरक्षित रविवार को प्रशिक्षित किया जाता है। जीविका दीदियों, पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों आदि को आपदा जोखिम

न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षित किया जाता रहा है। नवीनतम तकनीक के आधार पर भी चेतावनी प्रणाली को द्रुत बनाया गया है। कई नई पहल और नव प्रवर्तन किये गये हैं। लोगों को आपदा से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया जाता है।

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संवेदनशीलता के साथ आपदा से बचाव को लेकर बेहतर ढंग से कार्य करते रहें । इस दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदय कांत मिश्रा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य पी एन राय, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कौशल किशोर मिश्रा, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

रिपोर्ट अमेरिकी रक्षा विभाग की रिपोर्ट में चीन की राष्ट्रीय, आर्थिक और सैन्य रणनीति को भी दर्शाया गया

अमेरिका ने वार्षिक रिपोर्ट में भारत और चीन के बीच सीमा गतिरोध पर जताई चिंता

चीनी सेना की रणनीति, वर्तमान क्षमताओं, गतिविधियों और आधुनिकीकरण पर किया गया फोकस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेसी। अमेरिका ने भारत और चीन के बीच तीन साल से चल रहे सीमा गतिरोध पर चिंता जताते हुए अमेरिकी कांग्रेस में अपनी वार्षिक रिपोर्ट पेश की है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) से जुड़े सैन्य और सुरक्षा विकास पर अमेरिकी रक्षा विभाग की इस रिपोर्ट को चीन सैन्य शक्ति रिपोर्ट (सीएमपीआर) के रूप में भी जाना जाता है। यह रिपोर्ट चीन की राष्ट्रीय, आर्थिक और सैन्य रणनीति को दर्शाती है, जिसमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की रणनीति, वर्तमान क्षमताओं और गतिविधियों के साथ-साथ सेना के आधुनिकीकरण को भी दर्शाया गया है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से जुड़े सैन्य और सुरक्षा विकास पर अमेरिकी रक्षा विभाग ने 19 अक्टूबर को यह वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट चीन के जनवादी गणराज्य (पीआरसी) की राष्ट्रीय, आर्थिक और सैन्य रणनीति की मौजूदा स्थिति को दर्शाती है।रिपोर्ट में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की रणनीति, वर्तमान क्षमताओं और गतिविधियों के साथ-साथ भविष्य के आधुनिकीकरण लक्ष्यों के बारे में भी बताया गया है। अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा रणनीति ने पीआरसी और इसकी तेजी से सक्षम सेना को शीर्ष चुनौती के रूप में पहचाना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मई, 2020 से शुरू होकर पीआरसी और भारतीय सेनाओं को एलएसी के साथ कई स्थानों पर पत्थरों, डंडों और कंटीले तारों से लिपटे डंडों के साथ झड़पों का सामना करना पड़ा। गतिरोध के कारण विवादित सीमा के दोनों ओर सेनाओं का जमावड़ा शुरू हो गया। दोनों

देशों ने एक-दूसरे की सेनाओं की वापसी और पूर्व की स्थिति पर लौटने की मांग की लेकिन न तो चीन और न ही भारत उन शर्तों पर सहमत हुए। पीआरसी ने गतिरोध के लिए भारतीय बुनियादी ढांचे के निर्माण को जिम्मेदार ठहराया, जिसे वह पीआरसी क्षेत्र पर अतिक्रमण के रूप में मानता था। इसके विपरीत भारत ने चीन पर भारतीय क्षेत्र में आक्रामक घुसपैठ शुरू करने का आरोप लगाया। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि 15/16 जून, 2020 को गलवान घाटी में गश्ती दल के बीच हिंसक झड़प हुई और परिणामस्वरूप लगभग 20 भारतीय सैनिक और चार चीनी सैनिक मारे गए। यह घटना 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद दोनों के बीच सबसे घातक झड़प थी। इस झड़प के बाद पीएलए ने एलएसी के साथ लगातार सेना की उपस्थिति और बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा है। चीन ने 2022 में एलएसी पर सैन्य बुनियादी ढांचे का विकास किया है। इन निर्माण कार्यों में डोकलाम के पास भूमिगत भंडारण सुविधाएं, एलएसी के सभी तीन क्षेत्रों में नई सड़कें, पड़ोसी भूटान के विवादित क्षेत्रों में नए गांव, पैंगोंग झील पर एक दूसरा पुल, केंद्र क्षेत्र के पास एक दोहरे उद्देश्य वाला हवाई अड्डा और कई हेलीपैड शामिल हैं। अमेरिकी रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि 2022 में चीन ने एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र में चार संयुक्त हथियार ब्रिगेड (सीएबी) के साथ झिंजियांग और तिब्बत सैन्य जिलों के दो डिवीजनों से समर्थित एक सीमा रेजिमेंट तैनात की। चीन ने अन्य थिएटर कमांड से पूर्वी क्षेत्र में तीन हल्के से मध्यम सीएबी और एलएसी के मध्य क्षेत्र में अतिरिक्त तीन सीएबी तैनात किए हैं। हालांकि, कुछ संयुक्त हथियार ब्रिगेड को पीछे हटाया गया है लेकिन तैनात बलों का अधिकांश हिस्सा एलएसी पर यथावत बना हुआ है। भारत-चीन के बीच 17 जुलाई, 2022 को कोर कमांडर-स्तरीय 16वें दौर की वार्ता हुई, जिसमें दोनों पक्ष एलएसी के गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र से सेना हटाने पर सहमत हुए। इसके बाद चीनी और भारतीय सेनाएं एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र के साथ गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र से हटना शुरू कर दीं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत और चीन के बीच परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 24वीं बैठक 31 मई, 2022 को हुई थी लेकिन एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र से सैनिकों को हटाने की दिशा में कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई। इसके बाद 14 अक्टूबर, 2022 को चीन और भारत के प्रतिनिधियों ने डब्ल्यूएमसीसी की आभासी 25वीं बैठक में सीमा पर तनाव को कम करने और आपातकालीन प्रतिक्रिया से सीमा क्षेत्रों के नियमित प्रबंधन की ओर कदम बढ़ाने के लिए उपाय करने पर सहमति व्यक्त की। इसके बाद 9 दिसंबर, 2022 को भारत के तवांग के यांग्त्से क्षेत्र के पास एलएसी के पूर्वी क्षेत्र में सैकड़ों चीनी और भारतीय सैनिक भिड़ गए।

संक्षिप्त खबरें

बेल वृक्ष के निकट माता का अधिवास उद्बोधन किया गया

दानापुर। दानापुर नगर के अंतर्गत शुक्रवार को नगर में अलग अलग स्थानो पर विभिन्न पूजा समिति द्वारा बेल वृक्ष के निकट माता का अधिवास उदबोधन किया गया। श्री श्री बड़ी देवी जी सेवा समिति पेठियापर, श्रीश्री108 काली पूजा समिति श्री बड़ी देवी, व्यवसायिक संघ झुनझुनरोड, सदर बाजार शिवमंदिर, बड़ी देवी महावीर मंदिर समेत कई पूजा समिति के लोग शामिल हुए। सुलतानपुर में धुमधाम से बड़ी देवीजी व छोटी देवी पूजा समिति द्वारा बिल्वाभिमंत्रण को लेकर गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु बेल वृक्ष के निकट जाकर पूजा अर्चना किया। पशु चिकित्सालय परिसर में आचार्य देवेन्द्र नाथ मिश्र आचार्य वायुनंदन मिश्र आचार्य गोपाल कुमार मिश्र, महंथ बबन दास, विशाल पांडेय, विद्धाभुषण मिश्र सुलतानपुर में बी बी मिश्र एवं गोलापर में पंडित अर्जून पांडेय आदि पूजा सम्पन्न कराया।

ट्रेन पर चढ़ने के दौरान एक युवक की गिरने से मौत हो गई

दानापुर रेल थाना के अंतर्गत स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 पर संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन पर चढने के दौरान गिड़ने से युवक की मौत हो गया। सूचना पर रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गयी। बताय जाता है कि रानीतालाब थाना के निसरपुरा इकबालगंज निवासी सतेन्द्र कुमार सिंह का पुत्र विजय कुमार सिंह अपने भाई आदित्य कुमार के साथ आरा जाने के लिए दानापुर स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आया था। इसी क्रम में दोनो भाई संघमित्रा एक्सप्रेस पर चढने लगा। इसी क्रम प्लेटफार्म नंबर 4 पर विजय कुमार सिंह 24 वर्षीय गिड़ गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भेजा गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अज्ञात व्यक्ति का शव की पहचान उसकी परिजनों ने कर ली

दानापुर खगौल। रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत छपरा के मकेर पश्चिम ठहरा निवासी दिनेश राम 46 वर्षीय के रूप मे किया गया। अपने पिता की खोज करते हुए दानापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे मृतक के पुत्र अभिषेक ने शिनाख्त किया। अभिषेक ने बताया कि उसके पिता गुजरात में मजदूरी करते थे। 15 अक्टूबर को फोन कर बताये थे कि अहमदाबाद बरौनी एक्सप्रेस से आ रहा हूं। उन्हे 17 को घर पहुंचना था पर नही पहुंचे। जिसके बाद खोज बीन करते रहे। इसी दौरान दानापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे जानकारी मिली की एक शव मिला था।

देशी शराब की भट्टी को पुलिस ने किया ध्वस्त

फतुहा। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के भिखुआ गांव के समीप खंदा में शुक्रवार को छापेमारी कर हजारों लीटर देसी शराब को जमीन पर बहाकर विनष्ट कर दिया। चल रहे शराब की भट्टी को भी ध्वस्त कर दिया। जब्त किए गये उपकरण व बर्तनों को विनष्ट करते हुए आग के हवाले कर दिया। हालांकि पुलिस को देखते ही धंधेवाज भागने में सफल हो गये। थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार के मुताबिक धंधेवाजो का पता लगा आगे की कारवाई की जा रही है।

इलाज के दौरान डेंगू मरीज की हुई मौत

दानापुर। नगर के अंतर्गत एक नर्सिंग होम में तोड़ फोड़ के दौरान पुलिस कर्मी के साथ मारपीट पुलिस ने इस संबंध में राजू राय समेत अन्य के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सीसीटीवी के फूटेज के आधार पर कई लोगो को पहचान कर कार्रवाई में जुट गयी है। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि पुलिस के साथ मारपीट करने वालो को बख्सा नही जायेगा। इस मामले में एसआई मेघनाथ के ब्यान पर मृतक के चाचा राजू राय समेत अन्य के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीवी से कई लोगो की शिनाख्त हो गयी है। जिन्हे जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। इसको लेकर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। उन्होने बताया कि डाक्टर द्वारा भी मामला दर्ज कराया गया है। सनद हो कि गुरूवार की देर शाम मछुआटोली स्थित एक नर्सिंग होम में इलाज के दौरान डेंगू मरीज अकिलपुर थाना क्षेत्र के नया पानापुर नवदियरी के मुल निवासी व वर्तमान में नासरीगंज निवासी गोलू कुमार 22 की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। जिसको लेकर लोगो नर्सिंग होम में तोड़ फोड़ सिपाही राकेश कुमार एवं गृहरक्षक शैलेश कुमार के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था।

समाजसेवा व देश-प्रदेश के विकास में मारवाड़ी समाज की भूमिका अहम

समाज के 10 गण्यमान्य लोगों को किया गया सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजाधिराज श्री अग्रसेन महाराज की जयंती मारवाड़ी सेवा समिति के द्वारा चौक पर मनाई गई। इसका उद्घाटन बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ, भूमि, राजस्व एवं भूमि सुधार कार्य मंत्री अशोक मेहता, विधायक नंदकिशोर यादव, विधान पार्षद ललन सराफ और समाजसेवी कमल नोपानी ने श्री अग्रसेन जी महाराज के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कर किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर और गुब्बारे को उड़ाया गया। फिर मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को राजस्थानी साफा बांधकर लाल चुनरी उठाकर प्रतीक चिन्ह दे उन सबों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में श्री अग्रसेन महाराज के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला ।उनके त्याग और विचारों पर चर्चा करते हुए कहा कि गरीबों, पिछड़ों और जरूरतमंदों की सहायता कर स्वाबलंबी बनाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वक्ताओं ने मारवाड़ी समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की काफी सराहना की गई ।उन्होंने कहा कि भारतवर्ष के मारवाड़ी समाज में बिहार के मारवाड़ी समाज सेवा में सबसे आगे हैं। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने और आगत अतिथियों का स्वागत सचिव राजकुमार गोयनका व संयोजक राजेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर समाज के 10 विभूतियों को समाजसेवा रत्न से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में गिरधारी लाल सराफ, डॉ टीपी गोलवारा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, रमन प्रकाश शाह, सुभाष झुनझुनवाला, अशोक बूबना, गोविंद कानोडिया, राजकुमार सुल्तानिया, मुकेश हिसारिया और रंजन मेठतिया थे। इस अवसर पर स्व सीता देवी साह और स्व ओपी साह की स्मृति में श्री बिहारी जी मिल्स द्वारा श्री अग्रसेन जी की रसोई के माध्यम से हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बलराम चौधरी, पुरुषोत्तम पोद्दार, मनोज खेतान, सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, पप्पू मोदी, ललित अग्रवाल, विष्णु झुनझुनवाला, राजेश होलिया, राहुल अग्रवाल, संजय छापड़िया, बासु सराफ, नारायण शाह सहित समाज के गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। कल 21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक पांच दिवसीय दशहरा सेवा शिविर शुरू हो रहा है समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा संयोजक राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर का उद्घाटन बिहार राज्य योजना परिषद के परामर्श आईपीएस विकास वैभव करेंगे इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरीय आरक्षी अधीक्षक राजीव मिश्रा विशिष्ट अतिथि नगर आरक्षी अधीक्षक पूर्वी संदीप सिंह पटना सिटी अनुमंडल पदाधिकारी गुंजन सिंह आईएएस सहायक आरक्षी अधीक्षक सरस आर एस एवं वरिष्ठ समाजसेवी शशि शेखर रस्तोगी होंगे इस शिविर के माध्यम से 5 दिनों तक अपोलो बिग हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा सेवा दी जाएगी साथ ही शुद्ध पेयजल नींबू चाय खोया पाया सूचना केंद्र पुलिस सहायता केंद्र महानवमी महाप्रसाद का वितरण एवं श्री बड़ी देवी जी अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है शिविर की तैयारी अंतिम चरण में है शिविर को सफल बनाने में सुभाष पोद्दार अशोक बंका राजकुमार गोयनका पप्पू मोदी विष्णु झुनझुनवाला विकास जालान पप्पू कमलिया राजू बागला सक्रिय रहे।

लोगों को भा रही माता की चुनरी, लहंगा चुन्नी, नवग्रह व नवदुर्गा पताका

पट्टी, आसनी से लेकर छोटा प्रिंटेड कपड़ा की भी मांग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इस नवरात्र में मंदिरों, पूजा पंडाल से लेकर घरों तक में नवरात्र पर भगवती दुर्गा देवी की पूजा-आराधना करने की धूम मची है। पूजा के दौरान भगवती को वस्त्र अर्पित करने का प्रावधान है। इसे लेकर मंदिरों में चढ़ाने और घर से लेकर पूजा पंडाल में स्थापित होने वाली भगवती की प्रतिमा को लहंगा चुन्नी व चुनरी पहनाने और चढ़ाने, आसनी, नवग्रह पताका, नवदुर्गा पताका आदि की खरीदारी कर रहे हैं। पटना सिटी के मच्छरहट्टा से लेकर रामबाग, झाऊगंज में करीब 30 से 50 ऐसे दुकान हैं, जहां इसकी थोक बिक्री हो रही है। मच्छरहट्टा पर सिद्धि जी चुनरी वाले एवं विक्की केसरी ने बताया कि नवरात्र में फैंसी चुनरी, पट्टी, रूमाली चुनरी, पट्टा, नवग्रह का झंडा, पताका, आसनी, शार्टन रोटो, बेलवेट, सूती आदि में काफी बिक रहा है ।इसकी मांग भी अधिक ।है बिहार एवं झारखंड में इन सभी सामान को बेचने वाले लोग खरीददारी करके ले जा चुके हैं। अब खुदरा दुकानदारी ही शेष रह गई है। इसके साथ ही पटना और आसपास के विक्रेता भी सामान की खरीदारी कर रहे हैं। दरअसल चुनरी में भी अनेक आइटम हैं। इसमें सूती, शार्टन, बेलवेट आदि कपड़े का बना होता है। कोई दो मीटर का होता है, तो कोई रुमाल आकार का या आधा से एक मीटर का भी होता है। इस संबंध में बताया गया कि लहंगा चुन्नी 160 से 1400 प्रति पीस, सूती चुनरी 240 से 500 रुपया प्रति कोरी (20 पीस), शार्टन चुनरी 80 से 300 रुपया कोरी, बेलवेट 120 से 700 रुपया प्रति कोरी बिक रहा है। जय माता दी एवं अन्य लिखा पट्टी 200 से 600 प्रति सैकड़ा बिक रहा है। छोटा रुमाल चुनरी एवं आधा मीटर की चुनरी 200 से 600 प्रति सैकड़ा बिक रहा है। दो मीटर नेट चुनरी 45 से 200 प्रति पीस में मिल रहा है। नौ ग्रह झंडा एवं नवदुर्गा झंडा 90 से 30 रुपए प्रति 108 पीस बिक रहा है। वहीं बेलवेट में मोती का काम किया हुआ आसनी 70 से 400 प्रति पीस में बेचा जा रहा है।

आज भगवती प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ दर्शन को निकलेंगे लोग

निशा पूजा शनिवार की रात, कालरात्रि की होगी पूजा-आराधना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्र में शुक्रवार को भक्तों ने दुर्गा देवी के कल्पारंभ, देवी बोधन व बेल्वा आमंत्रण अधिवास का अनुष्ठान किया। श्री बड़ी देवी जी, महाराजगंज व अन्य पूजा स्थानों पर किया गया। भक्तों ने भगवती के छठे स्वरूप कात्यायनी की उपासना की।

शनिवार को देवी के सातवें स्वरूप कालरात्रि की उपासना किया जाएगा। शक्तिपीठ स्थल व देवी मंदिरों में शनिवार की मध्य रात्रि निशा पूजा का अनुष्ठान किया जाएगा। श्री बड़ी देवी जी, मारुफगंज में षष्ठी पूजा व आमंत्रण अधिवास का अनुष्ठान किया गया। इसके बाद देर शाम भगवती का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। देवी के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ शक्तिपीठ बड़ी व छोटी पटनदेवी, अगमकुआं शीतला माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जुटी।

शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी मंदिर के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि शनिवार की रात महानिशा पूजा व रविवार को महाअष्टमी व्रत को अनुष्ठान होगा। छोटी पटनदेवी के आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील कुमार व जयप्रकाश पुजारी, गड़हा स्थित पटनदेवी मंदिर में बबलू पांडेय ने वैदिक रीति से अनुष्ठान किया। सर्वमंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, काली मंदिर खाजेकलां व मंगल तालाब दीरापर, पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर के साथ अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इधर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में चल रहा है।

पार्षद व प्रतिनिधियों के साथ ईओ ने की बैठक

सफाई, खराब वाहन की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट पर हुई चर्चा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी मो नुरूल हक शिवानी के द्वारा पार्षदों के साथ शुक्रवार को बैठक की गई। हालांकि इसमें पार्षद कम एवं उनके प्रतिनिधि अधिक शामिल हुए। इसमें वार्ड पार्षद किरण मेहता, विनय कुमार बाला, फिरोज खा आबदा कुरैशी शामिल हुई, जबकि पार्षद प्रतिनिधि के तौर पर बलराम मंडल, राजेश राय, राजू गुप्ता आदि शामिल हुए। बैठक में मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार एवं कुछ सफाई निरीक्षक भी शामिल हुए। बैठक के दौरान चर्चा की गई कि दशहरा पर्व को लेकर प्रमुख मंदिर, पूजा पंडाल से लेकर प्रमुख घाट जाने वाले मार्ग और घाट किनारे भी सफाई के साथ स्ट्रीट लाइट की पुख्ता व्यवस्था की जाए। खराब और बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को ठीक कराया जाए या नया लगवाया जाए। वार्ड में वाहन की समस्या बनी हुई है। टीपर से लेकर ई-रिक्शा, क्लोज टीपर, हाथ ठेला खराब पड़ा है। इसकी मरम्मत कराई जाए। हाथ ठेला की स्थिति भी काफी खराब है। इस पर ईओ के द्वारा कहा गया कि विभिन्न वार्डो से खराब वाहनों की सूची जो उपलब्ध कराई गई है, उसे ठीक करने के लिए निगमायुक्त के पास भेजा गया है। हर वार्ड को 10-10 हाथ ठेला गाड़ी दिया जाना है। इसमें कुछ वार्डो को दिया भी गया है। इसके अलावा दीपावली को लेकर निकलने वाले कचरे के ढेर को उठाने के लिए मैनपॉवर के काम के घंटे बढ़ाने, ईधन की खपत बढ़ने आदि की बात भी कही गई। चुनाव की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

कंगन घाट रास्ता को चालू कराने पहुंचीं एसडीओ

पानी से भरे गड्ढे को जेसीबी की मदद से मिट्टी काट भरवाया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कंगन घाट को अशोक राजपथ से वाया चौक थाना जोड़ने वाला पूर्वी फ्लैंक को चालू करने के लिए सिटी एसडीओ शुक्रवार की शाम पहुंचीं। उनके साथ अतिरिक्त दंडाधिकारी नगर निगम के पदाधिकारी और, चौक थाना की पुलिस भी मौजूद थी। हालांकि वहां जमीन मालिक के द्वारा कहा गया कि जमीन का मुआवजा मिलने के बाद ही वह इसे पुलिस प्रशासन को सौंपने का काम करेंगे। इस पर सिटी एसडीओ गुंजन सिंह ने कहा कि जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। आप भूमि अर्जन पदाधिकारी के यहां जाकर मुआवजा की राशि प्राप्त कर लें। जमीन मालिक के द्वारा रास्ते को अवरुद्ध किए जाने के लिए गड्ढा कर उसमें पानी भर दिया गया था और दीवार भी खड़ा कर दिया गया था। एसडीओ गुंजन सिंह ने अपनी मौजूदगी में नगर निगम के संसाधन जेसीबी से मिट्टी खुदवा कर पानी से भरे गड्ढे को भरवाने का काम किया। फिलहाल इस रास्ते से लोगों के आने-जाने की सुविधा बहाल हो सकेगी। फिलहाल एक-दो दिनों में संभावना है कि इस रास्ते को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। विदित हो कि गंगा पाथवे का गायघाट तक उद्घाटन किए जाने के पूर्व डीएम डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह निरीक्षण कर रहे थे, तब उन्होंने डीसीएलआर को एक सप्ताह के अंदर जमीन अधिग्रहण की पूरी कार्रवाई पूरी करने के लिए निदेशित किया था। 18 अक्टूबर को राष्ट्रपति के आगमन के पूर्व जब उन्होंने तख्तश्री कमेटी के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था और ब्लूप्रिंट का मुआयना कर रहे थे, तब भी उन्होंने सिटी एसडीओ को एक-दो दिनों में कंगन घाट के पूर्वी छोर के रास्ते को चालू किए जाने की बात कही थी। इसी को लेकर सिटी एसडीओ ने चौक थाना की पुलिस और नगर निगम की टीम के साथ कार्रवाई के लिए पहुंची थीं।

दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था को लेकर आयुक्त ने की प्रमंडल-स्तरीय तैयारियों की समीक्षा

रावण वध कार्यक्रमों के लिए मानकों के अनुरूप तैयारी रखें: आयुक्त

बोलें- क्षेत्रीय पदाधिकारीगण सभी स्टेकहोल्डर्स से सार्थक संवाद कायम रखें: आयुक्त

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा है कि दुर्गा पूजा के दरम्यान सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। वे आज प्रमंडल अन्तर्गत सभी छः जिलों- पटना, नालन्दा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर-के जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के साथ तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा के अवसर पर विशेष सतर्कता बरतें। सभी जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात तथा अचूक सुरक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित करें। सार्वजनिक स्थलों पर भीड़-नियंत्रण के मानकों के अनुसार दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करें। ड्रोन से गतिविधियों पर नजर रखें। जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक स्वयं भ्रमणशील रहें एवं क्षेत्र का जायजा लें। रावण वध कार्यक्रमों के लिए मानकों के अनुरूप तैयारी रखें। क्षेत्रीय पदाधिकारीगण सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) से सार्थक संवाद कायम रखें। शांति समिति की ससमय बैठक करें। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारियों का पर्यवेक्षण करें। आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सतत क्रियाशील रखें। अफवाहों का त्वरित खंडन करें। पूर्व की घटनाओं में शामिल लोगों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें। भीड़ की गतिविधियों पर सीसीटीवी से निगरानी करें तथा इस आशय का फ्लेक्स/बैनर जगह-जगह प्रदर्शित करें कि आप सीसीटीवी की नजर में हैं।

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम(क्यूआरटी) एवं क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम(क्यूएमआरटी)तैनात रखें। मद्य-निषेध अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करें। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि दुर्गा पूजा में विभिन्न मंदिरों तथा सावर्जनिक दुर्गा पूजन स्थलों पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होने की संभावना रहती है। पटना में वृहद तैयारी की आवश्यकता पड़ती है। गाँधी मैदान, पटना में रावण-वध कार्यक्रम होता है। अन्य स्थानों पर भी यह होता है। अतः पटना के साथ बाकी जिलों को भी सतर्कता के साथ तैयारी सुनिश्चित करनी होगी। सभी जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी भीड़ प्रबंधन के मानकों का दृढ़ता के साथ परन्तु विनम्रतापूर्वक अनुपालन कराएंगे। गश्ती दल द्वारा रेगुलर पेट्रोलिंग की जाए। नियंत्रण कक्ष से भीड़ पर निगरानी रखी जाए। सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से अनुश्रवण किया जाए। मेडिकल कैम्प एवं मे आई हेल्प यू काउण्टर भी क्रियाशील रहे। यथेष्ट प्रशासनिक सतर्कता, यथोचित निगरानी तथा सुरक्षामूलक कार्रवाई करें। आयुक्त ने कहा कि अंचल/थाना/अनुमण्डल स्तर एवं जिला स्तर पर शांति समिति की बैठक में स्थानीय स्तर पर सक्रिय युवकों , गणमान्य व्यक्तियों एवं सिविल सोसाईटी के सक्रिय सदस्यों को भी आमंत्रित करते हुए उनसे सुझाव प्राप्त किया जाय तथा बैठक की विधिवत उपस्थिति पंजी एवं कार्यवाही तैयार करायें। सभी पदाधिकारी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतेंगे तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक एवं दण्डात्मक कार्रवाई करेंगे। कॉम्युनिकेशन प्लान सुनिश्चित कर विधि-व्यवस्था का संधारण करेंगे।

नई दिल्ली द्वारा निर्धारित दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन अनिवार्यः आयुक्त

आयुक्त श्री रवि ने कहा कि पंडाल का निर्माण तथा प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित मानकों का अनुपालन अनिवार्य है। बिहार (पूजा के उपरांत मूर्ति विसर्जन प्रक्रिया) नियमावली, 2021 में वर्णित प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराएँ। इसके तहत मूर्ति की अधिकतम ऊँचाई 20 फीट तथा ऊपरी संरचना की ऊँचाई 40 फीट तक ही सीमित रखा जाना है। विद्युत विभाग के अभियंताओं को सुनिश्चित करना होगा कि पूजा पंडालों में कहीं भी लूज वायर न रहे। नगर निगम, नगर परिषद् तथा नगर पंचायत अपने-अपने कार्यक्षेत्र में साफ-सफाई एवं प्रकाश की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। नगर निकायों का 24७7 डेडिकेटेड टीम क्रियाशील रहे।

शौचालय एवं पेयजल की बेहतर सुविधा सुनिश्चित की जाए। विद्युत अभियंता निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। आयुक्त ने कहा कि आवश्यकतानुसार पार्किंग की समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि लाउडस्पीकर की नियुमानसार सशर्त अनुमति अनुमंडल पदाधिकारी से प्राप्त की जाएगी। रात्रि 10 बजे से सुबह 06.00 बजे तक लाउडस्पीकर पर रोक है। डीजे पर किसी भी परिस्थिति में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा एवं पूर्णरूपेण वर्जित रहेगा। जिला स्तर पर इसे सुनिश्चित किया जाए। विसर्जन जुलूस एवं विसर्जन स्थल पर आतिशबाजी पर रोक है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इसका अनुपालन कराएंगे। आयुक्त श्री रवि द्वारा नदी घाटों पर एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि त्योहार के अवसर पर आमजन के सुगम आवागमन के लिए अपेक्षित कार्रवाई करेंगे।

मो इलियास व मुख्तार राजद महानगर के महासचिव मनोनीत

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। पटना महानगर राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष महताब आलम ने मोहम्मद इलियास असगर उर्फ बाबर एवं मो मुख्तार को महानगर राजद का महासचिव मनोनीत किया है। इनके मनोनयन से पटना साहिब के राजद कर्जकताओं में खुशी है। इसे लेकर पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी, पूर्व निगम पार्षद बलराम चौधरी, सन्नी यादव, अमित यादव, प्रदेश महासचिव विनोद यादव, पंकज रजक, मोहम्मद जावेद आदि नेताओं ने कहा कि इन दोनों नेताओं को महासचिव के रूप में मनोनयन से राजद को मजबूती मिलेगी।

आज भाजपा के शीर्ष नेता शक्तिपीठ व शीतला मंदिर आएंगे

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता इस नवरात्र में शनिवार को शक्तिपीठ स्थल व शीतला माता की शरण में पूजा आराधना करने को आएंगे। प्रवक्ता राजेश साह ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व मंत्री सह विधायक नंदकिशोर यादव, संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसानिया के साथ प्रदेश के अन्य नेता अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर, शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी मंदिर कल शनिवार को दर्शनार्थ आएंगे। यह सब शीतला माता मंदिर अगमकुआं में सुबह नौ बजे, श्री बड़ी पटनदेवी में 9.30 और श्री छोटी पटनदेवी में 10 बजे पहुंच कर पूजा-अर्चना कर भगवती का आशीष ग्रहण करेंगे।

षष्ठी के दिन माँ दुगार्पूजा का पट खुला, दर्शन को उमड़ी भीड़

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत घनश्याम बालिका छोटी बदलपुरा बौलीपर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति 5 स्टार ,छोटी बदलपुर (बौलिपर) और मोतीचौक स्थित माँ दुर्गा की रीतिरिबाजों से मूर्तियों में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मूर्तियों का पट खुलने के साथ इस के दर्शन और पूजा-अर्चना के भारी भीड़ उमड़ पड़ी . अन्य स्थानों पर मूर्तियों का पट सप्तमी के दिन खुलेगा. मोतीचौक, रेलवे अस्पताल,नेउरा कॉलोनी,वॉलीपर,लोको अस्पताल,गाड़ी खाना दल्लू चक आदि स्थानो पर पूजा पंडालों को सजाने का काम जोर शोर से चल रहा है. घनश्याम स्कुल, मंडल रेल अस्पताल मोड सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ देखा गया. भव्य पंडाल रंग बिरंगा लाईट से सजाया गया है. लोको मैदान परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए झुला आदि के साथ खाने-पीने आदि के स्टाल लगाया गया है. सैदपूरा मोड के पास भव्य सोना-चांदी से सजी माँ काली की विशेष पूजा में खास कर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है

मितन घाट में अज्ञात महिला व जीरो माइल से पुरुष का शव मिला

पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां थाना की पुलिस ने मितन घाट के पास से अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। थानाध्यक्ष राहुल ठाकुर ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है ।गंगा में डूबने की वजह से मौत की संभावना जताई जा रही है। उसकी उम्र करीब 50 वर्ष आंकी गई है।

शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कालेज भेजा जा रहा है। शव के पास से या उसके आसपास ऐसा भी कुछ नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान की जा सके।

इधर अगमकुआं थाना की पुलिस जीरो माइल पुल के नीचे से शव का उठा कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर के रहने वाले लालबाबू पासवान के रूप में हुई है। शव का पंचनामा एसआई रामायण राम ने किया है। पुलिस प्रथम दृष्टया मौत का कारण हदयगति का रुकना बता रही है।

निगमकर्मियों के घेराव पर नहीं निकली पार्षद, पार्षद पति भागे

सफाई निरीक्षक ने गर्मी का नाम बायोमेट्रिक में चढ़ा हाजिरी बनाया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के वार्ड 64 के पार्षद प्रतिनिधि द्वारा महिला निगमकर्मी निखित खातून का नाम बायोमेट्रिक मशीन पर नहीं चढ़ने देने और नाम चढ़ाए जाने का प्रयास करने पर सफाई निरीक्षक को देख लेने की धमकी दी गई थी। इसके विरोध में वार्ड पार्षद आबदा कुरैशी के आवास का घेराव शुक्रवार को किया गया। निगमकर्मियों के डर से पार्षद आबदा कुरैशी तो निकली ही नहीं। पार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व पार्षद महमूद कुरैशी निगमकर्मी से नजर बचा कर पिछ्ले दरवाजा से भाग निकले। विदित हो कि हड़ताल के दौरान कुछ कर्मियों का नाम बायोमेट्रिक मशीन से हटा दिया गया था। हड़ताल में महापौर और नगर आयुक्त के स्तर पर वार्ता के बाद सभी दंडात्मक कार्रवाई वापस ले लिया गया और बायोमेट्रिक पर नाम भी चढ़ गया ।लेकिन वार्ड 64 के पार्षद प्रतिनिधि सफाई निरीक्षक को महिला कर्मी निखित खातून का नाम नहीं चढ़ाने की धमकी दे रहे थे। इससे आक्रोश में आकर निगमकर्मियों ने नगर पार्षद के आवास का घेराव किया। मगर न तो पार्षद आबदा कुरैशी ही कर्मियों के सामने आयीं और न ही पार्षद प्रतिनिधि महमूद कुरैशी। घेराव के दौरान ही सफाई निरीक्षक ने पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार और घेराव कर रहे निगमकर्मी के सामने ही निखित खातून का नाम चढ़ा कर हाजिरी भी बनवाया।

बोलें- हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर भ्रम फैलाना बन्द करे भाजपा

महंगाई-बेरोजगारी से त्रस्त है देश की जनता : चौधरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। शुक्रवार को जदयू मुख्यालय मेंआयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए मंत्री ने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी से देश की जनता त्रस्त है। श्री अशोक चैधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इफ्तार और फलहार के बीच अनावश्यक विवाद उत्पन्न कर गंगा-जमुनी तहजीब को बदनाम करना चाहती है। भाजपा महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आई थी। जब गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपए थी तब भाजपा के लोग तत्कालीन केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर आंदोलन करते थे। आज वही गैस सिलेंडर की कीमत 1100 रुपये है लेकिन भाजपा का कोई नेता इस विषय पर केंद्र सरकार से सवाल नहीं करता। खाने-पीने की वस्तुओं पर हर दिन दाम बढ़ रहे हैं, बढ़ती महंगाई आज देश के गरीबो के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन चुकी है लेकिन भाजपा के नेता केवल हिन्दू-मुसलमान की बातें कर आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार राजनीतिक सुचिता के प्रतीक है। एक साथ काम करने के बाद यह स्वाभाविक है कि राजनीतिक मतभेद से परे हर नेता का व्यक्तिगत संबंध स्थापित हो जाता है। मुख्यमंत्री ने इसी बात का जिक्र कल किया था। प्रेम कुमार, शाहनवाज हुसैन, नंदकिशोर यादव, रामप्रीत पासवान, मंगल पांडेय ये पांच भाजपा के ऐसे वरिष्ठ नेता हैं जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्रिमंडल में काम कर चुके हैं। सरकार बदलने के बाद इन लोगों ने मुख्यमंत्री से सरकारी आवास न लेने का आग्रह किया था और मुख्यमंत्री ने भी अपना बड़ा दिल दिखाते हुए उनका आवास खाली नहीं किया। हमारे नेता का स्पष्ट मानना है कि वैचारिक और राजनीतिक मतभेदों के आधार पर व्यक्तिगत संबंध कभी प्रभावित नहीं होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान पर मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के लिए किसी को भी दरवाजा बंद करने या खोलने की कोई आवश्यकता नहीं है। श्री नीतीश कुमार जिधर जाते हैं उधर रास्ता खुद बन जाता है। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। उनका कार्य और विश्वनीयता ही उनकी असली पूंजी रही है। श्री नीतीश कुमार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को अन्य प्रदेश की सरकारों साथ-साथ केंद्र की सरकार भी अंगीकृत करती रही है। सीमित आर्थिक संसधान के बावजूद भी हमारे नेता ने बिहार की तस्वीर और तकदीर बदनले का काम किया है। केंद्र में जिस भी पार्टी की सरकार रही हो उन्होंने कभी बिहार को विशेष पैकेज या सहायता देने का काम नहीं किया। यह कसक हर बिहारियों के मन में आज भी है। इस दौरान विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी उपस्थित रहे।

फसल अवशेष जलाएं नहीं, उसका उचित प्रबंधन करें : सचिव

- फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्रों पर 75 से 80 प्रतिशत तक दिया जा रहा अनुदान
- फसल अवशेष को जलाने से फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में होती है कमी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्य के कुछ जिलों में धान की कटनी आरम्भ हो रही है। यही समय है कि किसान भाई-बहन धान की खूंटी, पुआल आदि को खेतों में नहीं जलायें, बल्कि उसका उचित प्रबंधन करें। सचिव ने कहा कि फसल अवशेष को खेतों में जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ता है। इसके परिणामस्वरूप मिट्टी में उपलब्ध जैविक कार्बन जल कर नष्ट हो जाता है। इसके कारण मिट्टी की उर्वरा-शक्ति कम हो जाती है। साथ ही, मिट्टी का तापमान बढ़ने के कारण मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्म जीवाणु, केंचुआ आदि मर जाते हैं। इनके मिट्टी में रहने से ही मिट्टी जीवंत कहलाता है। फसल अवशेषों को जलाने से जमीन में उपलब्ध जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, मिट्टी में नाईट्रोजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण फसलों का उत्पादन घटता है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अभाव में खासकर पटना एवं मगध प्रमण्डल के अधिकांश जिलों के किसान भाई-बहन धान की कटनी कम्बाईन हार्वेस्टर से करते हैं। कटनी के उपरान्त धान के तने का अधिकांश भाग खेतों में ही रह जाता है। अगली फसल लगाने की जल्दी में आमतौर पर किसान भाई-बहन द्वारा इन फसल अवशेषों को खेतों में ही जला दिया जाता है। उन्होंने कहा कि एक टन फसल अवशेष को जलाने से लगभग 60 किलोग्राम कार्बन मोनोऑक्साईड, 1,460 किलोग्राम कार्बन डाईऑक्साईड तथा 2 किलोग्राम सल्फर डाईऑक्साईड गैस निकलकर वातावरण में फैलता है, जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुँचता है। सचिव कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि इसके लिए सभी जिलों में किसानों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जा रहा है तथा जिन-जिन इलाकों में ऐसी समस्याएं ज्यादा थी, वहाँ के किसान सलाहकारों एवं कृषि समन्वयकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह गांव-गांव जाकर किसानों से मिले तथा उन्हें जागरूक करें। सभी जिला पदाधिकारियों को भी इसका लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है। सभी कृषि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों को भी इस संबंध में किसानों को प्रशिक्षित करने एवं इसके कुप्रभाव के बारे में जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत किसानों को फसल अवशेष को प्रबंधन करने से संबंधित कृषि यंत्रों यथा हैप्पी सीडर, रोटरी मल्चर, स्ट्रॉ बेलर, सुपर सीडर, स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस), रोटरी सलेशर, जीरो टिलेज सीड-कम-फर्टिलाईजर, पैडी स्टॉचौपर, आदि यंत्रों पर 75 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने राज्य के किसान भाइयों एवं बहनों से अपील किया कि फसल अवशेषों को खेतों में न जलाकर उसे मिट्टी में मिला दें या उससे वर्मी कम्पोस्ट बनायें अथवा पलवार विधि से खेती करें। ऐसा करने से मिट्टी का स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा एवं फसलों का गुणवत्तापूर्ण तथा अधिक उत्पादन होगा, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी।

सुरेंद्र प्रसाद यादव राजद के प्रदेश महासचिव मनोनीत : एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सुरेंद्र प्रसाद यादव को राजद का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने दी है। उन्होंने बताया कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के परामर्श से प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने सारण के नया गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद यादव को राजद का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। इन्हें मनोनयन पत्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने दी। इनके मनोनयन पर राजद नेताओं ने बधाई दी है और कहा कि इससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

सर्वे का क्षेत्र कार्य को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

पटना। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय भारत सरकार द्वारा जेनेवा में (2 अक्टूबर 2013 से 11 अक्टूबर 2013 तक) आयोजित 19वें श्रम सांख्यिकीविदों के अंतराष्ट्रीय सम्मेलन के सिफारिशों के आंतरिक अध्ययन के मद्देनजर सर्वे का क्षेत्र-कार्य को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार (19-20 अक्टूबर 2023) को पटना में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर इसका मुख्य उद्धेश्य - 19वी आईसीएलएस के सिफारिशों के तहत श्रम बाजार पर सूचना-संग्रहित करने की संभावना का पता लगाना रहा। इसके लिए अंतरिक अध्ययन हेतु पायलट सर्वे किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन एन. संगीता, उप महानिदेशक ने किया। प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए उपमहानिदेशक ने कहा कि जेनेवा में आईसीएलएस के 19वें सम्मेलन के सिफारिशों के अनुसार श्रम बाजार पर सूचना संग्रह करने की संभावनाओं का पता लगाना है और संग्रहित आंकड़ों का विश्वव्यापी तुलना करने का उपकरण तैयार करना है। प्रत्येक 5 वर्षों के बाद अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के तत्वावधान में आईसीएलएस पर सम्मेलन होता है। पिछला सम्मेलन 2018 ई में हुआ था जिसमें श्रम सांख्यिकी के माप हेतु विभिन्न मानकों के लिए एक मार्गदर्शिका तैयार किया गया था। श्रम का अल्प उपयोग पर भी पायलट सर्वे होना है। शिविर में सम्बधित प्रश्नावलियों पर डी एन प्रसाद वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने विस्तृत चर्चा की। फील्ड में जाकर सर्वे प्रगणकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर को परिमल, उपनिदेशक और अभिषेक गौरव, सहायक निदेशक ने भी संबोधित किया। इस शिविर में गया और भागलपुर के सांख्यिकी अधिकारियों के अलावे पटना कार्यालय के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी बी एन प्रसाद, एस के झा, देवेन्द्र कुमार, मनोज गुप्ता, कमलेश गुप्ता, जितेन्द्र राय, मंजुषा, गोपाल कुमार सिंह एवं लगभग 50 प्रशिक्षु उपस्थित थे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय भारत सरकार को वर्ष 1950 से एनएसएसओ के विभिन्न दौर में वैज्ञानिक प्रतिदर्श प्रक्रिया अपना कर समाजार्थिक आंकडें एकत्र करने का दायित्व सौंपा गया है।

प्रचारजीवी पार्टी है भाजपा, 2024 में लगेगा झटका : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा पर हमला करते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि अपने मौजूदा नेताओं के कारण भाजपा आज पूरी तरह प्रचारजीवी पार्टी बन चुकी है। इनका दिन प्रचार के लिए एजेंडा तय करने से शुरू होता है और शाम अगले दिन के लिए मुद्दा खोजने पर समाप्त होती है। झूठ की दुकान बन चुकी यह पार्टी काम में नहीं बल्कि लोगों को बरगला कर चुनाव जीतने में यकीन रखती है। लेकिन 9 वर्षों में कोई वादा पूरा नहीं करने से इनकी असलियत जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि केवल प्रचार पर आश्रित रहने के कारण अब भाजपा का संगठन चरमराने लगा है। खाली बैठे नेताओं के कारण इनकी पार्टी में अंदरूनी गुटबाजी चरम पर है। यही वजह है कि मध्यप्रदेश चुनाव में खुद प्रधानमन्त्री मोदी को वोटों के लिए जनता के नाम चिट्ठी जारी करनी पड़ रही है। वहीं बिहार की कमान उन्होंने सीधे गृहमंत्री अमित शाह और अध्यक्ष जेपी नड्डा को थमा रखी है। यह बताता है कि पार्टी नेताओं पर अब प्रधानमन्त्री मोदी भरोसा भी डगमगा चुका है। जदयू महासचिव ने कहा कि याद करें तो 2014 में भी यह लोग झूठे प्रचार के दम पर ही सत्ता में आये थे। तब से लेकर आज तक इनका पूरा दिन आंकड़ों की बाजीगरी के सहारे अपने झूठ को सच साबित करने में लगा रहता है। भाजपा के वादे याद दिलाते हुए जदयू नेता ने कहा कि इन्होने वादा किया था किया था 2022 तक हर किसान की आमदनी दुगनी हो जायेगी, लेकिन उलटे इनके राज में किसानों की हालत और बदतर हो चुकी है। इसी तरह इन्हों मध्य वर्ग के लोगों को भी आय बढ़ाने का सपना दिखाया था, लेकिन बढ़ी मंहगाई और घटी आमदनी के कारण उनका जीवन भी और संकटों से घिर चुका है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इन्होने युवाओं को भी नहीं छोड़ा है। आज भी इनसे दो करोड़ सालाना रोजगार की बातें पूछिये तो इनके नेता बगले झाँकने लगते हैं। सरकार ने युवाओं के कौशल विकास के लिए पूरे तामझाम से स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय की घोषणा की थी। करोड़ों रुपए खर्च किये गये, लेकिन लेबर ब्यूरो रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कुशल कामगारों की संख्या महज 2 फीसदी है। जबकि इसी समय दक्षिण कोरिया में 96 फीसदी स्किल्ड कर्मचारी हैं और जापान में इनकी संख्या 80 फीसदी तक है। यह दिखाता है कि इनका यह वादा भी फेल हो गया। इसी तरह इन्होने पेट्रोल-डीजल के दामों को घटाने का वादा भी किया था, लेकिन 60-70 रु के आस पास रहने वाला तेल इनके राज में 100 रु प्रति लिटर से भी अधिक हो गया। यहां तक कि कच्चे तेल के दामों के न्यूनतम स्तर पर आने के बाद भी इन्होने दाम नहीं घटाए। उन्होंने कहा कि इतने वर्ष बीतने के बाद भी सब की हालत जस की तस है। उन्होंने कहा कि लोग इनसे सवाल न पूछे इसीलिए यह प्रचार के जरिये के जरिये लोगों को बेफिजूल के मुद्दों में उलझाये रखते हैं। लेकिन अब इनका खेल जनता जान चुकी है। आगामी लोकसभा चुनाव में उनका सफाया तय है।

डीएम ने लोक प्राधिकार के विरूद्ध 1 हजार रुपये का लगाया दंड

डीएम ने की लोक शिकायत एवं सेवा शिकायत के 17 मामलों की सुनवाई

पटना। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय-कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में तथा बिहार सरकारी सेवक शिकायत निवारण नियमावली, 2019 के तहत प्रथम अपील में शिकायतों की सुनवाई की और उसका निवारण किया । लोक शिकायत निवारण में लापरवाही बरतने के आरोप में एक लोक प्राधिकार के विरूद्ध 1,000 रूपया का अर्थदंड लगाया। डीएम डॉ. सिंह द्वारा आज लोक शिकायत एवं सेवा शिकायत के कुल 17 मामलों की सुनवाई की गई। 11 मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया तथा छः मामलो में अंतरिम आदेश पारित किया गया। एक मामले में लोक शिकायत निवारण में अरूचि एवं संवेदनहीनता के आरोप में अंचल अधिकारी, दानापुर के विरूद्ध 1,000 रुपये का दंड लगाया गया। दरअसल अपीलार्थी रामा शंकर सिंह, ग्रामः चमारीचक, पोस्ट-जमसौत, थाना-शाहपुर जिला-पटना द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया था। अपीलार्थी की शिकायत फटे हुए जमाबंदी को पुनर्गठित एवं ऑनलाईन करने के संबंध में है। जिलाधिकारी ने समीक्षा में पाया कि लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, दानापुर द्वारा पूर्व में दिए गए निदेशों का आंशिक अनुपालन ही किया गया है। परिवादी द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, दानापुर के समक्ष दिनांक 23 मार्च, 2023 को ही दायर किया गया था। लगभग सात महीना के अवधि में भी अंचल अधिकारी ने कोई सार्थक एवं ईमानदार प्रयास नहीं किया। उनका प्रतिवेदन भी संतोषजनक नहीं है। दो जमाबंदी के रद्दीकरण हेतु अपर समाहर्ता को भेजे गए प्रस्ताव का साक्ष्य भी उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी अधिकारी का यह व्यवहार लोक शिकायत निवारण की मूल भावना के प्रतिकूल है। लोक प्राधिकार के इस कार्यशैली से आवेदक की समस्या का इतने दिनों में भी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यह उनकी स्वेच्छाचारिता, शिथिलता तथा संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। जिलाधिकारी द्वारा इन आरोपों के कारण लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, दानापुर के विरूद्ध 1,000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। साथ ही परिवादी के शिकायत का विधि-सम्मत निवारण करते हुए स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ सुनवाई की अगली तिथि को उपस्थित रहने का निदेश दिया गया। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि लोक शिकायतों एवं सेवा शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 एवं बिहार सरकारी सेवक शिकायत निवारण नियमावली, 2019 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

एमएसएमई के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पटना। एमएसएमई और खादी और ग्रामोद्योग आयोग पटना के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय खादी महोत्सव के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एमएसएमई विकास कार्यालय पटना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार आईईडीएस निदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय पटना द्वारा किया गया। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग पटना के सहायक निदेशक शिशिर कुमार भुइयां और एग्जीक्यूटिव गोपाल कुमार भी उपस्थित थे । इस अवसर पर एमएसएमई विकास कार्यालय पटना के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा भावी उद्यमीगण उपस्थित थे। इस कार्यालय के निदेशक प्रदीप कुमार द्वारा इस अवसर पर सभी को शपथ भी दिलवायी गयी। कार्यक्रम का संयोजन इस कार्यालय के संजीव आजाद, सहायक निदेशक के द्वारा किया गया।

श्रीराम वनवास की लीला देख भावुक हुए दर्शक

रामलीला महोत्सव का छठा दिन

पटना। श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा नागा बाबा ठाकुरबाड़ी में आयोजित रामलीला महोत्सव के छठे दिन मंचनकर्ता श्री धाम वृंदावन के यशस्वी व्यास स्वामी गिरिराज विशिष्ठ के निर्देशन में श्रीराम वनगमन एवं निषाद राज से प्रभु श्री राम के मिलन से जुड़ी लीलाओं का मंचन हुआ। लीला के आरम्भ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव जी ने दीप प्रज्वलन एवं भगवान की आरती किया साथ में उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी एवं कमिटी के अध्यक्ष अरुण कुमार, संयोजक मुकेश कुमार नन्दन, सह-संयोजक राकेश कुमार और मनीष सिन्हा, रामलीला संयोजक प्रिंस कुमार राजू, सह संयोजक आशु गुप्ता, मीडिया प्रभारी एम पी जैन महासचिव राकेश मल्होत्रा, संस्थापक सचिव डा टी आर गांधी, चेयरमैन कमल नोपानी, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार, सह- कोषाध्यक्ष संजय कुमार, उपाध्यक्ष सुषमा साहू, सुजय सौरभ एवं राजेश बजाज, रामलीला आयोजन समिति सदस्य सुरेन्द्र प्रसाद,, ललन प्रसाद संजय वर्णवाल, आर्य नन्दन, उमानाथ वर्णवाल, अजीत कुमार बबलू, राकेश मिश्रा, अनूप वर्णवाल, प्रेम गुप्ता किया। रामलीला के छठे दिन की लीला में राजा दशरथ द्वारा राम को राज्याभिषेक का प्रस्ताव। दशरथ, कुलगुरू विशिष्ठ, सुमंत और श्री राम के बीच मंत्रणा। मंथरा कैकेयी के बीच वातार्लाप, कैकेयी का कोप भवन में जाना, कैकेयी एवं दशरथ के बीच तकरार, दशरथ द्वारा कैकेयी को वचन देना, दशरथ द्वारा श्री राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजा बनाने का वचन देना। वन गमन पूर्व श्री राम सीता संवाद एवं पिता दशरथ से मिलना, लक्ष्मण सुमित्रा संबाद, उर्मिला की महानता । वनगमन के समय अयोध्यावासियों का आग्रह, सुमंत और श्री राम के बीच संवाद भावुक हुए दर्शक। लीला में राम वनवास का प्रथम पड़ाव शृंगवेरपुर में श्री राम का मिलन निषाद राज से हुआ। निषाद राज के स्वागत से श्री राम का प्रसन्न होना और गंगा पार करने से पूर्व केवट द्वारा श्रीराम के चरण पखारना, पार करने के बाद प्रभु श्री राम द्वारा मुद्रिका उतार कर केवट को देने और केवट द्वारा यह कहना कि हम मुद्रिका नहीं ले सकते इसके बाद निषादराज और सुमंत से विदा लेने तक की लीला देखकर भावुक हुए दर्शक। कईयों के आँखों से आँसू निकले प्रभु श्री राम की भक्ति में एम पी जैन ने बताया कि शनिवार 21 अक्टूबर को केवट संवाद एवं दशरथ स्वर्गवास का मंचन होगा

सौ वर्ष पूरे करने वाले मैथिली और हिन्दी के एक मात्र साहित्यकार थे पं गोविन्द झा

निधन पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई शोक-सभा, पत्रकार अंजनी तिवारी को भी दी गई श्रद्धांजलि

पटना। मैथिली और हिन्दी के विलक्षण साहित्यकार और कोशकार पं गोविन्द झा एक ऐसे एकांतिक साधक थे, जिन्होंने न केवल अपनी आयु के सौ वर्ष पूरे किए, अपितु अपनी आयु के अनुकूल विपुल साहित्य का भी सृजन किया। उनके समान कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। उनका शब्द पर ही नहीं, जीवन पर भी कठोर अनुशासन था। उनका अनुशासित जीवन और तपो साधना एक दुर्लभ आदर्श है। एक कोशकार और शब्द-शिल्पकार के रूप में वे सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे।

यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में साहित्यकार पं गोविन्द झा तथा पत्रकार अंजनी तिवारी के निधन पर आयोजित शोक-सभा की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि पण्डित जी के भोजन का अनुशासन भी अद्भुत था। डा सुलभ ने कहा कि पण्डित जी के साहित्य में भी उसी भाँति शब्दानुशासन देखा जा सकता है। एक शब्द भी व्यर्थ नहीं लिखते थे। उनकी पंक्तियां चुने हुए प्रांजल शब्दों की सुंदर लड़ियाँ हैं। शासनिक-शब्दावली के निर्माण में भी उनका स्तुत्य योगदान है। उन्होंने कहा कि साहित्य सम्मेलन आगामी वर्ष से उनके नाम से भी सम्मान आरंभ करेगा। पत्रकार अंजनी तिवारी को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि वे एक सच्चे और अच्छे पत्रकार थे। सरल, विनम्र और सदा प्रसन्न रहने वाले। उनके आचरण और व्यवहार में कभी भी अहंकार का लेश मात्र भी समावेश नही था। अपने समाचारों अथवा रपटों में वे कभी मिलावट नहीं करते थे। जो देखा, वही लिखा। न तो किसी राग-द्वेष से, न किसी दबाव में। दैनिक पत्र पाटलिपुत्र टाइम्स से अपने पत्रकार-जीवन का आरंभ करने वाले तिवारी जी आज की सेवा करते हुए, संसार से विदा हुए। उनका असमय जाना अत्यंत पीड़ा दायक है। मेरे प्रति अत्यंत आदरयुक्त स्नेह रखने वाले मित्र थे। उनके निधन से पत्र-जगत को क्षति तो पहुँची ही है, हमने एक गुणी पत्रकार मित्र को खो दिया है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने कहा कि अंजनी तिवारी से हमारा पारिवारिक संबंध रहा। उनके पिता अमरेन्द्र नारायण तिवारी आकाशवाणी के अधिकारी थे और मित्रवत थे। अपने सामने अंजनी को बढ़ते और एक सफल पत्रकार के रूप में देखा। उसे श्रद्धांजलि भी देनी होगी, सोचा न था। सम्मेलन के पुस्तकालय मंत्री अशोक कुमार, अर्थमंत्री प्रो सुशील कुमार झा, प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, ई आनन्द किशोर मिश्र, कुमार अनुपम, नन्दन कुमार मीत, डा आनन्द आशीष, डा पंकज प्रियम, राम प्रसाद ठाकुर, कुमारी मेनका, रवींद्र कुमार सिंह आदि ने अपने शोकोदगार व्यक्त किए। सभा के अंत में कुछ पल मौन रख कर दोनों प्रस्थित आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

कृत्रिम तालाबों में होगा मूर्ति विसर्जन, किसी भी प्रवाह में विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध

- पंडाल का निर्माण तथा प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित मानकों का अनुपालन अनिवार्य : डीएम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि पंडाल का निर्माण तथा प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित मानकों का अनुपालन अनिवार्य है। बिहार (पूजा के उपरांत मूर्ति विसर्जन प्रक्रिया) नियमावली, 2021 में वर्णित प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराएँ। इसके तहत मूर्ति की अधिकतम ऊँचाई 20 फीट तथा ऊपरी संरचना की ऊँचाई 40 फीट तक ही सीमित रखा जाना है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि जल(प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अनुसार मूर्ति विसर्जन कृत्रिम तालाबों में होगा। किसी भी प्रवाह में मूर्ति विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मूर्ति विसर्जन के संबंध में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करना होगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के अनुसार मूर्तियों के विसर्जन से पहले जैव-विघटनीय सामग्रियाँ निपटान के लिए अलग से एकत्र की जाए। सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पूजा समितियों को उनके इस दायित्व से अवगत करा दिया गया है। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि सभी एसडीओं एवं एसडीपीओ जुलूस मार्गों का सत्यापन कर लें। यदि मार्ग में कोई बाधा है तो उसका ससमय समाधान करें। जुलूस मार्ग एवं घाटों को अतिक्रमणमुक्त रखें। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि विसर्जन जुलूस एवं विसर्जन स्थल पर आतिशबाजी पर रोक है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इसका अनुपालन कराएंगे। दुगापूर्जा के आयोजन के क्रम में जनहित एवं आम जनता की व्यापक सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा-निर्देश दुगापूर्जा के आयोजकों, व्यवस्थापकों को दिये गये हैं जो निम्नलिखित है:-

जनहित में ऐसा किया जाना आवश्यक है तथा इसकी अनुपालन न होने की स्थिति में सभी क्षतियों एवं परिणामों की जिम्मेवारी आयोजकों, व्यवस्थापकों, समितियों की होगी। विधिवत निर्माण हेतु आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र सम्बद्ध विभाग से प्राप्त कर लेना आवश्यक है। नगर आयुक्त, पटना नगर निगम श्री अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि दुगापूर्जा में स्वच्छता पर विशेष जोर रहेगा। विसर्जन के लिए पूजा पंडाल ईको-फ्रेंडली तरीका अपनाएँगे। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि पूजा पंडालों में भीड़ की गतिविधियों पर सीसीटीवी से नजर रखा जाएगा। मूर्ति विसर्जन हेतु कृत्रिम घाटों का निर्माण हो रहा है। विसर्जन जुलूस एवं विसर्जन स्थल पर आतिशबाजी पर रोक है। विसर्जन के दिन नदी में बिना अनुमति के नाव परिचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। आपदा प्रबंधन तंत्र पूर्णतः सक्रिय है। एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा है कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकना प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, थानाध्यक्ष, सीओ, एसडीओ, एसडीपीओ की विशेष जिम्मेवारी है। थानाध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों को आसूचना तंत्र को सुदृढ़ कर विधि-व्यवस्था संधारण को सफल बनाने का निदेश दिया गया है। थानाध्यक्ष अपने-अपने इलाके में विधि-व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी हैं। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि दुगापूर्जा शांति एवं सौहार्द्र का पर्व है। इससे आपसी भाईचारा का मार्ग प्रशस्त होता है।

डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को तन्मयता से कर्तव्य-निर्वहन करने का निदेश दिया है।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना

खुली ई–निविदा सूचना सं0 – 14सोनपुर2023–24

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 13.11.2023 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।

कार्य का नाम मद सं0 सहित : 1. बरौनी –कटिहार अनुभाग में टीबीआर (टर्नआउट) – 151 सेट और बरौनी – राजेन्द्रपुल – टीबीआर (टर्नआउट) – 21 सेट का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 2,72,53,978.88, **अग्रधन राशि (रू. में) :** 2,86,300/–

कार्य का नाम मद सं0 सहित : 2. (i) बछवारा – समस्तीपुर (छोड़) – मुजफ्फरपुर – हाजीपुर (छोड़) अनुभाग में वरि0 मंडल इंजीनियर (तृतीय) के अधिकार क्षेत्र के अंर्तगत बीसीएम के साथ 1:8.5 (38 सेट) एवं 1:12 (128 सेट) प्वांइट एवं क्रासिंग की बैलास्टिंग का कार्य। (ii) समस्तीपुर (छोड़) – मुजफ्फरपुर खंड के बीच में वरि0 मंडल इंजीनियर (तृतीय) के अधिकार क्षेत्र के तहत लूप एवं यार्ड में, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 3,06,60,433.18, **अग्रधन राशि (रू.में):** 3,03,300/–

कार्य का नाम मद सं0 सहित : 3. सोनपुर – नयागॉव के पास बेला फैक्ट्री लाइन में एक समपार का प्रावधान, निमार्ण और रखरखाव का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 40,00,438.90, **अग्रधन राशि (रू.में):** 80,000/–

कार्य का नाम मद सं0 सहित : 4. सोनपुर – छपरा कचहरी अनुभाग के बीच एलएचएस सं0 24 एवं 25 पर कवर शेड, हौज एवं ना

संक्षिप्त खबरें

अपराध की योजना बना रहे 6 अपराधी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने काजी मोहम्मदपुर एवं सदर थाना क्षेत्र से आधा दर्जन अपराधी को हथियार एवं मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। काजीमोहम्मदपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि नया टोला स्मृति भवन स्थित निमार्णाधीन अपार्टमेंट में कुछ युवक एक बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। थानेदार मनोज शाह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर मौके पर छापेमारी की गई जिसमें से तीन अपराधी को दबोच लिया गया। तीनों की पहचान नया टोला के प्रत्यूष, सत्यम सिंह और रितिक कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से एक लोडेड पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस की पूछताछ में इन तीनों ने बताया कि अपनी जरूर पूरा करने के लिए ये लोग राहगीरों के साथ लूटपाट करते हैं। वही हथियार से लैस होकर चरस की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के तीन शातिरों को सदर थाने की पुलिस में गिरफ्तार किया है। थानेदार कुंदन कुमार को सूचना मिली कि मझौलिया कब्रिस्तान के पास कुछ अपराधी इकट्ठा होकर चरस की खरीद बिक्री कर रहे हैं। पुलिस ने छापेमारी कर तीन युवक को दबोच लिया। पकड़े गए अपराधियों की पहचान सदर थाना इलाके के मझौलिया के निवासी मो. मोजाहिद आलम, मो. अरमान, और मो. मोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक देशी पिस्तौल, जिंदा गोली, भारी मात्रा में चरस और नगद बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि इन लोगों की गिरफ्तारी से अपराध में कमी आएगी। उन्होंने बताया की इन लोगों के द्वारा शहर में लूटपाट की घटना को भी अंजाम दिया जाता था। गिरोह के अन्य शातिरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

पिता-पुत्र का हत्यारोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने बाप-बेटे की हत्या का कुख्यात वांछित मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार मोहम्मद रेहान नगर अनुमंडल का टॉप 10 वांछित अपराधी बताया गया है। एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि दिनांक 28.07.2023 अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शहबाजपुर निवासी वादी मौला ठाकुर के बड़े पुत्र राहुल कुमार को अपराधकर्मियों के पिता द्वारा गोली मारकर जख्मी कर दिया गया, इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। घटना के संदर्भ में वादी भोला ठाकुर के फर्दब्यान पर अहियापुर थाना कांड सं0 946 / 23 दिनांक 29.07.2023 दर्ज की गई। वादी भोला ठाकुर द्वारा आपसी वर्चस्व को लेकर मो0 रेहान समेत 02 अन्य को नामजद किया गया। इसके बाद 17 अक्टूबर को शहबाजपुर निवासी भोला ठाकुर को दुकान से वापस आने के क्रम में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के संदर्भ में वादिनी अनिता देवी के फर्दब्यान पर अहियापुर थाना कांड सं0 1365 / 23 दिनांक 18.10.2023 दर्ज की गई। घटना के संदर्भ में वादिनी अनिता देवी द्वारा मो0 रेहान समेत 05 अन्य को नामजद किया गया। कांड के सफल उदभेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, नगर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बाप-बेटे की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता कुख्यात वांछित अपराधकर्मी मो0 रेहान पिता मुतुर्जा ग्राम मुरादपुर थाना-अहियापुर, को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में संलिप्त 03 अन्य अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं श्री बाबू : सुरेश शमा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्वाधीन भारत के अमर सेनानी आधुनिक बिहार के शिल्पकार बिहार केसरी डॉ श्रीकृष्ण सिंह एक ही साथ प्रखर राष्ट्रवादी, राजनेता, शिक्षाविद, कुशल प्रशासक के रूप में सदियों तक याद किए जाएंगे। ये बातें शुक्रवार को अटल सभागार में आयोजित श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व नगर विकास मंत्री एवं बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश कुमार शर्मा ने कही। वे 21 अक्टूबर बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह जयंती के पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि रचनात्मकता में विश्वास करने वाले (बिहार के प्रथम प्रधानमंत्री (बाद में मुख्यमंत्री) श्रीबाबू की ही देन है कि बिहार में आजाद भारत का पहला रिफाइनरी बरौनी ऑयल, आजाद भारत का पहला खाद कारखाना सिंदरी व बरौनी रासायनिक खाद कारखाना, एशिया का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग कारखाना भारी उद्योग निगम हटिया (एच ई सी), देश का सबसे बड़ा स्टील प्लांट सेल (बोकारो), बरौनी डेयरी, एशिया का सबसे बड़ा रेल यार्ड गढ़हरा, आजादी के बाद गंगोत्री से गंगासागर के बीच प्रथम रेल सह सड़क पुल मोकामा का राजेंद्र पुल, कोशी प्रोजेक्ट, पूसा एग्रीकल्चर कॉलेज , भागलपुर व रांची विश्विद्यालय सहित अनेकों निर्माण के कार्य हुए। उनके शासनकाल में बिहार को देश का सबसे बेहतर शासित राज्य माना जाता था।बिहार देश की दूसरी अर्थव्यवस्था था। श्री शर्मा ने कहा कि दलितों को सबसे पहले देवघर मंदिर में प्रवेश दिलाने वाले श्रीबाबू ही हैं, जमींदारी प्रथा को समाप्त करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है और इस पुनीत कार्य को करने का श्रेय भी श्रीबाबू को ही जाता है। श्रीकृष्ण सिंह जब भी विधानसभा चुनाव में उतरते तो वह अपने क्षेत्र में प्रचार करने नहीं जाते थे। वे कहते थे कि अगर वे सच्चे समाज सेवक हैं तो जनता उन्हें खुद ब खुद वोट देगी।क्योंकि जनप्रतिनिधि को पांच साल तक काम करने का मौका मिलता है।ऐसे में अगर वे सही से अपने ड्यूटी का निर्वाह करेंगे तो उन्हें प्रचार करने की क्या जरूरत है। वर्तमान राजनीतिज्ञों द्वारा श्रीबाबू के समग्र कार्यों के समानांतर में खड़ा होना तो दूर उनके द्वारा किए गए कार्यों के मूल्यांकन के लिए समझ विकसित करने के लिए गहन अध्ययन की आवश्यकता होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आज की युवा पीढ़ी श्रीबाबू के जीवन से मार्गदर्शन प्राप्त कर बिहार और देश को विकसित और उन्नत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने का संकल्प लेगी। वरिष्ठ साहित्यकार डा संजय पंकज ने कहा कि डा श्रीकृष्ण सिंह राजनीति में विकास और विद्वता के जिस ऊंचाई पर जाकर ठहरे आज तक किसी नेता में उन तक पहुंचने की एकांश क्षमता नहीं हो सकी, यह बिहार की राजनीति के लिए चिंताजनक बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामकिशोर सिंह एवं संचालन युवा संस्कृतिकर्मी बिहार भक्ति आंदोलन के संयोजक सोनू सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मनोरंजन शाही ने किया। समारोह को कुढ़नी के विधायक श्री केदार गुप्ता, उप मेयर श्रीमती मोनालिसा, पूर्व विधान पार्षद श्री नरेंद्र प्रसाद सिंह, बोचहां की पूर्व विधायक श्रीमती बेबी कुमारी, डा तारण राय, डा संजय पंकज, पारू व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री शंभू प्रसाद सिंह, लोजपा नेता पूर्व जिला पार्षद श्री शशि कुमार सिंह, भाजपा नेता श्री हरिमोहन चौधरी, स्वामी सहजानंद किसान संगठन के श्री शंभू प्रसाद सिंह, अमर बाबू, अरुण कुमार सिंह, सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर नंदकिशोर निराला, भाजपा पश्चिमी नगर मंडल अध्यक्ष श्री अमित रंजन, पताही मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता, विश्वविद्यालय मंडल अध्यक्ष श्री राजन भारद्वाज प्रो सत्येंद्र कुमार सिंह (टुनटुन जी), पी एन सिंह आजाद, जलेश्वर सहनी, साहू भूपाल भारती, अजीत पांडेय सहित सकड़ों गणमान्य उपस्थित थे।

पीसी हाई स्कूल पटसा के तीन शिक्षक बीपीएससी परीक्षा में हुए सफल

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर पीसी हाई स्कूल पटसा के तीन शिक्षकों का चयन बिहार सरकार द्वारा आयोजित बीपीएससी परीक्षा में किया हुआ। रिजल्ट प्रकाशित होने के बाद विद्यालय में खुशी की लहर छा गई। ज्ञात हो कि पिछले दिनों आयोजित बीपीएससी परीक्षा में विगत वर्षों से कार्यरत हिंदी की शिक्षिका प्रियंका कुमारी, समाजशास्त्र के गौतम कुमार तथा अंग्रेजी विषय की शिक्षिका अभिलाषा कुमारी का चयन किया गया। चयन होने पर इन लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गई। कठिन मेहनत और अनुशासन को इन्होंने अपनी सफलता का राज बताया। विद्यालय में भी इनकी कार्य शैली सदा सराहनीय रही। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राम किशोर राय के द्वारा सभी सफलतम शिक्षक को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा ये सभी शिक्षक शुरू से ही अनुशासित तथा मेहनती थे जिन्होंने अच्छी मेहनत कर सफलता प्राप्त की। प्रचार संजीत कुमार सिंह, उदय चंद्र मिश्रा चंद्रशेखर झा, रामानंद मिश्रा, चेरिल, सुधीर कुमार राय योगानंद मिश्रा रणधीर कुमार मिश्रा ललन कुमार झा सहित सभी शिक्षकों ने इन्हें बधाई दी।

मेन्टिनेन्स की टीम ने यूनाइटेड सर्विसेस को किया पराजित

बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप स्टेडियम में अंतर्विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। 19 दिवसीय अंतरविभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरूवार की शाम मेन्टिनेन्स और यूनाइटेड सर्विसेस के बीच खेला गया। जिसमें मेन्टिनेन्स अंतरविभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम बनी। निर्धारित समय तक दोनों टीम 1-1 गोल की बराबरी पर रही। पेनाल्टी शूट आउट में मेन्टिनेन्स की टीम 3-1 से विजयी रही। यूनाइटेड सर्विसेस के कुंतल बनर्जी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि यूनाइटेड सर्विसेस के ही आकाश प्रतियोगिता के टाप गोल स्कोरर रहे। वहीं मेन्टिनेन्स के अजीत जोजो को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया। विजेता व उपविजेता टीम को कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख आरके झा, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) सत्य प्रकाश, ऑफिसर एसोसिएशन के सीईसी पीयूष राय व बीटीएमयू के अतिरिक्त महासचिव संजीव कुमार ने ट्रॉफी प्रदान किया।

ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में बरौनी रिफाइनरी की आठ टीम - यूनाइटेड सर्विसेस, मेन्टिनेन्स, इलेक्ट्रिल, प्रोडक्शन यूनाइटेड, प्रोडक्शन गोल्ड, प्रोडक्शन ब्लु, गुणवत्ता नियंत्रण व टीपीएस टीम ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता 01 अक्टूबर से आरम्भ हुई थी। इस प्रतियोगिता में कुल 15 मैच खेले गये। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख आरके झा ने कहा कि खेल हमें अनुशासित जीवन जीने की शिक्षा देता है। खेल, टीम भावना के विचार को संगठित करता है। अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने से ही सफलता हासिल होती है। बरौनी रिफाइनरी जिले में खेल, विकास एवं प्रतिभा संवर्धन हेतु कृतसंकल्प है। खेल, स्वास्थ्य जीवन के बेहद आवश्यक है। खेल में अपनी गलतियों से सीखने वाला ही बड़ा खिलाडी बनता है। उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन हेतु आयोजन समिति की प्रशंसा की।पुरस्कार वितरण समारोह में कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) सत्य प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई) एसजी वेंकटेश, महाप्रबंधक (सतर्कता) एन राजेश, महाप्रबंधक (ईएमएस, एमएस, एल एवं डी) डॉ. पीके नाथ, उपमहाप्रबंधक (ईएमएस) आशीष आनन्द, मुख्य प्रबंधक (ईएमएस व सीएसआर) नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (ईएमएस) अंकिता श्रीवास्तव, बी टीएमयू के कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश रंजन, कल्याण केन्द्र सचिव भोगेंद्र कुमार कमल समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मैच में रेफरी की भूमिका चिरंजीवी ठाकुर, संजीव कुमार, अनुराग कुमार, रौशन कुमार तथा अमन कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में रेखा कुमारी तथा चिक्कु कुमार थे। मैच का आंखो देखाहाल विनोद साह, वागीश आनंद व संतोष कुमार साह ने सुनाया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन वागीश आनंद ने किया। इसकी जानकारी रवि भूषण कुमार वरिष्ठ प्रबन्धक (कॉपोरेट संचार) बरौनी रिफाइनरी ने दी।

होमगार्ड जवान की डीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समाहरणालय गेट पर सुरक्षा गार्ड में प्रतिनियुक्त होमगार्ड जवान राज कुमार सिंह का शव शुक्रवार को होमगार्ड कार्यालय में पहुंचने पर गृह रक्षक दलों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें नम आंखों से सलामी दी। बताया गया कि होमगार्ड जवान राज कुमार सिंह की तबियत ड्यूटी के दौरान ही बीते 10 अक्टूबर को काफी खराब हो गई थी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें डीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। डीएमसीएच में इलाज के दौरान ही 19 अक्टूबर की रात उनका निधन हो गया था। होमगार्ड कार्यालय में विभाग से स्वीकृति राशि सात हजार रुपए उनके पुत्र गुलशन कुमार को दिया गया और वहीं गृह रक्षा वाहिनी संघ से निर्धारित राशि तीन हजार रुपए दाह संस्कार के लिए मृतक के आश्रित को दिया गया। मौके पर विभागीय कार्यालय कर्मी राम वृक्ष राय, राजीव कुमार सिंह, रौशन कुमार, भूपति यादव, केशव कुमार, राम उदगार सिंह, चंदन कुमार पांडे, राम इकबाल ठाकुर, रामा शंकर सिंह, कैलाश कुमार झा, कामेश्वर राय, राम प्रीत राय, राम वरण अकेला आदि मौजूद थे।

आरपीएफ ने ई-टिकट कालाबाजारी करने के आरोप में दो को किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में ई-टिकट व कंप्यूटर जब्त

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आरपीएफ और सीआईबी टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को अंगरघाट थाना पुलिस के सहयोग से चैता काली स्थान स्थित अभिनंदन कंप्यूटर क्लासेस नामक दुकान और पटेल बुक सेंटर नामक दूकान में छापेमारी कर अवैध रूप से चल रहे ई-टिकटों के व्यापार करने के आरोप में दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अंगारघाट थाना क्षेत्र के चैता के बैधनाथ कुमार राय और रौशन पटेल के रूप में हुई है। उनके पास 15 हजार रुपए मूल्य 21 ई-टिकट, दो कंप्यूटर सेट, तीन मोबाइल, दो प्रिंटर और नगद दो हजार 600 रुपए बरामद किया गया। जिसे जब्त कर लिया गया। बताया गया कि इस अभियान में आरपीएफ के एसआई पीके चौधरी, एसआई संतोष सिंह, एसआई विवेक, एसआई अशोक यादव, राजेश कुमार सिंह, संगीत राजू, कन्हया कुमार, सीआईबी के एसआई रामनाथ, एएसआई आकाश रंजन कुमार, शामिल थे। बताया गया कि पर्व के दौरान ट्रेनों में टिकटों की कालाबाजारी को रोकने को लेकर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान पूर्व मध्य रेल में चलाया जा रहा है।

सड़क निर्माण को लेकर पूर्व मंत्री के नेतृत्व में डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कांटी क्षेत्र के नरसंडा चौक से पकड़ी जाने वाली जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कराने की मांग को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री अजीत कुमार के नेतृत्व में जिला अधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर उक्त साढे चार किलोमीटर जर्जर सड़क का जनहित में शीघ्र निर्माण कराने की मांग की। डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा उक्त सड़क का बीते 12 वर्षों में एक बार भी मरम्मत नहीं कराए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए रोष प्रकट किया गया। जिलाधिकारी से मिलने गए ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क पिछड़े व दलित बाहुल्य इलाके का है, इसीलिए सत्ता और शासन द्वारा इस सड़क की उपेक्षा की गई है। जबकि इस सड़क से इस इलाके का सात गांव का लगभग चालीस हजार का आबादी सीधा जुड़ा हुआ है। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता पूर्वक सुना, वहीं उन्होंने उक्त साढे चार किलोमीटर सड़क का सरकार से स्वीकृति ले कर शीघ्र निर्माण करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में श्री कुमार के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता बैजू सहनी, अजय कुमार चौरसिया, संजीव कुमार शाह, श्री राम साह, शिवनाथ चौरसिया, बेबी कुमार आदि प्रमुख थे।

अर्जुन बने शाखा सचिव

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा बलहा का शाखा सम्मेलन नवल पासवान की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन बलहा में संपन्न हुई।

सर्वप्रथम दिवंगत पार्टी कार्यकर्ता को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात शाखा सचिव अर्जुन महतो के द्वारा कार्य रिपोर्ट पेश किया गया। खेत मजदूर नेता दहार पासवान, अंचल परिषद सदस्य रामचंद्र ठाकुर ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार को आरे हाथ लिया एवं केंद्र की सरकार को गरीब किसान मजदूर विरोधी बताते हुए आर्थिक नीति एवं कल्याणकारी नीतियों पर विफल बताया।

अंचल सचिव विनोद कुमार विनय ने आह्वान किया कि 2024 के चुनाव में जुमलेबाज सरकार को गद्दी से उतार कर ही दम लेंगे। साथ ही 2 नवंबर को पटना की रैली में बलहा से 100 कार्यकताओं को भाग लेने का आह्वान किया। वहीं सर्वसम्मति से अर्जुन महतो को शाखा सचिव एवं जागवली पासवान को सहायक शाखा सचिव चुना गया।

वीरू पासवान, भुवनेश्वर महतो, भोला पासवान को अंचल सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि के रूप में चुना गया।

बैंकर्स समिति की बैठक में केसीसी के लक्ष्य पर चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गायघाट प्रखंड मुख्यालय में कृषि एवं किसान कल्याण हेतु प्रखंड स्तरीय बैंकर्ष समिती की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से घर घर केसीसी अभियान को लेकर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ संजय कुमार राय ने की। कार्यक्रम में उपस्थित एलडीएम सतीश कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी बैंकों को टार्गेट दिया गया है। सभी बैंक अपने टार्गेट के अनुसार किसानों की केसीसी ऋण उपलब्ध कराएंगे। बताया की अधिकतर किसानों को इस योजना से संबधित जानकारी नहीं मिल पाता है। किसानों को जानकारी देने के लिए कृषि समन्वयक किसान सलाहकार के साथ ही बैंक कर्मी किसानों को जागरूक करेंगे। कहा की पशुपालन मत्स्यजीवी से जुडे किसान ऋण लेने चाहते हैं तो उन्हें पंद्रह दिन के अंदर ऋण उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही बैंक की सभी खाताधारियों को डिजिटल ग्राहक बनाने का लक्ष्य दिया गया है। और सभी पुराने खाताधारियों का एकाउंट का केवाईसी करवाना अनिवार्य किया गया है। वहीं बैंक फ्रोडिंग को रोकथाम के लिए सभी शाखा प्रबंधकों को विस्तार से जानकारी दी गई। डीडीएम नाबार्ड जूही प्रबासिन ने किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों को चिन्हित कर उन्हे केसीसी का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्र के सभी बैंकों के प्रबन्धक उपस्थित थे।

पुलिस ने 14 किलो गंजा किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थानाक्षेत्र के सुक्की गांव स्थित कोसी नहर के पास महेंद्र गोईत के बांसबाड़ी के बगल की एक झांड़ी में लावारिस अवस्था में एक गंजा की पैकेट मिला. जिसका वजन 14 किलों आंका गया. अवर थानाध्यक्ष रामकुमार के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में अज्ञात कारोबारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. दर्ज एफआईआर के अनुसार खजौली पुलिस को सुक्की गांव स्थित कोसी नहर के समीप एक झाड़ी में एक सीलपैक बोरी लावारिस अवस्था में होने की सूचना मिली. पुलिस ने सूचना पुष्टि को घटना स्थल पर पहुंचा तो उस पैकेट में गंजा होने की आशंका हुई. जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई. सूचना अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर दंडाधिकारी के रूप में कृषि समन्वयक विद्यासागर सिंह को प्रतिनियुक्त किया गया. दंडाधिकारी एवं ग्रामीणों के समक्ष पैकेट की तलाशी ली गई. जिसमें गंजा पाया गया। उसका वजन किया गया तो उसमें 14 किलो गंजा पाया गया. जिसका विधिवत जब्ती सूची तैयार किया गया. जांच के लिए उसमें से 50-50 ग्राम का तीन पैकेट तैयार कर शेष गांजा को पुनः सील कर सुरक्षित रख दिया गया. थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि अज्ञात कारोबारी पर एफआईआर हुई है. मामले की जांच की जा रही है. कारोबारी शीघ्र सलाखे की पीछे होगी।

अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के साथ 4अभियुक्त गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के साथ 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।यह जानकारी देते हुए एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनियारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत मथुरापुर पोखर के पास मोटरसाईकिल सवार दो अभियुक्त अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ क्रय-विक्रय करने वाले हैं।उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष गनियारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सोनु कुमार पिता अरविन्द राय ग्राम मेथुरापुर, मुकेश पिता राजेन्द्र शर्मा ग्राम-विशुनपुर गिद्धा, जगरनाथ दास उर्फ जगरनाथ राय, पिता स्व० मोहनराय, ग्राम- चकमेहसी तीनों थाना मनियारी, एवं रामअजी सिंह, पिता ब्रहमदेव सिंह, ग्राम- केरमा, थाना-कुढ़नी को रंगे हाथ अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक देशी पिस्टल , 2जिंदा कारतूस एवं करीब पौने तीन ग्राम गांजा बरामद हुआ है।इस संदर्भ में मनियारी थाना कांड स०-338 / 23 दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया गया है।

भगवान को पाने के लिए भक्ति आवश्यक है : विनी किशोरी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भगवान को पाने के लिए केवल कर्म और ज्ञान पर्याप्त नही है। भगवान को पाने के लिए भक्ति आवश्यक है। उक्त बातें उजियारपुर प्रखंड के रेवाड़ी खादी भंडार चौक पर नवरात्रा के अवसर पर आयोजित राम कथा के पांचवे दिन कथा वाचिका वैदेही विनी किशोरी ने कही। कथा की शुरूआत राम जन्म से करते हुए बताई की राम जी की माता खीर खा कर भगवान को जन्म दी थी। खीर में दूध, चावल और शक्कर मुख्य अवयव होते है। चावल को कर्म, दूध को ज्ञान और शक्कर को भक्ति बताते हुए कही भगवान का पाना है तो केवल कर्म और ज्ञान से काम नही चलेगा। भगवान को पाने के लिए भक्ति जरूरी है। कथा के माध्यम से भगवान के नामकरण, बाल लीलाओं का बखान करते हुए झांकियां प्रस्तुत की गई। भगवान की झांकियां देखकर व कथा और भजन सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी रणधीर कुमार मिश्रा उर्फ चुन्नू जी है। बता दें की यह राम कथा 15 अक्टूबर से शुरू हुई है जो 23 अक्टूबर तक चलेगी। 25 एवं 26 अक्टूबर को कव्वाली का कार्यक्रम तथा 27 अक्टूबर को नाइट शो एवं 28 एवं 29 अक्टूबर को विदेशिया नाच का प्रोग्राम होगा। मौके पर आचार्य पंडित प्रशांत कुमार झा, मुख्य पुजारी अशोक कुमार पाण्डेय, रघुवीर मिश्रा, सतीश सिन्हा, पूजा कमेटी के अध्यक्ष उमाशंकर पांडे उर्फ गुड्डू जी, सचिव राकेश कुमार सिंह उर्फ मन्टून, सदस्य सुजीत कुमार पांडेय, मनोज कुमार सिंह उर्फ.मन्नू सिंह, चंदन यादव, मदन कुमार पांडेय, रविशंकर पांडेय, चंदन पांडेय, नीरज कुमार पांडेय, राजीव पांडेय, मुन्नू पांडेय, मनीष मिश्रा, बलराम पांडेय, भोला रजक, सोनू कुमार ठाकुर, संजीत कुमार राय, टीप्पु पांडेय, युवराज, अमित कुमार राम, सुजीत ठाकुर सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

लोक गायिका दीक्षा झा नें मैथिली भगवती गीत गायन कर दर्शकों का मन मोहा

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा मैथिली लोक गायिका उग्रतारा महोत्सव में बेहतरीन प्रदर्शन किया।इस अवसर पर मैथिली भगवती गीत नवका लहठी ल हम करब श्रृंगार हे जगजननी तारा गाकर दर्शको का मन मोह लिया।ज्ञात हो कि दीक्षा झा कोसी सहित बिहार के कई महोत्सव एवं मंच पर गायन कर वाहवाही बटोर चुकी है।पहली बार दीक्षा ने विद्यापति पर्व समारोह लक्ष्मीनिया में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों एवं आगंतुक अतिथियों का दिल जीत कर काफी वाहवाही बटोरी, तत्पश्चात कई महोत्सव जैसे मिथिला संस्कृति महोत्सव, दरभंगा महोत्सव, मटेश्वर महोत्सव, उग्रतारा महोत्सव, युवा रंग महोत्सव पूर्णिया, बाणेश्वरी महोत्सव,लक्ष्मीनाथ समारोह बनगांव, काली पूजा महोत्सव चैनपुर, हेल्पिंग बिहार फाऊंडेशन एवं अन्य कई महोत्सव एवं क्षेत्रीय कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देकर कोशी क्षेत्र सहित संपूर्ण जिले को गौरवान्वित करने का काम की है।इस मौके पर एडीएम सुरभि कुमारी, ज्योति कुमार एवं कार्यक्रम संयोजक केशव चौधरी नें सराहना करते हुए उन्हे प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

पूजा समितियां को बुधवार तक मूर्ति विसर्जन का एसडीओ ने दिया निर्देश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन मनचलों पर विशेष रखेगी। पूजा के दौरान किसी भी तरह की समस्या से निपटने को लेकर शुक्रवार को मुफ्फसिल थाना परिसर में एसडीओ दिलीप कुमार एवं प्रशिक्षु डीएसपी स्वाति कृष्णा की अध्यक्षता में क्षेत्र के सभी पूजा समितियों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि व अन्य लोग के साथ शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में दुर्गा पूजा व विसर्जन के दौरान होने वाली संभावित समस्या को लेकर पूजा समितियों से उनके सुझाव मांगे गए। एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया कि सुरक्षा, व्यवस्था, ट्रैफिक और विसर्जन आदि के बिंदुओं पर पूजा समितियों को निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि पूजा के दौरान मनचलों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। मौके रामाधार सिंह, मुरारी ठाकुर, मुकेश कुमार, शिव सागर महतो, अनिल कुमार, राजेश महतो, प्रेम लाल राय, संजय कुमार शर्मा, पिंकी कुमारी, अनिल कुमार गुप्ता, देवव्रत मिश्रा, पांडव राय, महादेव चौधरी, बिपिन यादव, सुरेंद्र कुमार कुंवर, सत्य नारायण शर्मा, एवं रंजीत कुमार सिंह समेत दर्जनों पूजा समितियों के अध्यक्ष व पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार एवं नगर निगम के सिटी मैनेजर शफी अहमद, एसआई आनंद कश्यप, एएसआई मुकेश कुमार राय आदि पदाधिकारी मौजूद थे। मौके पर सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने पूजा समितियों के संयोजकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि मूर्तियों का विसर्जन हर हाल में बुधवार तक कर लिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन में के दौरान डीजे का प्रयोग नही किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

ट्रेन से कटकर किराना व्यवसायी की मौत

एकमा ।पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा सिवान रेल खंड के एकमा स्टेशन व पश्चिमी डाला के बीचो-बीच बीती रात्रि के समय करीब 1:30 बजे अप रेल लाइन पर एक व्यक्ति की गिरे होने की सूचना स्टेशन मास्टर को मिली तो स्टेशन मास्टर ने स्टेशन पर स्थापित जीआरपी पुलिस के एस आई रंजय सिंह एवं आरपीएफ के जवान हेमंत कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो एक व्यक्ति मृत पड़ा हुआ था ।जहां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर स्टेशन पर लाई जब सुबह हुआ तो यह बात पूरे बाजार में फैल गई जानने पहचाने के लिए लोगों के भीड़ लग गई तब मृतक का पहचान एकमा नगर पंचायत के वार्ड संख्या चार के राहुल नगर निवासी किराना व्यवसाई 70 वर्षीय गजानंद प्रसाद के रूप में हुई है ।इसकी खबर परिजनों को दिया गया जहां परिजनों व पुलिस दोनों मिलकर शव को पोस्टमार्टम कराने के पश्चात अंतिम दाह संस्कार के लिए शव को सौंप दिया ।इस घटना को लेकर लोगों में विभिन्न प्रकार कि चर्चा हो रही है।

दो बाइक की टक्कर मे एक की मौत दूसरा गंभीर,रेफर

बनियापुर (सारण) एन एच 331 पर पंचमुहहला गाव के समीप दो बाईक की आमने सामने हुई भिड़ंत मे एक व्यक्ति की मौत हो गयी वही दूसरा बाईक चालक की हालत गंभीर बताई गयी है ।जिसकी इलाज सदर आसपाल मे कराई जा रही है ।घटना में मृत की पहचान पचमहल्ला 52 वर्षीय सत्येंद्र सिंह के रूप मे की गयी है, शव को पुलिस नें कब्जे मे ले पोस्टमाटम के लिए छपरा भेज दिया,घटना के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया है। घटना के संबंध मे बताया कि सत्येंद्र सिंह घर से सहजितपुर बाईक से बजार कर घर वापस लौट रहे थे तभी बनियापुर की तरफ से मनोपाली गाव निवासी आदित्य कांत सिंह की तेज रफ्तार बाईक बाइक से जोरदार टककर हो गयी,जिसके बाद दोनो सड़क पर गिर गए, गमीर हालत मे दोनो को आसपास के लोगो ने रेफरल अस्पताल पहुंचाया ,जहा चिकत्स्कों ने सत्येंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया वही आदित्य कांत सिंह को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया ।घटना से परिजनों सहित गाव मे मातम छा गया है।

हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

परसा। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परसा बाजार कार्यालय के समीप गत दिन युवक की हत्या मामल में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया ।हत्या को लेकर मृतक के पिता पुकार राय ने थाना में पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया ।जिसमें थाना क्षेत्र के खोजौली गाँव निवासी जीवन मांझी का पुत्र शम्भू मांझी उर्फ रावण तथा परसा थाना क्षेत्र के परसा मथुरा गावं निवासी भैसागर साह का पुत्र राजेश साह के साथ तीन अन्य को नामजद किया गया है ।प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या में संलिप्त दो अपराधियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया ।गिरफ्तारी में डेरनी थाना क्षेत्र के खोजौली गाँव निवासी जीवन मांझी का पुत्र शम्भू मांझी उर्फ रावण तथा परसा थाना क्षेत्र के परसा मथुरा गावं निवासी भैसागर साह का पुत्र राजेश साह शामिल है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना के उपरांत सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रावण को मृतक युवक के साथ देखा गया था ।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रावण के घर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया ।वही दूसरा अभियुक्त को परसा से गिरफ्तार किया गया ।थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य तीन नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी किया जा रहा है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रावण मांझी से पूछ ताछ के दौरान बताया कि मृतक युवक शराब के मामले में जेल गया था ।वही मुख्य अभियुक्त रावण मांझी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल गया था ।जेल में एक दूसरे को गिरफ्तार कराने को लेकर विवाद हुआ था।

पानापुर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

पानापुर(सारण)थाना क्षेत्र के पिपरा सिंगाही विद्यालय के पास पुलिस ने एक चारपहिया वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया है ।बताया जाता है कि गुरुवार की रात शराब धंधेबाज एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में छुपाकर 21 कार्टून अंग्रेजी शराब ले जा रहे थे ।इसी दौरान पिपरा सिंगाही विद्यालय के समीप उनकी गाड़ी दुर्घनाग्रस्त हो गयी ।इस बीच पुलिसिया कार्रवाई की आशंका के डर से धंधेबाज गाड़ी छोड़कर फरार हो गए ।सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुँची एवं गाड़ी को जब्त कर थाने लायी ।थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि गाड़ी में 21 कार्टून में लगभग 181 लीटर अंग्रेजी शराब था जिसे जब्त किया गया ।उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम व एसपी

सूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखें, संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कतामूलक कार्रवाई करें

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला दण्डाधिकारी अमन समीर के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में दशहरा / विजय दशमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी को दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण वातावरणः में संपन्न कराने हेतु कई आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला, अपर समाहर्ता सारण, जिलास्तरीय पदाधिकारीगण एवं विभिन्न विभाग के अभियंतागण सभागार में उपस्थित थे जबकि सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉफेसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

जिला दण्डाधिकारी के द्वारा बताया गया कि दुर्गा पूजा के अवसर विधि-व्यवस्था संधारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। बताया गया कि सभी थानाक्षेत्रों में नियमित रूप से गश्ती करने हेतु वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है जो अपने-अपने क्षेत्रों में अनुमंडल स्तर पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी की उपस्थिति की जाँच भी करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र अंतर्गत गश्ती करना सुनिश्चित करेंगे। निर्देशित किया गया कि पदाधिकारीगण आसूचना तंत्र को सुदृढ एवं सक्रिय रखें तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कतामूलक कार्रवाई करेंगे।

जिला दण्डाधिकारी के द्वारा बताया गया कि नवरात्रा के क्रम में दिनांक 21, 22, 23 एवं 24 अक्टूबर को क्रमशः सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी तथा विजयादशमी मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न देवालयों तथा सार्वजनिक दुर्गा पूजन स्थलों पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होने की संभावना है। विधि-व्यवस्था संधारण, यातायात प्रबंधन, शांति-व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन हेतु प्रशासनिक सतर्कता, यथोचित निगरानी तथा सुरक्षामूलक कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। जिला दंडाधिकारी महोदय ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को क्रियाशील रखें तथा अफवाहों का त्वरित खंडन करें।

जिला दण्डाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडलवार तैयारियों की समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को पूजा समितियों के साथ शांति समिति की बैठक हर हाल में कर लेने का निर्देश दिया गया। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक एवं दण्डात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पंडाल का निर्माण तथा प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित मानकों का अनुपालन अनिवार्य बताया गया। कोई भी पंडाल बिना सक्षम स्वीकृति प्राप्त किये नही बनाये जायेंगे। सभी पूजा स्थलों पर स्थापित की जाने वाली प्रतिमाओं को शत-प्रतिशत लाइसेंसी होना आवश्यक होगा। पंडालों एवं जुलूस में डी.जे. बजाने की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक पंडाल में प्रवेश एवं निकास द्वारा अलग-अलग होगा एवं पंडाल में किसी तरह का सीढ़ी का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। पंडाल के नजदीक पेयजल, पार्किंग एवं शौचालय की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाने को कहा गया।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूजा आयोजन हेतु अनुज्ञप्ति में अंकित जुलूस मार्ग का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे। कोई भी विसर्जन, जुलूस बिना स्कार्ट के नहीं रहेगा। स्कार्ट की यह व्यवस्था विसर्जन एवं जुलूस की वापसी तक करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भीड़-प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए हम सबको तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहना होगा। कोई भी पंडाल रात्रि में सुरक्षाविहीन नहीं रहेगा। यह संबंधित थानाध्यक्ष की व्यक्तिगत जवाबदेही होगी और वे पंडाल एवं प्रतिमा की सुरक्षा हेतु पूजा समितियों से समन्वय स्थापित कर समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला दंडाधिकारी ने कहा कि आयोजकों के साथ बैठक में पूजा पंडालों में चिन्हित स्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरों अस्थायी रूप से लगवाने की बात कही गयी। ताकि भीड़ की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके। किसी भी प्रकार के अफवाह से बचने तथा सोशल मीडिया पर भी अफवाहों से बचने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही माईकिंग भी कराने हेतु निर्देशित किया गया। अफवाह फैलाने चाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अतर्गत नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। विसर्जन के दिन नदी में बिना अनुमति के नाव परिचालन पर रोक रहेगी। प्रतिमाओं का विसर्जन तालाबों, पोखरों में अपरिहार्य हो, वैसी स्थिति में विसर्जन स्थल की पहचान कर पूर्ण सुरक्षा उपायों के साथ इसकी व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक नगर निकाय में विसर्जन हेतु तालाब पोखरों को चिन्हित कर साफ-सफाई एवं बैरिकेडिंग का कार्य पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला दण्डाधिकारी के द्वारा लोगों को नदी की जगह स्थानीय तालाब एवं कृत्रिम तालाब में प्रतिमा विसर्जन करने का अनुरोध भी किया गया।

पूर्व मुखिया विजय कुमार विधार्थी बने 20 सूत्री स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर(सारण)प्रखंड के अमनौर हरनारायण पंचायत के राजद के जिला महासचिव विजय कुमार विधार्थी को 20 सूत्री जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य पद पर मनोनीत किया गया ।जिसमे प्रखंड के पंचायत वासियों ने दरवाजे पर पहुंच फूल माला पहनाकर उनको बधाई दिया ।वही विजय कुमार विधार्थी ने कहा कि मुझे सरकार के द्वारा बीस सूत्री जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य पद पर चुना गया ।इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,उपमुख्यमंत्री तेजस्वी कुमार और जिला राजद अध्यक्ष सुनील राय को ह्रदय से आभार धन्यवाद व्यक्त करता हूं ।इनलोगो के सहयोग से सम्मान का पद मिला है ।मैं ईमानदारी पूर्वक अपनी कार्यो का निर्वहन करूंगा ।सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाएं को गरीबों के लिए उनको दिलाने का प्रयास करूंगा ।सरकारी पदाधिकारियों से एक करी बनकर सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य करूंगा ।इस पद को पाकर बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा हू ।नवरात्र के पावन पर्व में सभी जिला वासियों को बधाई दिया ।मौके पर बधाई देने वाले में पूर्व मुखिया अमृता देवी,संतोष सिंह,अर्जुन राम,अशोक कुमार कुशवाहा, लालबाबू राय,पवन शुक्ला, सुभाष गिरी,बीरेंद्र राय,संजय राय,चंद्रिका साह,मथुरा साह,जंगबहादुर साह, कन्हैया प्रसाद कुशवाहा,रवि कुमार,संजय राय,अनिल महतो,लालती देवी, भगमानी देवी,सुशीला देवी,राजकली देवी,सुनैना देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

सॉफ्टशेल कछुओं के 319 टुकड़े को जब्त दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ छपरा और सारण वन प्रमंडल ने सॉफ्टशेल कछुओं के 319 टुकड़े को छपरा स्टेशन में जब्त किया है। सारण वन प्रमंडल द्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बांके पासवान, रेंज ऑफिसर, छपरा के मार्गदर्शन में मनीष कुमार और चंद्रमणि वनरक्षी द्वारा जब्ती की गई ।वन प्रमंडल पदाधिकारी सारण, रामसुंदर ने कहा कि कछुए भारतीय नरम शैल कछुए की किस्म के थे, जिन्हें कानून के तहत अनुसूची कजानवर के रूप में वर्गीकृत किया गया है जो प्रजातियों के शिकार और कब्जे पर रोक लगाता है। बताया गया कि आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वे मांस के लिए कछुए के टुकड़े ले जा रहे थे। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत यह एक गैर जमानती अपराध है जिसमें जुमार्ने के साथ 3 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। कुछ लोग कछुओं को पालतू जानवर के रूप में भी घर में पालते हैं जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत निषिद्ध है।

सांसद के प्रयास से लगभग 24 करोड़ की 11 किमी दरिहारा कपड़ा फोरवा रोड को मिली स्वीकृति, लोगों मे उत्साह का माहौल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। दरियापुर प्रखंड के दरिहरा भुवाल ढाला से कपड़ा फोरवा होते हुए दरियापुर परिक्षण चौक तक रोड 11 किमी लम्बा और 7 मीटर चौरी करण की स्वीकृति मिलने पर दरिहारा भुवाल ढाला पर ग्रामीणों ने प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और क्षेत्रीय प्रभारी अनिल सिंह को अंग वस्त्र और फूल माला से जोरदार स्वागत भाजपा नेता प्रिंस सिंह विकास की अध्यक्षता मे किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राजेश सिंह अजीत सिंह समिति जीतेन्द्र महतो समिति मिथुन साह चंदन सिंह भाजपा नेता अरुण सिंह रामयण सिंह गोरख सिंह प्रमोद सिंह टोनू सिंह दिनेश सिंह शिवकुमार सिंह सनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे ज्ञात हो कि ग्रामीण और बुजुर्गो ने सांसद राजीव प्रताप रूडी से मिलकर कुछ दिन पहले रोड टूटना शरू हो गया है ।जिसको बनाने के लिए आवेदन देकर पास करवाने कि बात कि थी जिसके बाद सांसद राजीव प्रताप रूडी ने इस विषय पर सज्ञान लेकर विभाग के अधिकारी से बात कर रोड का स्वीकृति देने की बात की थी जिसके बाद शुक्रवार को स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों मे खुशी का माहौल है और लोग इस कार्य के लिए सांसद रूडी को धन्यवाद दिया इस अवसर पर राकेश सिंह ने कहा की सांसद रूडी जी हमेशा अपने छेत्र के कार्य मे लगे रहते है चाहे वो रोड कि बात हो या बिजली कि बात हो हमेशा अधिकारी से बात कर जिला मे चल रहे कार्यो कि जानकारी लेते रहते है और अब वह दिन भी दूर नहीं है की परसा विधानसभा सहित उत्तरा खंड के लोगो को गैस पाइप लाइन से आपूर्ति शरू हो जाएगी और लोगो के घर अब गैस पाइप से पहुंचने लगे गा ज्ञात हो कि यह रोड बन जाने से ग्रामीणों को अब पटना जाना गरखा सीतलपुर मकेर जाने मे भी अब काफी सहूलियत होंगी और मार्ग सुलभ हो जाएगा।

काउट गाइड के छः दिवसीय प्रथम सोपान परीक्षण शिविर का हुआ समापन

छपरा। जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड सारण के निर्देश पर छः दिवसीय प्रथम सोपान परीक्षण शिविर का आयोजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में किया गया कजिसमें जिला मुख्य आयुक्त के द्वारा शिविर प्रधान के रूप में एडवांस स्काउट मास्टर अमन राज एवं गाइड में एडवांस गाइड कैप्टन सुश्री रितिका सिंह को नियुक्त किया गया था कवही शिविर सहायक में बेसिक स्काउट मास्टर प्रणव, चंदन कुमार और विकास कुमार को नियुक्त किया गया था कविद्यालय के 40 स्काउट और 30 गाइड ने शिविर में भाग लेकर प्राथमिक चिकित्सा, गाँठ विद्या, ध्वज शिष्टाचार, ड्रिल, सफाई, व्यायाम, सिटी संकेत, खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा और प्रथम सोपान परीक्षण शिविर के समापन समारोह में विधालय के निदेशक शशि शेखर ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों मे स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वावलंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता है कवही जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड के बच्चों में शारीरिक, मानसिक, और नैतिक विकास होता है।

संजीवनी संस्कार स्कूल में डांडिया नृत्य में छात्र छात्राओं ने बिखेरा जलवा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा शहर के श्यामचक आदर्श कॉलोनी स्थित संजीवनी संस्कार स्कूल में नवरात्रा के शुभ अवसर पर स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को डांडिया नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उदघाटन शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल कुमार, स्कूल प्राचार्य रणजीत भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का का शुरूआत मेरे तन मन धड़कन में सिया राम राम है मन मंदिर के दर्पण में सिया राम राम है गीत से हुआ। नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं ने राधा कृष्ण, मां दुर्गा के रुप धारण कर सभी के मन मोह रहे थे। और छात्र छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र छात्राओं के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षक सिक्षिकाएं भी डांडिया नृत्य कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर डा अनिल कुमार ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार डांडिया मां दुर्गा और महिषासुर के बीच हुए युद्ध को प्रदर्शित करता है। डांडिया में उपयोग होने वाली रंगीन डंडियां मां दुर्गा की तलवार मानी जाती है और इसलिए इसे तलवार नृत्य भी कहा जाता है। गरबा और डांडिया के जरिए भक्तजन मां दुर्गा को प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं, इस तरह के आयोजनों से छात्र छात्राओं के पढ़ाई के साथ-साथ एक मनोरंजन भी हो जाता है। इस मौके पर रंजीत भगत प्राचार्य ,रितु कुमारी ,ज्योति सिंह, ममता कुमारी, अंजलि पर्वत,कुमारी कल्पना,शिशीर श्रीवास्तव, जन्मेजय सिंह, संदीप शर्मा,सीमा मिश्रा,सुरभि कुमारी साबिया,पूजा कुमारी,कमलेश कुमार मौजुद थे।

जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर (सारण)प्रखंड के महम्मदपुर बाजार स्थित पंचायत सरकार भवन के प्रागंण में शुक्रवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ राकेश रौशन की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसंवाद कार्यक्रम प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे। उपस्थित ग्रामीणों को पदाधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, लोहिया स्वच्छ बिहार, सहकारिता कल्याण व कृषि विभाग से जुड़े योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथही योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त करे इस पूरी प्रक्रिया के बारे में उन्हें बताया गया। बीडीओ राकेश रौशन ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानने व सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं जानकारी देने का प्रभावी मंच है। इस कार्यक्रम से आम आदमी काफी लाभान्वित हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने कहा कि हमारी पुलिस आप सभी लोगों को सुरक्षा ब्यवस्था देने के लिए कृत संकलित है। किसी तरह की कानूनी मदद के लिए आप बेहिचक थाने में शिकायत करे त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रतीभा कुमारी, कृषि पदाधिकारी अजय झा, बीसीओ ब्रजमोहन पासवान सांख्यिकी पदाधिकारी धीरेंद्र प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुमार गौरव, हेल्थ मैनेजर परवेज रजा, मुखिया जलेश्वर मांझी, मुखिया प्रतिनिधि ललन महतो, मोहम्मद तैयब सहित कई पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

संघर्ष 2 के प्रोमोशन को लेकर छपरा पहुंचे खेसारी लाल यादव

अच्छी फिल्मों को करें प्रमोट , इससे ही आएगा बदलाव : खेसारीलाल यादव

छपरा कार्यालय।: भोजपुरी फिल्म जगत के हिट मशीन खेसारी लाल यादव, चर्चित निमार्ता रत्नाकर कुमार और निर्देशक पराग पाटिल, विनीत विशाल और अभिनेत्री मेघाश्री व माही श्रीवास्तव भोजपुरी फिल्म "संघर्ष 2" के प्रमोशन को लेकर शुक्रवार को छपरा के ज्योति सिनेमा हॉल पहुंचे। उनके साथ पीआरओ रंजन सिन्हा भी मौजूद रहे। ज्योति सिनेमा में मौजूद दर्शको ने कलाकारों का गर्मजोशी से स्वागत किया। खेसारी लाल यादव ने पत्रकारों से बातचीत कर भोजपुरी फिल्मों को प्रमोट करने की बात कही। मौके पर खेसारीलाल यादव ने कहा कि भोजपुरी फिल्मों की ओर आज दुनिया निगाहें लगा बैठी हैं, लेकिन फिल्म को उस हिसाब से अपने घर में कभी प्रमोट नहीं किया गया, जिस हिसाब से दूसरे प्रदेशों में अपनी भाषा की फिल्मों को किया जाता है। उन्होंने कहा कि फिल्म "संघर्ष 2" एक अच्छी फिल्म है। आप इसे देखें और फिर प्रतिक्रिया दें। उन्होंने कहा कि भोजपुरी हमारी अपनी भाषा है। अगर हम भाषा को ही प्रमोट करें, तो हम सभी कलाकारों का प्रमोशन हो जायेगा। क्योंकि इसी भाषा ने हमें आपके दिलों में जगह बनाने का मौका दिया है। हम सभी कलाकार इस भाषा से हैं और इस भाषा की फिल्मों को अपने घर में सम्मान मिले। इसके लिए रत्नाकर कुमार और पराग पाटिल जैसे फिल्मकार अनवरत लगे हैं। वहीं, रत्नाकर कुमार ने कहा कि फिल्म "संघर्ष 2" एक अच्छी कहानी वाली फिल्म है, जो समाज को दशार्ती है। इस फिल्म को सबों को देखना चाहिए। अभी तक जिन लोगों ने फिल्म देखी है , उन्हें ये पसंद आई है। हम लोग कमर्शियल फिल्म जरुर बनाते हैं, लेकिन उन फिल्मों में क्लास होता है। मेरे बैनर से बनी किसी भी फिल्म को देख लीजिये, उसमें गलत चीजें नहीं दिखने वाली है। "संघर्ष 2" को बेहद आधुनिक तकनीक से और बड़े स्तर पर बनाया गया है। यह फिल्म कहानी पटकथा स्क्रीनप्ले डायलॉग रोमांस म्यूजिक एक्शन से भरपूर है और एक कमर्शियल फिल्म की सारी जरूरतों को पूरा करती है। इसलिए हमारी फिल्म हर तरह के दर्शक वर्ग के लोगों को पसंद आने वाली है। आपको बता दें कि संघर्ष 2 शुक्रवार को पूरे भारत में एक साथ रिलीज हुई है। यह एक एक्शन पैक्ड सिनेमा है जिसकी प्रस्तुति जितेंद्र गुलाटी और वर्ल्ड वाइड चैनल कर रही है। फिल्म के निमार्ता रत्नाकर कुमार है जिनकी पहचान क्वालिटी बेस्ट फिल्म करने की रही है। को प्रोड्यूसर निवेदिता कुमार और कुलदीप श्रीवास्तव हैं। फिल्म के निर्देशक पराग पाटिल हैं। फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ मेघा श्री, माही श्रीवास्तव, कीर्ति यादव, सबा खान, वरण्या मल्होत्रा, सुशील सिंह, संजय पांडे, विनीत विशाल, अनूप अरोड़ा, विनोद मिश्रा, सामर्थ चतुवेर्दी, जे नीलम, रोहित सिंह मटरू, पप्पू यादव, सुबोध सेठ, मनीष चतुवेर्दी, वैभव राय, अक्की, संजीव मिश्रा, यादवेंद्र यादव, ओ पी कश्यप मुख्य भूमिका में है।

जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर (सारण)प्रखंड के महम्मदपुर बाजार स्थित पंचायत सरकार भवन के प्रागंण में शुक्रवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ राकेश रौशन की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसंवाद कार्यक्रम प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे। उपस्थित ग्रामीणों को पदाधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, लोहिया स्वच्छ बिहार, सहकारिता कल्याण व कृषि विभाग से जुड़े योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथही योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त करे इस पूरी प्रक्रिया के बारे में उन्हें बताया गया। बीडीओ राकेश रौशन ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानने व सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं जानकारी देने का प्रभावी मंच है।

इस कार्यक्रम से आम आदमी काफी लाभान्वित हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने कहा कि हमारी पुलिस आप सभी लोगों को सुरक्षा ब्यवस्था देने के लिए कृत संकलित है। किसी तरह की कानूनी मदद के लिए आप बेहिचक थाने में शिकायत करे त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रतीभा कुमारी, कृषि पदाधिकारी अजय झा, बीसीओ ब्रजमोहन पासवान सांख्यिकी पदाधिकारी धीरेंद्र प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुमार गौरव, हेल्थ मैनेजर परवेज रजा, मुखिया जलेश्वर मांझी, मुखिया प्रतिनिधि ललन महतो, मोहम्मद तैयब सहित कई पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

माँ दुर्गा का खुला पट दर्शनार्थियों के जुटी भारी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी ।दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर शेरघाटी शहर में धूमधाम के साथ तैयारी पूरी कर ली गई है मालूम हो कि हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष भी शहर के दुर्गा स्थान पीपर पाती मोहल्ला एवं पुरानी चट्टी समेत तमाम जगहों पर दुर्गा पूजा त्यौहार मनाने की विधि व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है, इस त्यौहार के मध्य नजर रखते हुए पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम भी कर दिए गए हैं ताकि घूमने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो सके वही जाम की समस्या से निजात पाने के लिए शहर के दो छोर पर बाजार में घुसने वाले बड़े वाहन एवं छोटे वाहनों को प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।

ताकि शहर में जाम की समस्या ना रहे और पूजा करने वाले महिलाएं पुरुष बच्चे नौजवान व घूमने वाले लोग आसानी से घूम सकें हालांकि उक्त त्यौहार को लेकर शहर के काली मंदिर स्थित भीड़ भाड़े इलाके में पुलिस ट्रैफिक का पुख्ता इंतजाम भी किया गया है। जबकि नगर परिषद के द्वारा पूर्व से ही वेरीकेटिंग लगाते हुए कार्य किया जा रहा है। ताकि जाम की समस्या से निजात पाई जा सके।

उन्हें मूल नक्षत्र षष्टी को आने से मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा भी धूमधाम के साथ किया गया और मां दुर्गा के पूजा अर्चना करते हुए मां। दुर्गा के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए जुटने लगी और माता रानी के दर्शन करने के लिए दूर दराज से आने लगे।

आचार्य रामकृष्ण पाठक एवम अनुज मिश्रा बताते है कि मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा मूल नक्षत्र में होता है, जिसके कारण षष्टी के मूल नक्षत्र आ रहे हैं इसलिए शाम के 4:00 से रात्रि 8:00 बजे तक मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा करते हुए पट खोल दिया जाएंगे।

मनोवांछित वर प्राप्ति एवं वैवाहिक सफलता हेतु करें भगवती कात्यायनी की पूजा : डॉ अमरनाथ उपाध्याय

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूरः जिले के निवासी व श्री काशीविश्वनाथ मंदिर वाराणसी के पुजारी डॉ अमरनाथ उपाध्याय ने बताया कि महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी उपासना पूजा किया था,इसी कारण से यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहाँ पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्त सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था मां कात्यायनी का शरीर स्वर्ण के समान चमकीला है चार भुजाओं वाली मां कात्यायनी की सवारी सिंह हैं। मां के एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में उनका प्रिय पुष्प कमल है। बाकी दो हाथ वरमुद्रा और अभयम

सम्पादकीय

कानूनी प्रावधान के अनुरूप

सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि विवाह व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है, इसलिए समलैंगिक व्यक्तियों के विवाह की मांग के पक्ष में उसने फैसला नहीं दिया। उसने यह उचित व्याख्या की कि स्पेशल मैरिज ऐक्ट में समलैंगिक विवाह का प्रावधान नहीं है।समलैंगिक विवाह मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान और वर्तमान कानून के मुताबिक है। सुप्रीम कोर्ट से अति अपेक्षा रखने वाले आलसी कार्यकर्ता समूहों को भले इससे मायूसी हुई होगी, लेकिन कोर्ट का खुद को अपने दायरे में रखने के निर्णय से वैधानिक तौर पर असहमत होने की कम गुजाइशें ही हैं। यह कहा जा सकता है कि ऐसी अति अपेक्षाएं पैदा करने में खुद सर्वोच्च न्यायालय की भी भूमिका रही है। एक दौर में संविधान से मिले न्यायिक समीक्षा के अधिकार की बेहद व्यापक परिभाषा करते हुए उसने संविधान के बुनियादी ढांचे की अवधारणा स्थापित कर दी और फिर चूंकि मौलिक अधिकार संविधान के इस ढांचे का हिस्सा हैं, इसलिए उसने खुद को इन अधिकारों का संरक्षण घोषित कर दिया। उस दौर में उसने खुद मौलिक अधिकारों की व्यापक से व्यापक व्याख्याएं कीं। इससे एक तबके में यह धारणा बन गई कि बिना सामाजिक-राजनीतिक माहौल बनाए भी न्यायपालिका के हस्तक्षेप से समाज में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। बहरहाल, अब उस समझ की सीमाएं स्पष्ट हो गई हैं। चूंकि सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि विवाह व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है, इसलिए समलैंगिक और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के विवाह की मांग के पक्ष में उसने फैसला नहीं दिया। उसने यह उचित व्याख्या की कि स्पेशल मैरिज ऐक्ट में समलैंगिक विवाह का प्रावधान नहीं है। यह प्रावधान जोडा विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने यह सटीक टिप्पणी की कि अगर अदालत एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों को विवाह का अधिकार देने के लिए स्पेशल मैरिज एक्ट की धारा 4 में कोई शब्द जोड़ती है, तो वह विधायिका के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश माना जाएगी। ऐक्टिविस्ट समूह इस निर्णय से निराश हैं, तो बेहतर होगा कि वे पहले समाज में समलैंगिक विवाह के पक्ष में माहौल बनाएं। जहां तक समलैंगिकों के साथ रहने की बात है, तो न्यायपालिका पहले ही उनके बीच के यौन संबंध को अपराध की श्रेणी से हटा चुकी है। चूंकि यह मुद्दा मौलिक अधिकारों से जुड़ा हुआ था, इसलिए कोर्ट के उस फैसले का संदर्भ अलग था। वह प्रावधान ताजा निर्णय से प्रभावित नहीं होगा।

हो टुकड़े-टुकड़े टूट चुकी मानवता

वर्षा भम्भाणी मिर्जा

हैरानी और दुख की बात है कि अभी अस्सी साल भी नहीं बीते कि हिटलर के अत्याचार से पीड़ित एक कौम जो दर्द और मौत के समंदर में डूब रही थी, आज किसी दूसरी कौम को बेघर और बर्बाद करने पर तुल गई है। पूरी दुनिया यहूदियों के जिस दर्द को खुद के सीने में महसूस कर रही थी, अब वही यहूदी इस दर्द को महसूस करने से इंकार करते हैं। यकीन करना मुश्किल है कि वे यहूदी जिनका एक समय अपना कोई मुल्क नहीं था, आज लोगों को उनकी जमीन से बेदखल करने में जुटे मालूम होते हैं। उन्होंने उत्तरी गाजा के लोगों से कह दिया है कि तुम अपने घर छोड़ दो, फिर हम वहां बमबारी करेंगे। इससे पहले कि जगह खाली होती, एक अस्पताल पर मिसाइल दाग दी गई। घायलों और बीमारों को इलाज के बजाय मौत मिली। वहां के घायलों को अब दूसरे अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। कोई भरोसा नहीं कि फिर वहां बम न बरसे।

बढ़-चढ़कर दावे करने वाले दोनों पक्ष यानी हमास और इजराइल अब एक दूसरे पर इलजाम लगा रहे हैं कि यह जघन्य हरकत उनकी नहीं है। बताया जाता है कि पहले एक ट्वीट में इस हमले की जिम्मेदारी इजराइली सेना ने ली थी फिर ट्वीट को डिलीट कर दिया गया। दोनों ओर से बच्चों की दहला देने वाली तस्वीरें जारी की जा रही हैं।

अस्पताल पर हमला सबसे बड़े युद्ध अपराध बतौर देखा जाता है। दुनिया के आका माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल पहुंचकर अपने बयान में कह दिया है कि यह दूसरी टीम का काम है, जैसे ये इंसानी जिंदगियों की बात नहीं बल्कि बास्केटबॉल का कोई मैच हो। एक तरफ वे कहते हैं कि गाजा के नागरिकों को राहत सामग्री पहुंचाई जाए और फिर यह भी कि हमास का यह हमला अमेरिका पर हुए 9/11 के हमले से भी बड़ा हमला है।

हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इजराइल को खत्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मजबूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी जमीन पर जबर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर आतंकी हमला किया जिसमे पांच सौ से ज्यादा इजराइलियों की जानें गईं, जिनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। कई मासूम नागरिकों को बंधक बना लिया गया। पूरी दुनिया हमास के इस खूनी हमले से दहल गई। नतीजतन कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ खुद को खड़ा बताया। जॉर्डन, सीरिया, लेबनान, इजिप्ट जैसे देश जो फिलिस्तीन से थोड़ी हमदर्दी रखते हैं, उन्होंने भी हमास की तीखी भर्त्सना की। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ऐसा ही किया लेकिन हमास के हमले के बाद इजराइल ने हमास के आतंकवादियों की तलाश में जो भीषण हमले किए उसने दुनिया को फिर सोचने पर मजबूर कर दिया कि यह लड़ाई आखिर किस दिशा में बढ़ रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भी कहा- अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों का पालन अनिवार्य है और पूरी दुनिया की जिम्मेदारी है कि वह आतंकवाद से उन्हीं घोषणाओं के मुताबिक मुकाबला करे। फिलहाल जो दिख रहा है वह है खेमों में बंटी दुनिया। अस्पताल पर हमले के बाद अरब देशों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति की जॉर्डन में तय बैठक नहीं हुई। इस बैठक में फिलिस्तीन के मान्यता प्राप्त हिस्से के राष्ट्रपति महमूद अब्बास भी भाग लेने वाले थे।

तीसरे विश्व युद्ध की आशंका में अब दुनिया भर के नागरिक संगठन नेताओं को याद दिला रहे हैं कि फिलिस्तीन लम्बे अर्से से विवादित रहा है और इसके हल के लिए कभी भी जिम्मेदार देशों ने नतीजा देने वाले सार्थक प्रयास नहीं किए। अब भी जो बाइडेन इस वक्त जो बातें कह रहे हैं वे भी आग में पानी डालने वाली तो नहीं ही हैं। तेल अवीव में इजराइल के प्रधानमंत्री को गले लगाकर कहना कि गाजा के अस्पताल पर हमला दूसरी टीम का काम है और यह 9/11 से भी बड़ा हमला है। इस बयान ने तटस्थ देशों को भी चौंकाया है।

क्या चाहता है अमेरिका कि हमास को अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की तरह किसी देश में घुसकर मारा जाए; लेकिन यहां तो इस तलाश में दोनों ओर के हजारों बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। यह कह देना भी किस कदर अमानवीय है कि, आप अपना मुल्क खाली करके निकल जाओ! हम यहां बम बरसाएंगे। कहां जाया जाए कोई और कितने दिन किसी शरणार्थी कैंप में गुजारे जा सकते हैं? यूं पहले से ही जॉर्डन और इजिप्ट की सीमा पर फिलस्तीनियों के कई कैंप हैं। कौन सा देश उन्हें अपनाने को तैयार है? बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि लोग गाजा नहीं छोड़ना चाहते। उन्हें मिसाइल का शिकार होना मंजूर है, दर-दर की ठोकरें खाना नहीं। पानी-भोजन की किल्लत है।

वे घूम -घूमकर नलों में पानी तलाश रहे हैं। दुश्मनी का आलम यह है कि कोई राहत सामग्री भी उत्तरी गाजा तक नहीं पहुंचने दी जा रही है। फिर भी अपनी जान की परवाह में इनमें से कुछ ने अल अहली अल अरब अस्पताल में शरण ली तो मिसाइल ने वहां आकर भी उनका काम तमाम कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास के हमले को ह्यनाइन-इलेवनह्ल के हमले से भी बड़ा हमला तो बताया है लेकिन अस्पताल के कब्रगाह बनने पर उनका कोई तीखा बयान अब तक नहीं आया है। यह पक्षपात ही कहीं पश्चिम एशिया के इस हिस्से की उथल-पुथल का कारण न बन जाए। यूं हजारों सालों का इतिहास बताता है कि यहूदी पूरी दुनिया में सर्वाधिक सताया गया समुदाय है। प्रभु ईसा मसीह स्वयं एक यहूदी (ज्यू) थे जिन्हें सलीब पर टांग दिया गया और यह मान्यता घर कर गई कि कुछ यहूदी ऐसा ही चाहते थे। ईसाइयों के बीच यहूदियों के लिए यह नफरत बढ़ती गई जो धर्म युद्ध में बदल गई। नफरत इस कदर फैली कि यहूदी और ईसाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। अफवाह फैलाई जाती थी कि यहूदी ईसाई बच्चों का खून पीते हैं या उनका धार्मिक रीति रिवाजों के लिए इस्तेमाल करते हैं। अठारहवीं सदी तक यह नफरत एक खास किस्म की नस्लीय या जातीय भेद में बदल गई थी। यहूदी मानने लगे थे कि पूरी दुनिया उनसे नफरत करती है और उन्हें अपना एक देश बनाना ही होगा जो उन्हें मजबूत सुरक्षा दे। उन्नीसवीं सदी के अंत में ह्यजायोनिस्म मूवमेंटह्ल की शुरूआत हुई। इस वक्त कुछ यहूदी येरूशलम में आकर बसने लगे। यह उनके लिए पवित्र स्थान था। ठीक वैसे ही येरूशलम ईसाईयों और मुसलमानों के लिए भी आस्था स्थल है। आज यह इजराइल के पास है। तब वहां कोई गाजा नहीं था

अजन्मे बच्चे के अधिकारों की रक्षा कर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है

सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर कभी-कभी नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से जुड़े मुद्दे भी विचाराधीन आते हैं, भारतीय न्यायालय की विशेषता रही है कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अनूठे फैसले लेकर मानवीय एवं नैतिक मूल्यों को मजबूती दी है। ऐसे ही एक मामले में अजन्मे बच्चे की नैतिकता के आधार पर पैरवी खुद सुप्रीम कोर्ट ने करते हुए एक मिसाल कायम की है। सुप्रीम कोर्ट ने छब्बीस सप्ताह का गर्भ गिराने की मांग करने वाली याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी है कि चूंकि भ्रूण का विकास सामान्य है इसलिए उसे जन्म लेना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि बच्चे की स्थिति एक दम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए। अदालत कह चुकी है कि महिला यदि चाहे तो पैदा होने वाले बच्चे को जन्म के बाद सरकार को सौंप सकती है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान कुछ दिन पहले सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड ने कहा था कि बेशक मां की स्वायत्तता बड़ी है, पर यहां अजन्मे बच्चे के लिए कोई भी पैरवी नहीं कर रहा है। निश्चित ही भारतीय न्यायालय के सम्मुख यह अपने आप में एक अनूठा मामला है जिसमें एक अजन्मे शिशु के अधिकारों के लिए सर्वोच्च न्यायालय नैतिक आधार पर पक्षकार बना है। शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था।

ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं

आधुनिक समय में भ्रूणों और विशेषतः कन्याभ्रूणों की हत्या का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जबकि भारतीय संस्कृति में मां की ममता का एक रूप तो वह था, जिसमें वह अपने विकलांग, विक्षिप्त और बीमार बच्चे का आखरी सांस तक पालन करती थी। सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर कभी-कभी नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से जुड़े मुद्दे भी विचाराधीन आते हैं, भारतीय न्यायालय की विशेषता रही है कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अनूठे फैसले लेकर मानवीय एवं नैतिक मूल्यों को मजबूती दी है। ऐसे ही एक मामले में अजन्मे बच्चे की नैतिकता के आधार पर पैरवी खुद सुप्रीम कोर्ट ने करते हुए एक मिसाल कायम की है। सुप्रीम कोर्ट ने छब्बीस सप्ताह का गर्भ गिराने की मांग करने वाली याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी है कि चूंकि भ्रूण का विकास सामान्य है इसलिए उसे जन्म लेना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि बच्चे की स्थिति एक दम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए। अदालत कह चुकी है कि महिला यदि चाहे तो पैदा होने वाले बच्चे को जन्म के बाद सरकार को सौंप सकती है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान कुछ दिन पहले सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड ने कहा था कि बेशक मां की स्वायत्तता बड़ी है, पर यहां अजन्मे बच्चे के लिए कोई भी पैरवी नहीं कर रहा है जो उसके अधिकारों की बात कर सके। निश्चित ही भारतीय न्यायालय के सम्मुख यह अपने आप में एक अनूठा मामला है जिसमें एक अजन्मे शिशु के अधिकारों के लिए सर्वोच्च न्यायालय नैतिक आधार पर पक्षकार बना है।

शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था। बेंच में जस्टिस हिमा कोहली ने कहा था कि कौन-सी अदालत कहेगी कि एक भ्रूण के दिल की धड़कनों को रोका जाए। मैं गर्भपात की मंजूरी नहीं दे सकती। वहीं, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि कोर्ट को महिला के फैसले का सम्मान करना चाहिए, जो गर्भ को गिराना चाहती है। अलग-अलग राय होने पर पर मामला बड़ी बेंच को भेजा गया था। अब कोर्ट के सम्मुख जहां महिला के सुरक्षित एवं स्वस्थ रहने के अधिकार का मामला था वहीं एक अजन्मे बच्चे के अधिकार का भी मामला था। कोर्ट ने दोनों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जो फैसला लिया, वह कानून से ज्यादा मानवीय दृष्टि से लिया गया फैसला है।

अदालत का यह फैसला निश्चित ही मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखकर आया है। एक तथ्य यह भी है कि दुनिया भर में गर्भपात के उदार कानून की मांग को लेकर आंदोलन का दौर भी जारी है। खास तौर से यह आंदोलन उन महिलाओं का पक्षधर है जो अवांछित गर्भ ठहर जाने के कारण गैर-कानूनी गर्भपात का सहारा लेकर अपनी जान तक खतरे में डाल देती हैं। मोटे तौर पर सवाल सिर्फ महिलाओं का उनके शरीर पर अधिकार का ही नहीं है बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के जिंदा रहने के अधिकार का भी है। इस तथ्य को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा कि हमारे देश में कानूनी प्रतिबंध के बावजूद कन्या भ्रूण हत्या के मामले सामने आते ही रहते हैं। जरूरत इस बात की है कि अजन्मे बच्चों के हकों की भी चिंता की जाए और गर्भ में ही ऐसे अजन्मे बच्चों को मार देने के प्रचलन पर नियंत्रण की भी पुख्ता व्यवस्था हो। ताजा मामले में कई सवाल खड़े हुए हैं कि क्या एक अजन्मे बच्चे को भी एक आम के बराबर कुछ अधिकार मिलते हैं। सबसे पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या भ्रूण एक कानूनी व्यक्ति है या नहीं? इस सवाल का जवाब इस आधार पर दिया जा सकता है कि भ्रूण में जीवन है या नहीं? भारतीय कानूनों में जीवन और मृत्यु से जुड़े कई प्रावधान हैं। भारत के आपराधिक कानून के अनुसार, गर्भावस्था की अवधि के लिए बच्चा मां के पास होता है और भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन होता है। अगर कोर्ट और कानून भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन स्वीकार करते हैं तो उसके कुछ संविधानिक अधिकार भी होते हैं।

आधुनिक समय में भ्रूणों और विशेषतः कन्याभ्रूणों की हत्या का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जबकि भारतीय संस्कृति में मां की ममता का एक रूप तो वह था, जिसमें वह अपने विकलांग, विक्षिप्त और बीमार बच्चे का आखरी सांस तक पालन करती थी। परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा की गई उसकी उपेक्षा से मां पूरी तरह से आहत हो जाती थी। वही भारतीय मां अपने अजन्मे, अबोल शिशु को अपनी सहमति से समाप्त कराने को क्यों एवं कैसे तत्पर हो सकती है? क्या उसकी ममता का स्रोत सूख गया है? क्या भारतीय मातृत्व की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है? सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने महिला का अपने ऊपर अधिकार और अजन्मे बच्चे के अधिकारों को लेकर ऐसी चर्चा को जन्म दिया है जिसे लेकर ठोस मानवीय प्रावधान होना ही चाहिए। यों कहा जाना चाहिए कि अजन्मे शिशु के अधिकारों और माता के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश और जजों की पीठ ने व्यापक विचार किया और महिला की पैरवी कर रहे वकील से पूछा कि अदालत एक जीवित भ्रूण की हत्या का आदेश कैसे दे? आखिर अजन्मे को भी जीवन जीने का अधिकार है। भले ही दुनिया के कई देशों में जीवन के अधिकार को बड़ा माना जाता है, तो कई देशों में व्यक्ति की इच्छा को बड़ा माना जाता है। इसलिए अब यह भी प्रश्न बना हुआ है कि महिला और गर्भस्थ शिशु में से किसके जीवन के अधिकार को तरजीह दी जाए। गर्भ गिराने की मांग करने वाली महिला का कहना था कि मानसिक एवं शारीरिक स्थिति ठीक न होने और कई बीमारियों से जूझने के कारण वह बच्चे को जन्म देने की स्थिति में नहीं है। कोर्ट ने गर्भवती महिला के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की एक बार फिर जांच करने का निर्देश दिया है। कानून के मुताबिक 24 सप्ताह से अधिक के भ्रूण को गिराया नहीं जा सकता। यह बात अलग है कि बलात्कार जैसे मामलों में पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने कानून में तय समयावधि से ज्यादा के गर्भ के मामलों में भी गर्भपात की अनुमति दी है। सात माह के बच्चे को गर्भ से बाहर निकालने का अर्थ है कि मां और शिशु दोनों की सेहत को खतरा पैदा हो सकता है। पैदा होने के बाद शिशु को पालने के बारे में वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है। आखिर महिला ने जब इतने समय तक अपने गर्भ में भ्रूण को पाला तो कुछ हफ्ते और पालने में क्या हर्ज है। अजन्मे के अधिकार की रक्षा एवं गर्भवती महिला के जीवन के अधिकार की रक्षा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए सुप्रीम कोर्ट एक नजीर बना है। यह उन तमाम मामलों के लिए जिनमें व्यक्ति अपने जीवन के अधिकार को ऊपर रखता है, उदाहरण के रूप में पथदर्शन करेगा। ऐसे मामलों में व्यापक जन-जागृति के साथ सरकार को भी गंभीर होना होगा। हमारे देश में शिक्षा के प्रसार के बावजूद खास तौर से ग्रामीण इलाकों में गर्भनिरोधकों के विकल्पों का प्रचार व्यापक रूप में करना होगा। ऐसे में जरूरत है कि देश में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की और प्रभावी व्यवस्था हो। किन्हीं मामलों में ऐसे बच्चों को जन्म के बाद मां उसके पालन करने में अक्षम हो तो बच्चे के पालन की व्यवस्था सरकार को अपने हाथ में लेते हुए ऐसे पालनाघर बनाने चाहिए जहां बच्चों का समुचित लालन-पालन हो सके। बहुत बड़ी तादाद में ऐसे लोग होंगे, जिन्हें अजन्मे बच्चे के अधिकार पता नहीं होते हैं, इन अजन्मे बच्चों के अधिकारों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार हो।

जाति गणना से क्या होगा, विभाजित गुटों की नकारात्मकता की आशंका अधिक

यह आशंका निराधार नहीं है कि अल्पसंख्यक जातियों पर बहुसंख्यक जातियां प्रभुत्व जमा सकती हैं और उनका शोषण कर सकती हैं। लेकिन गुणवत्तापूर्ण जीवन बगैर किसी भी जाति का केवल संख्या बल के आधार पर वर्चस्व स्थापित करना तो दूर, वाजिब हक पाना भी मुश्किल है। हम सभी जानते हैं कि अल्पसंख्यक ब्रिटिशों ने बहुसंख्यक भारतीयों पर करीब दो-ढाई शतक तक राज किया। तो फिर ऐसा क्यों लगता है कि जाति गणना की आंधी में अब तक वर्चस्वशाली रही जातियों के तंबू-डेरे उखड़ जाएंगे? सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संदर्भों में इस का कतिपय दूरगामी प्रभाव अवश्य होगा। इसलिए अच्छा यह हो कि विविधता के मद्देनजर देश सम्यक सुधार की नीति अपनाए। असल में जाति गणना को राजनीतिक दल वोटों के समीकरण के हिसाब से देख रहे हैं, परंतु बौद्धिकों के लिए यह एक गंभीर अध्ययन का विषय है। जहां तक कथित छोटी या अनुसूचित जातियों की स्थिति में सुधार की बात है वह केवल बढ़ती संख्या दिखने पर नहीं हो सकता। उनके पक्ष में कानून बनने पर भी तब तक सुधार संभव नहीं है, जब तक उन नीतियों पर अमल नहीं होता और सामाजिक न्याय को स्वीकार्यता नहीं मिलती है। संविधान लागू होने के बाद के सत्तर सालों का अनुभव सामने है। 95 फीसदी दलित तो ऐसे हैं, जिन्हें अंग्रेजी राज से लेकर आज तक कभी कोई आरक्षण नहीं मिला।

श्यौराज सिंह बेचैन

लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सीनियर प्रोफेसर हैं

इस वर्ष अब तक हमारे देश में दो बड़ी घटनाएं हुई हैं- एक महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना और दूसरी बिहार में जाति गणना। ये दोनों घटनाएं भारतीय लोकतंत्र के लिए राजनीतिक व सामाजिक महत्व की हैं। यह आशंका निराधार नहीं है कि अल्पसंख्यक जातियों पर बहुसंख्यक जातियां प्रभुत्व जमा सकती हैं और उनका शोषण कर सकती हैं। लेकिन गुणवत्तापूर्ण जीवन बगैर किसी भी जाति का केवल संख्या बल के आधार पर वर्चस्व स्थापित करना तो दूर, वाजिब हक पाना भी मुश्किल है।

हम सभी जानते हैं कि अल्पसंख्यक ब्रिटिशों ने बहुसंख्यक भारतीयों पर करीब दो-ढाई शतक तक राज किया। तो फिर ऐसा क्यों लगता है कि जाति गणना की आंधी में अब तक वर्चस्वशाली रही जातियों के तंबू-डेरे उखड़ जाएंगे? सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संदर्भों में इस का कतिपय दूरगामी प्रभाव अवश्य होगा। इसलिए अच्छा यह हो कि विविधता के मद्देनजर देश सम्यक सुधार की नीति अपनाए। असल में जाति गणना को राजनीतिक दल वोटों के समीकरण के हिसाब से देख रहे हैं, परंतु बौद्धिकों के लिए यह एक गंभीर अध्ययन का विषय है। जहां तक कथित छोटी या अनुसूचित जातियों की स्थिति में सुधार की बात है, वह केवल बढ़ती संख्या दिखने पर नहीं हो सकता। उनके पक्ष में कानून बनने पर भी तब तक सुधार संभव नहीं है, जब तक उन नीतियों पर अमल नहीं होता और सामाजिक न्याय को स्वीकार्यता नहीं मिलती है। संविधान लागू होने के बाद के सत्तर सालों का अनुभव सामने है। 95 फीसदी दलित तो ऐसे हैं, जिन्हें अंग्रेजी राज से लेकर आज तक कभी कोई आरक्षण नहीं मिला। वे ग्रामीण भारत में भूमिहीन कृषि मजदूर हैं और शहरों में बेघर असंगठित मजदूर।

दलितों के प्रति सवर्ण जातियों की दबंगई जगजाहिर है। उनके खिलाफ उत्पीड़न और अत्याचारों का ग्राफ भी बढ़ा है। बेशक अनुसूचित जातियों की भी संख्या बढ़ी है, फिर भी उन्हें इससे अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। चूंकि ह्यपूना पैक्टह्ल के बाद अनुसूचित जाति के बीच से उनके राजनीतिक प्रतिनिधि संसद और विधानसभाओं में जाते रहे, लेकिन निर्णायक पदों पर उनकी अनुपस्थिति बनी रही। ऐसे में जाति गणना से कौन-सी गैर दलित जाति विलुप्त हो जाएगी? जहां तक जातियों की प्रगति-दुर्गति का प्रश्न है, यह राजनीतिक समीकरण पर निर्भर करता है। डॉ. आंबेडकर संविधान में खूबियां गिना कर गए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ह्यसंविधान कितना भी अच्छा हो, उसे लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे, तो अच्छा संविधान भी अच्छा परिणाम नहीं देगा।ह्ल अंग्रेजों ने जनगणना से प्राप्त जाति विषयक जानकारियों का दस्तावेजीकरण किया। लेकिन दलितों के लिए तो खुद अंग्रेज अफसरों की नाक के नीचे जलाशय तक ह्यठाकुर का कुआंह्ल बने रहे। भारतीय संत परंपरा से लेकर संविधान तक ह्यजातिह्ल न पूछने की इच्छा व्यक्त की गई। लेकिन हमारी सेवाओं के आवेदनों में, साक्षात्कारों में, बेटी-बेटों के रिश्तों में, पूजा स्थलों पर प्रवेश के दौरान जाति पूछी, बताई और दर्शाई जाती रही। जातियां संविधानेतर व्यवस्थाओं में समान दर्जा न पाने के कारण लाभ-हानि की वजह बनती रहीं। जाति के कारण किसी ने अतिरिक्त लाभ प्राप्त किया, तो जाति के ही कारण किसी को मानवाधिकारों से वंचित किया गया।

जनसंख्या में वृद्धि के लिए कई कारक जिम्मेदार रहे हैं। इसके लिए राजनीतिक वर्ग भी जिम्मेदार है, जिसने अपने चुनावी हित के लिए इसे प्रोत्साहित किया। इसके अलावा शिक्षा-ज्ञान को सीमित करने वाले और आर्थिक, सामाजिक असंतुलन को बढ़ाने वाले लोग भी जिम्मेदार हैं। ऐसे में वंचित लोगों के सामने भविष्य की सुरक्षा के लिए यही विकल्प रहा कि वे ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करें।

जातियां टूटने पर ही राष्ट्रीयता जुड़ेगी। ह्यहम भारत के लोगह्ल कब तक जातियों के लोग बने रहेंगे? दलितों के प्रति समाज में उग्रता व आक्रामकता बरकरार है, उनमें और वृद्धि हो सकती है। जाति गणना को सकारात्मक दृष्टि से देखने के बजाय विभाजित गुटों की नकारात्मकता की आशंका अधिक है।

स्वाभिमान व चरित्र से बड़ा कोई आभूषण नहीं?

नरेन्द्र भारती-

स्वाभिमान व चरित्र से बड़ा कोई आभूषण नहीं है अगर आपका चरित्र बेदाग है तो आप दुनिया के महान आदमी है अपनी महानता से आप जग को जीत सकते है। अपने स्वाभिमान का आस्तित्व बनाए रखें हर इन्सान का स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए भले ही कितनी ही विपति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए।बंद कमरे में आंसू बहा लो मन हल्का हो जाएगा। अपने स्वभिमान को मरने न दो रुखी-सूखी रोटी खा लेनी चाहिए। नमक से रोटी खाओ मगर किसी के आगे हाथ मत फैलाओ अगर एक बार हाथ फैला दिया तो सारी उम्र उनके कर्जदार हो जाओगें आज लोग ऐसे लोगों के पैर छूते है जिनके वे काबिल नहीं है चरित्रहीन लोगों के पांव छूने से परहेज करें।आज कुछ लोग अपना अतीत भूल चुके है मगर अतीत की परछाईयां मरते दम तक साथ रहती है।गरीब आदमी की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए क्योकि गरीब आदमी हमेशा याद रखता है कि बुरे समय में मेरी किसने सहायता की और किसने नहीं,किसने गरीबी का मजाक उडाय़ा और किसने मजबूरी मे साथ दिया।गरीब आदमी विश्वासघात नहीं करता जबकि अमीर लोग नमक हराम होता है।अमीर आदमी तो यूज ऐंड थ्रो करता है।आज लोगों को अयाशीयां करने के लिए समय है मगर एक गरीब के लिए समय नहीं हैं।चंद स्वार्थों के लिए गरीबों का गला घोंटते है दूसरों के भविष्य से खिलवाड़ करते है। अहंकार में अंधे हुए यह लोग दूसरों को हर समय दबाने की फिराक में रहते है।जान-पहचान तो बड़े लोगों से है मगर किसी का अच्छा तक नहीं करवा सकते।समय पर इन लोगों को सजा मिलती रहती है मगर अंहकार नहीं टूटता। रस्सी जल गई पर ऐंठ नहीं गई कहावत इन पर सटीक बैठती है।आज बुरे कर्मों के लिए समय है । आज लोग चरित्रहीन का साथ देते है जबकि एक ईमानदार को दरकिनार करते है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी।मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोडना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं।आज अपने ही अपनों के दुश्मन बन गए है जर,जोरु,जमीन ही सर्वोपरी हो गया है।बच्चों के मन में बिष घोला जा रहा है।जीवन के कुछ अटल सत्य है कि रात के बाद दिन का उजाला जरुर होगा। सुर्य उदय के बाद अस्त होगा।जवानी के बाद बुढ़ापा भी सबको आएगा।दुनिया में एक सच्चाई सिर्फ मौत ही है बाकि तो लोग झूठ-फरेब के बल पर चल रहे है।मगर झूठ के पांव नहीं होते सच्चाई की हमेशा जीत होती है।भाग्य बदलते देर नहीं लगती वक्त एक जैसा नहीं रहता इसलिए कभी किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।कभी-कभी खोटे सिक्के भी कोहिनूर के हीरे बन जाते है। आज लोग अपनी मन्नते पुरी होने पर बकरों की बलियां दे रहे है क्या बलियों के बगैर कोई विकल्प नहीं है सादा खाना भी बनाया जा सकता है मगर मानव खुशी में पागल है। आज भले ही कुछ चत्रि हीन व तथाकथित अमीर ब्रांडेड कपडे.पहनते है पर कहते है कफन का कोई ब्रांड नहीं बना चाहे अमीर हो राजा हो सबको सफेद कफन ही नसीब होगा। लोहा लकड़ी का कुछ नहीं बिगाड़ सकता अगर हथा लकड़ी का न हो।आज लोगों को लुटा जा रहा है,सताया जा रहा है गरीबों की बददुआ से लोहा भी भस्म हो जाता है इसलिए गरीबों को कभी नहीं सताना चाहिए।मानव को अपनी मयार्दा में रहना चाहिए।समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है।कहते अपने ही काम आते है है।पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है।वक्त बदलते देर नही लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए।ताकि विपत्तीयो का अहसास होता रहे।आज कुछ लोग विरासती सेठ बनते है बाप-दादा की कमाई अकूत धन-दौलत पर ऐश कर रहे है जब खुद कमाओगे तब पता चलेगा के मेहनत के बल पर कमाई दौलत पर कैसे ऐश होती है।आज समय ऐसा आ गया है कि आप लोगों को जितना स्वादिष्ट खाना खिला दो मगर शराब न पिलाए तो कहते है कदर ही नहीं हुई।गरीबों का मज

संक्षिप्त खबरें

मंडल कारा में 31 किशोर चिन्हित

औरंगाबाद। किशोर न्याय बोर्ड के पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद की टीम प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड मिस नेहा दयाल के नेतृत्व में मंडल कारा औरंगाबाद का निरीक्षण किया और जेल में बंद 31 कैदियों को चिह्नित कर सही उम्र जांच करने का आदेश दिया जो देखने से किशोर प्रतित हो रहे थे। जेल अधिकारियों से कहा गया कि जांच प्रतिवेदन शिघ्र किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद को उपलब्ध कराई जाए साथ में यह भी कहा गया कि कैदियों के स्वास्थ्य सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अरूण कुमार सिंह और संजू कुमारी उपस्थित थे।

बागमती नदी में डूबे दो भाइयों का शव 4 दिन बाद बरामद

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना अंर्तगत बेनीबाद ओपी के समीप बागमती नदी में डूबे दो भाइयों का शव चार दिन बाद बरामद किया गया। विदित हो कि बीते मंगलवार की दोपहर में नहाने के दौरान बेनीबाद निवासी अमर चौधरी का दस वर्षीय पुत्र करण कुमार व उनके साले का पुत्र 12 वर्षीय आयुष कुमार नदी में डूब गया था। वह तीन-चार दोस्तों के साथ बेनीबाद ओपी के समीप बागमती नदी में नहाने गया था। जहां गहरे पानी में चले जाने के बाद दोनों भाई लापता हो गए थे। घटना के बाद तीन दिनों तक एसडीआरएफ एवं स्थानीय गोताखोरों ने नदी में खोजबीन किया परंतु सफलता नहीं मिल सकी। बेनीबाद ओपी अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह समस्तीपुर के चकमेहसी थाना क्षेत्र के मदनपुर घाट के समीप आयुष कुमार तथा दरभंगा जिले के मोरो थाना क्षेत्र के भवानीपुर घाट के समीप करण कुमार का शव बरामद किया गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसकेएमसीएच भेज दिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों बालकों का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

सशस्त्र सीमा बल और बिहार पुलिस की संयुक्त छापेमारी कर प्रतिबंधित कफ सिरप किया जप्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी 48 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी कमला के जिम्मेवारी के इलाके जयनगर में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट के निर्देश अनुसार त्वरित कार्यवाही करते हुये निरीक्षक लोकेंद्र कुमार सम वाय प्रभारी कमला 48वीं वाहिनी की अगुवाई मे सशस्त्र सीमा बल के जवानों और स्थानीय पुलिस जयनगर के साथ की गयी संयुक्त कार्यवाही मे भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 270/13 से 1.7 कि० मी० भारतीय क्षेत्र में राम प्रकाश पुत्र राम लखन प्रधान मारवाडी मोहल्ला जयनगर जिला मधुबनी के निजी घर में अवैध रूप से रखे हुए प्रतिबंधित कोडि वेल कफ सिरप 900 बोतल निटरा वेट 10 एमजी की 13200 गोलियां टाजो विन पेंटा जोसीन इंजेक्शन 30एमजी के 400 वायल बुप्रेनो फिंने 0.3एमजी इंजेक्शन के 50 वायल जब्त किए।जब्त किए गए सामान को अग्रिम कार्यवाही हेतु जयनगर थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल और बिहार पुलिस लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिब्धियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके।

निबंधन कार्यालय में नन जुडिशियल स्टांप पेपर उपलब्ध नही होने से उदास बैठे कतीव

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली निबंधन कार्यालय खजौली में विगत चार माह से स्टाम्प भेंडर के पास किसी भी राशि की नन जुडिशियल स्टांप पेपर उपलब्ध नही होने से आये दिन क्रेता एव बिक्रेता द्वारा कतीव के माध्यम से सादे कागज पर जमीन निबंधन कराने से विभाग को प्रतिदिन लाखो रुपये की राजस्व की क्षति हो रही है. निबंधन कार्यालय खजौली के कतीव अध्यक्ष राम बिनोद सिंह ने कहा कि नन जुडिशयल स्टाप पेपर चार महीने से किसी भी राशि का उपलब्ध नही रहने से जमीन क्रेताओं द्वारा जमीन की निबंधन नही कराने से कातीवो के बीच भुखमरी की समस्या उत्तपन्न हो गयी.उन्होंने कहा कि आये दिन निबंधन कार्यालय में 100 से 1000 रुपये की नन जुडिशयल स्टाप पेपर से एग्रीमेंट बनाने की उद्देश्य लोगो द्वारा निबंधन कार्यालय में खरीद के लिए भटक रहे है.वही निबंधन कार्यालय के कती व संध के सचिव राज देव सिंह अंकेक्षण मो. ताहीर कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि नन जुडिशयल स्टाप पेपर उपलब्ध नही होने से क्रेता एव बिक्रेता जमीन की निबंधन नही करा रहे है.जिससे कातीवो के बीच समस्या खड़ा हो गयी है. उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा अविलंब निबंधन कार्यालय में नन जुडिशयल स्टाप पेपर उपलब्ध नही कराने पर स्टाप भेंड़र एव कतीव सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होगी. इस मौके पर कतीव बिंदेश्वर यादव निरंजन यादव रघुवीर यादव महानंद कुमार सिंह गौरीशंकर मल्लिक गंगा प्रसाद यादव उपेंद्र सिंह सहित सभी कतीव मौजूद थे।

जुम्मे की नमाज के बाद दुर्गा पूजा पर आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाला शांति मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के दौरान दुर्गा पूजा पर के मौके पर आपसी भाईचारा बना कर रखने के लिए देश प्रदेश और जिला के विकास की तरक्की के लिए अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शहर में आपसी भाईचारा का पैगाम निकालकर भ्रमण किया।कार्यक्रम का नेतृत्व मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, मुहम्मद अनवर आलम, मोहम्मद असादुल्लाह,अन्ना खान ,हाजी अब्दुल लतीफ सहित के नेतृत्व में निकाला गया। अध्यक्ष सल्लू खान ने कहा कि आज जुम्मे की नमाज के मौके परअ लोगों से अपील किया गया है कि दुर्गा पूजा पर एक दूसरे का सहयोग करे । दोनों समुदायों के लोगों से अपील किया गया हमारा शहर हमेशा से शांति का प्रतीक रहा है। शहरवासियों से दुर्गा पूजा पर आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की, जिला हमेशा सुहाग का प्रतिक रहा है, यहां सभी वर्ग के लोग आपस में मिलकर रहते हैं कुछ शरारती तत्व सद्भावना बिगड़ने में लगे रहते हैं, ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। कहा कि दुर्गा पूजा जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोग भाग लेंगे, हम सभी को आपसी भाईचारे के साथ रहना चाहिए। दुर्गा पूजा के मौके पर हम लोग के लिए है। कहा कि जिस तरह से हमेशा ईद, बकरीद, मुहर्रम, होली, दशहरा, दीपावली, छठ, रामनवमी, महाशिवरात्रि सहित पर्व मनाया जाता है उसी तरीके से दुर्गा पुजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाना है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट ना करें, किसी भी धर्म देवता और देवता तो के बीच या किसी भी धर्म स्थल को ठेस नहीं पहुंचाने का काम करें या शहर अमन का है और यहां हमेशा मिलजुल कर रहते हैं। कुछ असामाजिक तत्व के लोग जो सोशल मीडिया पर या अफवाह खिलाएंगे तो उनसे समाज के साथ जिला प्रशासन भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। चाहे वह किसी धर्म के हो। पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के लोक एक्टिव रहते हैं, पर्व को लेकर सभी पर को इन लोगों का सहयोग रहता है। बता दें सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल शहर में पैगाम इंसानियत के अध्यक्ष सल्लू खान सक्रियता बनती है और योगदान अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है, जब कभी मंदिर में प्रसाद वितरण होता है तो करना नहीं भूलते। खुद के साथ दोनों समुदाय को एक साथ लाने के लिए सद्भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं, इनके योगदान हमेशा से दोनों को मिल कर रखना है। सल्लू खान ने कहा कि मजहब नहीं सिखाता है आपस में बैर रखना हम सभी एक साथ मिलजुल कर मंगलम पर्व को शांतिपूर्वक मनाना है और लोगों के साथ भाईचारा पेश करना है। इस मौके पर मोहम्मद गयासुद्दीन मोहम्मद निसार अहमद मोहम्मद अकबर छोटे खान दानिश खान सहित उपस्थित रहे।

बिजली के चार उपभोक्ताओं पर जुमार्ना सहित एफआईआर दर्ज

मधुबनी। विद्युत प्रशाखा कलुआही के चार उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी कर उपयोगकरने के आरोप में खजौली थाना में एफआईआर दर्ज हुआ था. एफआईआर विद्युत प्रशाखा कलुआही के कनीय अभियंता केशव किशन के लिखित आवेदन पर हुआ है. जिसमे दयाल पाली गांव निवासी राजदेव पासवान की पत्नी आनंदी देवी प्रदीप पासवान किशुन पासवान की पत्नी सुशीला देवी एवं दोस्तपुर गांव निवासी तरकील आजम शामिल है. दर्ज एफआईआर के अनुसार जेई केशव किशन, सहायक विद्युत अभियंता सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से छापेमारी की. जिसमें ये लोग अवैध रूप से टोका फंसाकर विद्युत उर्जा उपयोग करते हुए पकड़े गये। बिजली चोरी के आरोप में दयाल पाली गांव निवासी राजदेव पासवान की पत्नी आनंदी देवी पर 18508 रूपया, प्रदीप पासवान पर 16549 रूपया एवं किशुन पासवान की पत्नी सुशीला देवी पर 11442 रूपया एवं दोस्तपुर गांव निवासी तरकील आजम पर 38979 रूपया बकाया सहित जुमार्ना लगाया गया है. विभाग की ओर से लगातार चलाये जा रहे छापेमारी अभियान पर बिजली चोरों में हड़कंप है. थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि जेई से प्राप्त आवेदन के आधार पर एफआईआर हुई है.मामले की जांच की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई होगी।

एथलेटिक्स चैंपियनशिप में औरंगाबाद जिले के एथलीट ने आठ पदक जिले के नाम किया

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। 34 वे.ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 का समापन 20 अक्टूबर 2023 को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, ईस्टर्न सेंट्र साल्ट लेक, कोलकाता में किया गया जिसमें भारत से लगभग 10 से ऊपर राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लेंगे। टाउन इंटर स्कूल के खेल शिक्षक रविशंकर कुमार ने बताया कि जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिहार की टीम में औरंगाबाद जिले से कुल नौ खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें तीन बालक एवं छह बालिका खिलाड़ी है। इस चैंपियनशिप में बंगाल विजेता एवं बिहार की टीम ओवरऑल उप विजेता रहा। बिहार राज्य की टीम ने कुल 85 पदक अपने नाम किया जिसमें 28 गोल्ड ,29 सिल्वर एवं 28 ब्रांच मेडल प्राप्त किया। इस चैंपियनशिप में औरंगाबाद जिले के एथलीट ने कुल आठ मेडल अपने नाम किया जिसमें तीन गोल्ड ,दो सिल्वर एवं तीन ब्रांच मेडल अपने जिले के नाम किया।इस चैंपियनशिप में खिलाड़ी के रूप में सनी राज ने ट्रिपल जंप में गोल्ड मेडल, प्रिंस कुमार 100 मीटर रेस में गोल्ड मेडल, प्रियांशु कुमार ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल, तनु सिंह 400 मीटर हर्डल रेस में ब्रोंज मेडल एवं 100 मीटर रिले में सिल्वर मेडल,सोनम प्रकाश ने 1000 मीटर मिडले रिले रेस में सिल्वर मेडल , सोनाली कुमारी शॉट पुट में ब्रोंज मेडल अंकित कुमार 2000 मी स्ट्रिपल चेस में ब्रोंज मेडल लाकर औरंगाबाद जिला का सम्मान बढ़ाया है। औरंगाबाद एथलेटिक्स संघ के सचिव राकेश कुमार राय ने बताया है कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के चैंपियनशिप में लगातार औरंगाबाद जिला बेहतर प्रदर्शन करते आया है। औरंगाबाद जिले के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर नोडल खेल पदाधिकारी अमृत कुमार ओझा, जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह,खेल शिक्षक संतोष कुमार, संतन कुमार, मुकेश कुमार , कमल कुमार, मनोज कुमार , चंदन कुमार ,विकास कुमार, विनोद कुमार ,राकेश कुमार पांडे, उदय तिवारी एवं मनीष कुमार ने सभी मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं और आगे भी इस तरह की चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई है।

कार्यान्वयन समिति 20 सूत्रीय कमिटि सदस्य बने गणेश गौरव पान

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बिहार सरकार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के संकल्प संख्या 383 में निहित प्रावधान के तहत सहरसा जिला के जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) के सदस्य गणेश गौरब पान को नामित किया गया।बीस सूत्रीय सदस्य नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह,जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री रत्नेश सादा, सांसद दिनेश चंद यादव, विधायक गुंजेश्वर शाह,युवा प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल, पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया।गणेश गौरव पान ने कहा पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता पर विश्वास करके दी है। उसे मैं सदा निर्वहन करता रहूंगा।साथ ही आम अवाम की समस्या को उजागर कर बैठक में रखने का काम करेंगे।बधाई देने वाले में जदयू नेता मोहन दास, रंजीत महतो, प्रखंड अध्यक्ष जवाहर यादव, लाल बहादुर शाह, नवीन कामत, ललन महतो,रामचंद्र शर्मा, संजय यादव, निरंजन कुमार दास,प्रमोद यादव, प्रमोद शाह, आशीष कुमार चौधरी, राजकमल गुप्ता, अशोक तांती, राजकुमार शाह,चंद्र किशोर शर्मा, बानेसर शर्मा, अशोक तांती, देवेंद्र तांती, किशन देव दास, सुमन झा सहित अन्यान्य कार्यकर्ताओ नें हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

महाकवि रमण के जन्मदिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। महाकवि रमण द्वारा स्थापित साहित्यिक संस्था संकेत के तत्वावधान में थियोसॉफिकल लॉज, नयाटोला में 14 वॉ महाकवि रमण शिखर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वयोवृद्ध साहित्यकार, समाजसेवी चितरंजन सिन्हाह्लकनकह्ल ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि महाकवि ने 1950 में इस पवित्र संस्था को मूर्त रूप दिया था। आज वे नहीं है, किन्तु उनकी प्रेरणा से ही हम इस आयोजन को करते आ रहे है। अब तक मुजफ्फरपुर तथा मुजफ्फरपुर के बाहर के 36 साहित्यकारों को महाकवि रमण शिखर सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होने कहा कि रमण जी द्वारा संकेत भाग - 1 का प्रकाशन किया गया था । इस अंक का व्यय भार पृथ्वीराज कपूर द्वारा संचालित पृथ्वी थियेटर की ओर से किया गया था। आज इस अवसर पर डॉ उषा श्रीवास्तव(मुजफ्फरपुर)एवं मणिभूषण प्रसाद सिंह अकेला(घटारो, वैशाली) को महाकवि रमण शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि डॉ शारदाचरण ने प्रशस्तिपत्र और अंगवस्त्रम देकर दोनों साहित्यकारों को सम्मानित किया। बतौर मुख्यअतिथि डॉक्टर शारदाचरण ने महाकवि रमण के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि- महाकवि रमण ने मुजफ्फरपुर शहर को गौरवान्वित किया। उनके साहित्य में ऐसे बिंब है, जिससे इनकी रचनाएं निराला के समक्ष ले जाती है। साहित्यकार उदय नारायण सिंह, प्रधानमंत्री हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर ने महाकवि रमण का साहित्यिक मुल्यांकन करते हुए कहा कि- उनका मूल्यांकन करना बडा कठिन है। उनकी ऊंचाई इतनी थी कि जिसे मापना असंभव है। बेलाही के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने कहा - महाकवि रमण स्वाभिमानी साहित्यकार थे। रमण में जो गुण था वही गुण कनक जी में भी है। अमिताभ कुमार सिन्हा ने कहा कि- वे मुजफ्फरपुर के ही नहीं बिहार के साहित्य जगत की पहचान थे। उनके कारण आज राष्ट्रीय स्तर पर मुजफ्फरपुर को साहित्य जगत में सम्मानित स्थान प्राप्त है।कार्यक्रम में डॉ सतीश चन्द्र भगत (दरभंगा), अमिताभ कुमार सिन्हा(दरभंगा), देवेन्द्र शर्मा, रमेश प्रसाद श्रीवास्तव, अंजनी मार देंगेकुमार, डॉ वी के मल्लिक, डॉक्टर हरिकिशोर प्रसाद सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव में सम्मानित हुए मैथिली गायक संजीव कश्यप

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा पर्यटन मंत्रालय एवं जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन राजकमल कीड़ा मैदान में स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में अपने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर लोगों को अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया। सहरसा की सुचित्रा व पवित्र मिश्रा ने भगवती गीत से कार्यक्रम का श्री गणेश किया। वही महिषी की बेटी सुप्रिया ने लता की संगीत गायन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कहरा निवासी संजीव कश्यप को संयोजक केशव चौधरी के द्वारा उन्हें प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। श्री कश्यप ने बताया कि मैं देश के विभिन्न मंचों पर मैथिली भोजपुरी एवं हिंदी धार्मिक भजन एवं लोकगीत संगीत के माध्यम से विगत 10 वर्षों से अपने कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। ज्ञात हो कि जिले के पतरघट प्रखंड स्थित कहरा निवासी संदीप कश्यप इससे पूर्व कोसी सांस्कृतिक महोत्सव में भी अपनी कला का प्रदर्शन कर वाहवाही बटोर चुके हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन सहित अन्य जगहों पर सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपने गृह जिला में इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेकर काफी गौरवांवित हूं। उन्होंने कहा कि मैथिली साहित्य एवं संस्कृति के संबंध में संरक्षण एवं संवर्धन की विशेष आवश्यकता है। इस अवसर पर सोनी कुमारी और मुस्कान ने झीझिया नृत्य का प्रदर्शन कर महोत्सव में तालिया बटोरी।वही नोडल पदाधिकारी एडीएम सुरभि कुमारी ने भी तीन दिवसीय कार्यक्रम के संपन्न होने पर कलाकारों एवं स्थानीय लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पूर्व विधायक अमिता भूषण ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सुनीं समस्याएं

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। नगर की पूर्व विधायक अमिता भूषण ने जिले वासियों को क्षेत्र भ्रमण के दौरान नवरात्र और आगामी दुगार्पूजा की शुभकामनाएं साझा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रखंड के गांवों में जाकर व्यक्तिगत तौर पर उनके सुख-दुख का साझेदार बनते हुए उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। साथ ही यथासम्भव उसके निराकरण का प्रयास किया। इस क्रम में लोगों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं साझा किया और अपने पूर्व विधायक को नवरात्र की शुभकामनायें दी।

पूर्व विधायक अमिता भूषण ने राजौड़ा, खम्हार, मोहनपुर, सांख, कैथ, भर्रा, चेरिया, मानिकपुर, बरैठ आदि गाँवों का दौरा किया। इस दौरान पूर्व विधायक हाल ही में मोहनपुर के युवक की दुर्घटना में मौत, खम्हार और रजौड़ा में करेंट से हुई मौत और रजौड़ा के ही युवक की दुर्घटना में हुई मौत से आहत परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्बल प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीकांत राय, रामानंद सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, रविन्द्र सिंह, सुधीर सिंह, उदय शंकर सिंह, ललन भारती, उमाकांत सिंह, शांति देवी, अरुण कुमार नागा, कुंदन सिंह, मुकेश सिंह, पप्पु सिंह, बौकू सिंह, विजय राय कमलकिशोर पोद्दार, भोला पासवान, विजय शर्मा, नरेश शाह, अर्जुन पोद्दार, रामप्रकाश यादव, भोला पासवान, धर्मेंद्र भारती, विजय शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, राजेश शर्मा, साहेब सदा मौजूद थे।

जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में कई मामलों का हुआ निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में आये 150 से अधिक परिवादियों से मिलकर उनकी समस्यायों को सुना जिसमें कई मामलों में स्वयं सबंधित पदाधिकारि दूरभाष पर बात कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया शेष आवेदनों को संबधित विभाग के पदाधिकारियो को ससमय निष्पादन को लेकर अग्रसारित कर कृत करवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया। प्राप्त शिकायतों में भूमि अतिक्रमण भूमि विवाद नल-जल योजना आपसी विवाद जनवितरण आदि से संबधित मामले सबसे अधिक पाए गए। इसके अतिरिक्त समाजिक सुरक्षा योजना बाल विकास परियोजना शिक्षा सहित अन्य कार्यालय में लंबित मामले भी प्राप्त हुए। प्रखण्ड-रहिका के तिकल चौक निवासी के योगेन्द्र ने जमीनी विवाद से संबंधित शिकायत किया की अपने घर के लिए आने जाने वाले रास्ते का वहां के स्थायी दंबग द्वारा रास्ता बन्द कर दिया गया है। कर पुरिया देवी प्रखण्ड-झंझारपुर के निवासी ने इन्दरा आवास योजना को लेकर शिकायत करते हुए कहा कि हमे आज तक इन्दरा आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है एवं राशन कार्ड भी नहीं बना हुआ है।वही प्रखण्ड फुलपरास ग्राम गोढियारी के निवासी रधुनाथ मंडल ने आने जनवितरण प्रणाली विक्रेता के द्वारा अनियमितता का शिकायत किया। जिलाधिकारी ने न केवल आए हुए परिवादियों की समस्याओं को सुना बल्कि उन समस्याओं के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्तजनशिकायतों को पूरी गंभीरता से लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उसका त्वरित निष्पादन करे। उक्त अवसर पर डीडीसी विशाल राज अपर समाहर्ता नरेश झा सहित कई अधिकारी भी उपस्थित थे।

पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ चार शराबी को किया गिरफ्तार बाइक जप्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला की ककरौल गांव में एक मोटर साइकिल पर सवार चार व्यक्ति शराब के नशे में हो हंगामा अनाप सनाप गाली गलौज करते हुए कपिलेश्वर स्थान के तरफ एक बाइक पर ही सवार होकर गया है । सूचना की सत्यापन करने पहुंचे पुलिस टीम ने उक्त चारो व्यक्तियो को जयनगर दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग कपिलेश्वर स्थान के पास एनएच 527बी पर हो हंगामा करते हुए चार व्यक्तियो को गिरफ्तार कर लिया गया तथा बाइक का तलाशी लेने पर डिक्की से 5बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रहिका थाना क्षेत्र के ककरौल गांव निवासी अजीत कुमार ठाकुर पे0 श्यामानंद ठाकुर 2अभिषेक कुमार यादव पे0 दिनेश यादव 3अंकित कुमार पे0 किशोर साह सभी थाना रहिका 4रौशन कुमार पे0 नरेश साह साकिन धेपुरा थाना औंसी ओपी सभी जिला मधुबनी के रूप में किया गया। रहिका थाना अध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चारो अभियुक्त के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।वही गिरफ्तार अजीत कुमार ठाकुर कई अपराधिक मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है।

नवरात्रि के मौके पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के अंबे आश्रम के प्रांगण में समकालीन जवाबदेही परिवार, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं बतकही परिवार के संयुक्त तत्वाधान में नवरात्रि पूजा के मौके पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। जबकि संचालन जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने किया। समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने आगत कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि नवरात्रि भारतीय सनातन सभ्यता संस्कृति की अति महत्वपूर्ण कड़ी है। डाल्टनगंज पलामू से पधारे राष्ट्रीय मंचों को सुशोभित करने वाले कवि विद्या वैभव भारद्वाज ने काव्य पाठ के क्रम में कहा कि तुम नदी के पर जाकर क्या करोगे सच कहो इस पार कुछ भी नहीं।आधुनिक काव्य के महान कवि धनंजय जयपुरी ने कव्य पाठ करते हुए कहा कि आज हुई नवरात्रि की शुरूआत सभी जयकारा लगाए, सिंहा कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर भूगोल विभाग के संस्थापक अध्यक्ष डॉ रामाधर सिंह ने काव्य पाठ के क्रम में गुरु के लक्षणों पर दृष्टि डाली और कहां कि चलो रे मन मां के चरणों में।सामयिक संदर्भ पर व्यंग्य करने वाले कवि विनय मामूली बुद्धि ने कहा कि सांत्वना की भाषा में मेरी त्रुटियां निकालते रहे मेरी पर्ची टटोलते रहे मेरे अपने खंगालते रहे। प्रयोग धर्मिता के पोषक कवि नागेन्द्र प्रसाद केसरी ने शतचंडी चालीसा का पाठ किया।डा शिवपूजन सिंह, शिक्षक राम सुरेश सिंह अवकाश प्राप्त दारोगा मुरलीधर पांडेय सिंहेश सिंह,पुरुषोत्तम पाठक ने नवरात्रि की महता पर प्रकाश डाला। डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि अड़े थे जिद में सूरज बना कर छोड़ेंगे,पसीने छूट गए एक दिया बनाने में।

संक्षिप्त खबरें

10 लीटर शराब सहित कारोबारी गिरफ्तार

संग्रामपुर (मुंगेर)। गस्ती के दौरान संग्रामपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के मकनपुर चौक से बाइक से शराब लेकर जा रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर थाना लाया। जांच पड़ताल में बाइक की डिक्की से 10 लीटर महुआ शराब को जब्त कर लिया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गस्ती के दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक बाइक सवार को रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 10 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। शराब एवं बाइक को जप्त कर लिया गया है तथा शराब कारोबारी को हिरासत में लेकर अग्रसर कार्रवाई के लिए मुंगेर भेज दिया गया है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया

गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा चिल्ड्रेन पाराडाईज एकादमी में नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूप की झांकी प्रस्तुत किया तथा छात्र छात्राओं द्वारा भक्ति गीतों पर डांडिया कर माहौल को भक्ति मय बना दिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह , कुंदन सिंह ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की जीत है और रावण को जलाने से ज्यादा अपने अंदर मौजूद लोभ, मोह, अहंकार,पाप जैसे रावण को जलाने की जरूरत है तभी देश और समाज का कल्याण होगा। इस अवसर पर प्राचार्य उदय कुमार सिंह, निर्देशक पम्मी सिंह, शिक्षक मनोज कुमार भारती, अंजलि कुमारी,जुबी मैडम,सुहानी मैडम जिया सिंह,पुनम कुमारी अजय सिन्हा, साकेत कुमार, सुभाषिनी कुमारी मौजूद थे।

टूर्नामेंट-2023 में नेहा कुमारी को प्रथम स्थान

गया। गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी तथा तेजस्विनी ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज शूटिंग टूनार्मेंट-2023 के अंतर्गत ऐयर राइफल शूटिंग में क्रमशः प्रथम तथा तृतीय स्थान प्राप्त करके कॉलेज का नाम रौशन किया है। वहीं इंटर कॉलेज पिस्टल शूटिंग में कॉलेज की तेजस्विनी तथा नेहा कुमारी ने क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफीज, मेडेल्स तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि गत गुरुवार दिनांक 19 अक्टूबर को कॉलेज की छात्राएँ इंटर कॉलेज शूटिंग टूनार्मेंट-2023 में भाग लेने खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय एवं शिक्षकेतर कर्मी अभिषेक कुमार के संरक्षण में नवादा के कन्हाई लाल साव कॉलेज गयी थीं, जहाँ शूटिंग की विभिन्न विधाओं में छात्राओं की प्रतिभागिता अत्यंत प्रशंसनीय रही। शूटिंग टूनार्मेंट में कॉलेज की शानदार प्रतिभागिता पर खुशी जताते हुए प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हार्दिक खुशी जतायी है।

समाजसेवी संजीव सुमन ने ओल्ड ऐज होम का लिया जायजा

भागलपुर। ओल्ड ऐज होम के वृद्धजनों से मिलकर उनके सुख दुःख को जाना.माता-पिता को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। इनकी सेवा किसी तीर्थ से कम नहीं होती, लेकिन आज के दौर में कुछ बेटे बूढ़े मां-बाप को बोझ समझने लगे हैं। बेटे बेटियां अपनी व्यस्ततम जिंदगी में अपनी लाईफ जी रहे है, बूढ़े मां-बाप के लिए जगह नहीं है। यही वजह है कि वृद्धाश्रमों में दिन-ब-दिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ती जा रही है। भागलपुर के वृद्धाश्रम में रह रहे कुछ ऐसे ही बुजुर्ग मां-बाप के दुःख दर्द को जानने समाजसेवी सह एमआईएम बिहार के प्रदेश सचिव संजीव सुमन ओल्ड ऐज होम पहुंचे। वहां पर रह रहे हर बुजुर्ग से मिलकर उनका हाल-चाल जानते हुए उनके दुख दर्द को जाना। इस अवसर सुमन ने बताया कि लगभग सभी वृद्ध अच्छे परिवार से ताल्लुक रखने वाले थे, किसी का बेटा-बहु चंडीगढ़ में रहता है तो किसी का बेटा-पोता वाशिंगटन में। श्री सुमन ने बताया वृद्ध जनों से भोजन के दौरान बातचीत में उनके शब्दों को सुनकर मेरा हृदय संवेदना से भर गया, मैंने वहाँ जाकर जाना कि आधुनिकता के इस दौर में न्यूक्लियर फैमिली का दौर चल पड़ा है, जिसका खामियाजा वृद्ध माता-पिता को भुगतना पड़ता है. जिससे ओल्ड ऐज होम में वृद्धजनों की संख्या बढ़ती जा रही है। हालांकि उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है. लेकिन उनका देखभाल करने वाला कोई नहीं है. इसके लिए समाज को अपना नजरिया बदलना होगा।

जिला प्रशासन व शांति समिति के सदस्यों के बीच हुई बैठक : डीएम

पूजा स्थलों व शहर पर सीसीटीवी कैमरे से होगी कड़ी निगरानी, सुरक्षा के मद्देनजर पूजा स्थलों पर रहेगी मजिस्ट्रेट की तैनाती

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। शहरी क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्र इलाके में दुर्गा पूजा को लेकर काफी भीड़ जुटती है, जिसके चलते सड़कों पर यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है, वही दुर्गा पूजा के मौके पर उमड़ती भीड़ को लेकर आम लोगों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालन करने के लिए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मेले के दौरान किसी तरह की खलल उत्पन्न न हो और उपद्रवियों पर कड़ी निगरानी हेतू पुलिस बलों के विशेष टास्क फोर्स के जरिए नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन पूर्ण रूपेण तैयारी के साथ मुस्तेद रहेगी हैं। वहीं शहरी क्षेत्र व आसपास के इलाके में बने हर पूजा पंडाल स्थल पर उपद्रवियों की निगरानी हेतू सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगे रहेंगे। जिससे पूजा स्थलों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रहेगी, साथ ही पूजा पंडाल में डीजे बजाने वालों पर पूर्ण रूपेण पाबंदी रहेगी। वही बैठक में मुख्य रूप से मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा को लेकर विशेष वार्ता की गई हैं। वही शांति समिति के लोगों ने कहा है कि शहरी क्षेत्र सहित आसपास इलाके के प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में काफी लंबा अवधि तक की समय लग जाती है, जिससे विषर्जन शोभायात्रा के संबंधित मार्गों में अवस्थित लोगों को कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं जिससे कई परेशानी से जूझना पड़ता है चाहे वह पानी हो या फिर बिजली इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसके लिए समय सुनिश्चित कर तारबद्ध होकर प्रतिमा को ससमय विसर्जित किये जाने का कार्य संपन्न कराया जाय। जिससे शहर वासियों को किसी तरह की परेशानी नहीं झेलनी पड़े। वही बैठक के दौरान जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के अलावे वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, डीडीसी अनुराग कुमार, एसडीओ धनंजय कुमार के अलावे कई पुलिस के पदाधिकारी व संबंधित सभी थानों के थानाध्यक्ष व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

नीतीश कुमार के दिये बयान पर कांग्रेस नेता सह विधायक ने किया व्यंग्य

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। विगत दिनों पश्चिम चंपारण में आयोजित सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में बीजेपी के प्रति कांग्रेस पर जमकर निशाना साधने का काम किया। उक्त बयान को लेकर कांग्रेस नेता सह विधायक अजीत शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि विगत 2006 और 2007 में जो मुख्यमंत्री सेंट्रल यूनिवर्सिटी की मांग की बात कर रहे थे, वह उपाधि क्यों नहीं मिला यह उन्हें नहीं मालूम है क्या, लेकिन कांग्रेस पार्टी लगातार देश व राज्य के लिए विकास का काम करती रही है। वहीं भाजपा के प्रति मुख्यमंत्री का प्रेम एक बार फिर से उमड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वहां सिर्फ बीजेपी के कार्यकर्ता नहीं थे बल्कि सभी पार्टी के वरीय नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे, और मुख्यमंत्री का यह कहना कि वह ताह उम्र सभी के साथ हैं, यह कोई गलत बात नहीं है।

दुर्गा पूजा समिति सदस्यों के साथ हुई बैठक

बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने विसर्जन यात्रा को ले कई समस्या बिंदु पर की विस्तृत चर्चा : मेयर

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय परिसर में मेयर डॉ. वसुंधरा लाल की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा महासमिति सहित चेंबर के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान लगने वाली भीड़ से लोगों को कम परेशानी हो और आम लोगों को राहत मिल सकें साथ ही परिचालन हेतू किस तरह के उपाय किए जाने चाहिए जिससे राहत मिल सकें सहित कई बिंदू को ले विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उपस्थित सदस्यों व व्यापारियों के द्वारा कई तरह के सुझाव दिये गये।

वही शहरी क्षेत्र के मुख्य बाजार मार्ग में भीड़ व जाम की सबसे बड़ी समस्या की बात कही गई है। वही विसर्जन शोभायात्रा के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को मूलभूत सुविधाओं को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन समस्या को दूर करने के लिए व्यापारियों के द्वारा मेयर से आग्रह व अपील की है कि शोभायात्रा के दौरान जिस रूट से शोभा यात्रा निकलते हैं, उस संबंधित मार्ग रास्ते पर विद्युत तारों को अंडर ग्राउंड किये जाने की कवायद पर जोड़ दिया जाय। जिससे यह समस्या सदा के लिए आम लोगों के हित में कारगार साबित हो और लोगों के बीच समस्या जैसी परेशानी की बाधा उत्पन्न न रहे। वही कॉमर्स सदस्यों व व्यापारियों का कहना था कि लंबे समय से यह मांग व्यापारी करते चले आ रहे हैं, लेकिन आज तक विभाग स्तर पर जिला प्रशासन व निगम प्रशासन की उक्त समस्या समाधान हेतू को ठोस कदम नही उठाए गये है। प्रत्येक वर्ष हर एक बार आश्वासन देकर छोड़ दिया जाता रहा है। उक्त समस्या का निराकरण किये जाने की दिशा में कार्य जल्द से जल्द शुरू किये जाने की बात पर जोड़ दिया गया है।

शराब बिनस्टीकरण के दौरान लगी आग, कर्मियों में मची भगदड़

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। जिले भर में मधनिषेद अधिनियम के तहत अवैध शराब व कारोबार में संलिप्त कारोबारी के विरुद्ध पुलिसिया कार्रवाई के दौरान जब्त किये गये सैकड़ो लीटर शराब को उत्पाद थाना पुलिस की मौजूदगी में विनस्टीकरण किया जा रहा था, इसी दौरान अचानक शराब की लिक्विड में आग लग गई, देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी।

वही उक्त आग पर नियंत्रण करने हेतू त्वरित संबंधित पदाधिकारी द्वारा अग्निशमन की एक गाड़ी को बुलाया गया। वही अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंच आनन फानन में लगी आग पर काबू पाया। मामले को लेकर मौके पर मौजूद उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि मच्छर को देखते हुए मॉस्किटो कॉइल जलाया जा रहा था। जिसकी चिंगारी से शराब के अल्कोहल रिसाव के कारण शराब में लग गई थी। जिसकी सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी गई, जिससे कुछ देर बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने पहुंच कर तुरंत आग पर काबू पा लिया, हालांकि इस घटना में कोई हताहत घटित नहीं हुआ है।

दुर्गा पूजा के भीड़ देखते हुए यातायात व्यवस्था में किया बदलाव : डीएसपी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। दुर्गा पूजा को लेकर शहरी क्षेत्र इलाके में काफी भीड़ के साथ जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है, इस दौरान शहरी क्षेत्र के हर चौक चौराहों पर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आम लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने एक ठोस कदम उठाए जाने का निर्णय लिया है। वही यातायात पुलिस प्रशासन ने शहरी क्षेत्र इलाके में 15 गेट बनाए जाने का निर्णय लिया हैं, जहां से होकर अपने गंतव्य स्थान पर आना जाना लोगों को करना पड़ेगा साथ ही शहर के कई मार्गों पर वाहनों के रूट को बदल दिया गया है। वही पुलिस प्रशासन ने पूजा त्यौहार के भीड़ को देखते हुए शहर के बीचोबीच कुल चार जगह पर पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें बड़ी पोस्ट ऑफिस के बीच, शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय, घंटाघर बस स्टैंड रेलवे स्टेशन है। मामले को लेकर ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि पार्किंग के लिए जो जगह सुनिश्चित की गई है, वही पर बहनों का पार्किंग के साथ ठहराव होगा, जिस रूट से आना है और जिस रूट से जाना है उस पर भी विशेष से ध्यान रखें जाने की आवश्यकता है, ऐसा नहीं करने पर वाहन चालक दंडनीय अपराध के भागी होंगे। वहीं उन्होंने शहर वासियों से पूर्ण रूपेण यातायात के नियमों का पालन करने की बात कही है, साथी उन्होंने बताया कि यह नियम दुर्गा पूजा के षष्ठी के संध्या बेला से विसर्जन तक नियम लागू रहेगा।

मुंगेर जिला के राज्य स्तरीय कार्यक्रम समिति के सदस्यों को किया गया नामित

मुंगेर। मुंगेर जिला के राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को नामित किया गया है। इसके लिए बिहार राज्यपाल के आदेश से सरकार के संयुक्त सचिव निशीथ वर्मा द्वारा पत्र जारी किया गया है। अधिसूचना संख्या म 0 स0/ का0 का0 (गठन)- 01 /2011 (पार्ट-1/) 293 पटना दिनांक 18 10 2013 देकर कहा गया है कि समिति के मनोनीत नामित सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से अगले आदेश तक मान्य होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के लिए मंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग बिहार सरकार के मंत्री अनिता देवी उपाध्यक्ष के लिए नचिकेता मंडल बेकापुर मुंगेर , जिला स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के नामित सदस्य रंजन कुमार बिंद, अजय कुमार झा, अर्जुन प्रसाद सिंह, मिथिलेश मंडल, को नामित किया गया है।

पांच सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन है श्री श्री 108 दुर्गा मंदिर धौनी

राढी कायस्थ परिवार के सहयोग से होता है कलश स्थापन एवं पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

- शारदीय नवरात्र में भक्तों की उमड़ती है भीड़
- बांग्ला पद्धति से होती है दुर्गा की पूजा अर्चना

तारापुर मुंगेर । तारापुर प्रखंड के अंतर्गत पड़ने वाले गांव धौनी स्थित पांच सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन श्री श्री 108 दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र पर दुर्गा महारानी की पूजा अर्चना हो रही है । गौरतलब है कि आस-पड़ोस सहित दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के बीच भी मां दुर्गा के प्रति अपार आस्था है । बताया जाता है कि सन 1,600 ई0 के आसपास काली स्थान से अलग हटकर स्वर्गीय झूमकलाल दास ने दुर्गा मंदिर की स्थापना कराया था । तब से आज तक इस दुर्गा मंदिर पर दास परिवार के लोगों द्वारा ही आपसी सहयोग से बांग्ला पद्धति के माध्यम से मां दुर्गा की पूजा अर्चना प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र में कराया जाता है। धौनी गांव के राढ़ी कायस्थ परिवार से जुड़े लोग शारदीय नवरात्र में गांव पहुंचकर आपसी सहयोग राशि से दुर्गा पूजा समारोह का कार्यक्रम कराते हैं । नवरात्र के मौके पर तांत्रिक शक्ति पीठ तिलडीहा के बाद इस दुर्गा मंदिर पर कलश स्थापन के दिन से ही लोगों की भीड़ पूजा अर्चना को लेकर उमड़ती है । श्रद्धालु अपनी मन्नतें मांगने से लेकर पूरी होने तक पूरे नवरात्र यहां पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं। वर्षो पूर्व स्वर्गीय शंभू आचार्य कलश स्थापन कराते थे, इनके निधन के बाद अब उनके ही वंशज गौरव आचार्य कलश स्थापन एवं पूजा अर्चना कराते हैं। पूर्व में मूर्ति का निर्माण गांव के ही कलाकार वासुदेव राम करते थे। इनके निधन के बाद पिछले कई वर्षो से उनके ही वंशज कलाकार विभीषण कुमार साह मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण करते हैं । पूजा कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र कुमार दास सचिव निरंजन कुमार दास एवं सदस्य के रूप में सुनील कुमार दास संजीवन कुमार दास मदन कुमार दास शंकर मोहन दास दिलीप कुमार दास सहित अनिल चंद्र दास इत्यादि हैं । शारदीय नवरात्र पर लाखों रुपए से अधिक की राशि दास परिवार के लोगों द्वारा पूजा अर्चना पर खर्च करते हैं। मान्यता यह है कि यहां मन्नते मांगने वाले श्रद्धालुओं की मुरादें भी मां दुर्गा पूरी करती है। नवरात्र के पहले दिन से ही शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तारापुर प्रशासन अपनी पूरी नजर बनाए रखती है।

जीविका दीदी का आरोप, जीविका कर्मी एवं बैंक कर्मी करते हैं अभद्रता

प्रात : किरण ब्यूरो

संग्रामपुर (मुंगेर)। बिहार सरकार के द्वारा गरीबी उन्मूलन निवारण को लेकर के चलाए जा रहे जीविका जैसे परियोजनाओं ने देश के हर क्षेत्र में अपना कार्य को लेकर के प्रचलित हो गई है। फिर चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, बकरी पालन, गौपालन एवं हर छोटे बड़े व्यापार को लेकर के चर्चा का विषय बना हुआ है। पदाधिकारी एवं परियोजना कर्मी के उदासीनता के कारण जीविका के कार्यो को नाकामयाबी के तरफ ले जाया जा रहा है।

मामला मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड का है। यहां पर गंगा जीविका का महिला ग्राम संगठन रायकर , संग्रामपुर की सदस्य सोनी देवी, शोभा देवी, उर्मिला देवी एवं दर्जनों से अधिक सदस्यों के द्वारा यह शिकायत किया जा रहा है कि जीविका के स्टाफ के द्वारा अपने मनमानी तरह से कार्य करने को लेकर के नाराजगी जताई है। हमारे क्षेत्र में पड़ने वाले सामुदायिक समन्वयक प्रेमलता कुमारी के व्यवहार से हम लोग खुश नहीं हैं। इनके द्वारा स्वयं सहायता समूह से पैसा जमा निकासी करने में हम लोगों को ऑफिस का बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिसका नतीजा यह होता है कि अगर पैसे की जरूरत होती है तो कुसमार पंचायत में पड़ने वाले सामुदायिक समन्वय सीसी का व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण हम लोग अपना छोटा-छोटा व्यापार के लिए पैसे निकासी नहीं कर पाते हैं। वहीं महिला के द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि जीविका के बैंक मित्रा के द्वारा बैंक में पैसे जमा निकासी एवं खाता खुलवाने पर 500 लिया जाता है। बिना पैसे लिए कार्य नहीं किया जाता है। इस संदर्भ में जब प्रखंड परियोजना प्रबंधक निर्भय कुमार से बात किया गया तो उनके द्वारा यह बताया गया कि हमें इस चीज की जानकारी नहीं है अब जानकारी होने पर हम अगले मीटिंग में पैसे लेने देने की बात को रखेंगे। वही जीविका दीदी के द्वारा बैंक के कर्मचारियों के के ऊपर भी यह इल्जाम लगाया गया कि पैसा जमा निकासी करने में हम लोगों के साथ असिस्टेंट मैनेजर चित्कर्ष कुमार के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है । समूह की रजिस्टर को फेंक दिया जाता है उनके द्वारा यह बोला जाता है कि कोई भी जीविका दीदी 2 बजे के बाद अगर बैंक आती है तो उन्हें धक्का मार कर बाहर निकाल दिया जाए।

कहते हैं बैंक असिस्टेंट मैनेजर : इस संदर्भ में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक संग्रामपुर के असिस्टेंट मैनेजर चित्कर्ष कुमार से जब बात की गई तो उनके द्वारा यह बताया गया कि मेरे ऊपर लगाया गया आरोप गलत है। हम लोग 02 बजे तक फील्ड में जाकर के लोन रिकवरी का कार्य करते हैं। उसके बाद फिर बैंक जाकर के जमा निकासी का कार्य करते हैं।

तीन पीढ़ियों से मुस्लिम परिवार मंदिरों में सुबह से शाम शहनाई बजाकर गंगा- जमुनी संस्कृति की मिसाल रखा है कायम

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। आस्था के आगे दो धर्म की ऐसी दीवार टूटी की मानो यह गंगा जमुनी तहजीब का जीता जागता मिसाल सामने प्रत्यक्ष रूप में देखने को मिल रहा है। जिले में हिंदू धर्मावलंबियों के साथ-साथ एक मुस्लिम परिवार ऐसा देखने को मिला है जो तीन पीडियो से बूढ़ानाथ मंदीर प्रांगण में मां दुर्गा के प्रतिमा के समक्ष मां जगतजननी को खुश करने के लिए शहनाई वादन करते चले आ रहे हैं। वही शहनाई वादक को लेकर बताया जा रहा है कि माता रानी ने 1 सौ वर्ष पहले इस मुस्लिम परिवार की घर परिवार की झोली भरी थी, तब से इस मुस्लिम परिवार के बीच माता की भक्ति की ऐसी आस्था जगी कि दो धर्म की दीवार मानो टूट गई। यह मुस्लिम परिवार नवरात्रि में सुबह से शाम तक बुढ़ानाथ मंदिर के मंदिर प्रांगण में कई पीडियों से शहनाई वादन करते चले आ रहे हैं, अपने इस पुरखों की परंपरा को उस्ताद इलिल्ला खान के परिवार ने अभी तक संजोए हुए रखा हैं, माता रानी के प्रति इन परिवारों की अपार आस्था है, जिन्होंने शहनाई की धुन की तान से आसपास के लोगों को नींद से जागते हैं, मानो शहनाई की आवाज से सवेरा हो रहा हो। ज्ञात हो कि उस्ताद इलिल्ला खान शहनाई वादन में महारत हासिल कलाकार थे, उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार भी प्राप्त किये थे तो वही आकाशवाणी दूरदर्शन के भी वह अच्छे शहनाई वादक रहे थे, उन्होंने मां की आराधना में शहनाई वादन कर परंपरा को आगे बढ़ाया और तीन पीढियां उनके परिवार के लोग 40 वर्षो से इस परंपरा को संजोए हुए रखा हैं, विगत 2017 में उस्ताद इलिल्ला खान के मृत्यु के बाद उसके भाई नजाकत अली काजिम हुसैन, जहांगीर हुसैन, उनके बड़े बेटे राशिद हुसैन, उनके बहनोई साजिद हुसैन, बड़े भाई जाहिर हुसैन और भतीजा आजम हुसैन ने इस परंपरा को अभी तक परम्परा को बरकरार रखा है। शहनाई वादन के समय राग भैरव, राग भैरवी, राग दुर्गा, राग बागेश्वरी व राग दरबारी जैसे कई रागों से पूरा मंदिर परिसर और आसपास के इलाके मंत्रमुग्ध हो जाता हैं।

अरूण राव को बिस सुत्री सदस्य बनने पर बधाई का लगा ताता

प्रात : किरण ब्यूरो

गया।बोधगया प्रखंड अंतर्गत ग्राम छांछ के निवासी अरुण कुमार राव को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुशंसा पर बिहार के राज्यपाल के आदेश के आलोक में सरकार के संयुक्त सचिव निशीथ वर्मा द्वारा उन्हें जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति(20सूत्री) के सदस्य रुप में मनोनीत किया गया इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन बाबू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पुर्व विधायक अभय कुशवाहा, धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य चंदन कुमार सिंह एवं पार्टी के बरिष्ठ साथियों को सहहृदय आभार प्रकट करते कहा मैं जदयू के पंचायत के निचली इकाई से लेकर प्रदेश सचिव एवं विधानसभा प्रभारी के रुप में संगठन को सशक्त एवं अपने नेता के हाथों को मजबूत करने में ईमानदारी पुर्वक निस्वार्थ भाव से संगठन में जो जिम्मेदारी दिया गया उसे जीतोड़ मेहनत कर अपने पार्टी के प्रति कर्तव्य का निर्वहन किया बीस सूत्री समिति गठन से जिले भर की जन समस्याओ का समाधान का अवसर मिलेगा।उनके मनोयन पर पुर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर सिंह,जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, अमर नाथ राय, जितेन्द्र दास,शंकर चौधरी,मुनम कुशवाहा,बवंन चंन्द्रवंशी, प्रकाश राम पटवा, सीता राम सिंह, द्वारिका प्रसाद,रौशन राउत, धनंजय शर्मा,राजेश कुमार, मितमबरा लोहड़े,बैजू यादव, विवेक कुशवाहा,सहित सैकड़ों साथियों ने बधाई एवं खुशी व्यक्त किया है।

आर जी एन पब्लिक स्कूल में डांडिया, पेंटीग का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

गया।आर.जी.एन.पब्लिक स्कूल, गया एवम शेरघाटी में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में डांडिया नृत्य और पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है । इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत कर और पेंटिंग बना कर सभी का मन मोह लिया ।

विद्यालय निर्देशक श्री संजय कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। सभी के सुख की कामना करने वाली और सबकी आस्थाओं को समान आदर-सम्मान देने और वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखने वाली भारतीय संस्कृति का दशहरा एक महत्वपूर्ण भाग है। इस दिन महिषासुर और रावण नामक दो बुराइयों का अंत मां दुर्गा और भगवान राम के करकमलों से हुआ। उन्होंने बताया कि दशहरा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम पेंटिंग के प्रयास से बच्चों को दशहरा पर्व के बारे में काफी कुछ जानने को मिलेगा। छात्रों ने स्वतंत्र रूप से डांडिया नृत्य कर एक दूसरे के साथ अपनी खुशियां बांटी। सभी छात्र रंग-बिरंगी कुर्ते और छात्राएं आकर्षक एवं रंग बिरंगी लहंगे पहन हाथ में डांडिया लिए नृत्य करते हुए काफी आकर्षक लग रहे थे। प्राचार्य राजेश वर्मा व निदेशक श्री संजय कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को नवरात्रि की बधाई दी।

श्री आर्दश लिला समिति का हुआ उद्घाटन : कुमार गौरव

प्रात : किरण ब्यूरो

गया। दुर्गा पूजा दशहरा पर हर साल की तरह गया के आजाद पार्क में श्री आदर्श लीला समिति द्वारा आयोजित होने वाले रामलीला का मंचन विद्वत उद्घाटन किया गया इस कार्यक्रम उद्घाटन गया सांसद विजय मांझी नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार मेयर गणेश पासवान डिप्टी मेयर चिंता देवी फूड ड्यूटी मेयर अघोरी ओंकार नाथ श्रीवास्तव एसपी मुकेश सांवरिया कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ गंगा मिश्रा होम्योपैथिक चिकित्सा डॉक्टर वीरेंद्र कुमार एवं कई गण मन अतिथियों ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

इस समारोह की अध्यक्षता गया जिला जदयू युवा अध्यक्ष कुमार गौरव ने किया संचालन मुरली श्रीवास्तव कर रहे थे इस मौके पर सभी अतिथियों का समिति के लोगों के द्वारा अंक वर्ष देकर सम्मानित भी किया गया है ।इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विजय मांझी ने कहा कि रामलीला का मंचन हमारी संस्कृति और सभ्यता को जीवित करती है इसका मुख्य पथ श्री राम के चरित्र को देखने के बाद काफी लोग जुड़ जाते हैं यह समिति की अच्छाई पहले है इसके लिए संसद ने समिति से जुड़े सभी लोगों को बधाई विधि वहीं नगर विधायक ने कहा कि श्री राम के आदर्शों को अपना व्यक्ति सफलता को प्राप्त करता है लेकिन वही नगर विधायक इस बात पर नहीं है सिर्फ कहने को है कि श्री राम के आदेशों को अपना कर हर व्यक्ति सफलता की प्राप्त कर सकता है इस उद्घाटन समारोह को मंचूरियन सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन समिति के महासचिव नवीन कुमार गुप्ता ने की है। श्री आदर्श लीला समिति द्वारा इस बार झांकी के साथ-सा द भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है 20 अक्टूबर तक किसका आनंद शहर वासी लेंगे अध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि इसे खास आकर्षण वाराणसी बंद इलाहाबाद से भगवान के स्वरूप में बैठने के लिए इलाहाबाद से घोड़ा सहित रथ भी आया है। श्री आदर्श जिला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव सेनानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष संदीप सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि गया में रामलीला की शुरूआत वर्ष 1969 मे हुई थीं।

संक्षिप्त खबरें

ग्राम पंचायत गोठहुला में जन संवाद का आयोजन

आरा। ग्राम पंचायत गोठहुला के कृष्ण भगवान मंदिर प्रांगण में जन संवाद का आयोजन प्रखंड अस्तर से प्रखंड विकास का अधिकारी के किया गया जिसमें प्रखंड के सभी योजनाओं के बारे में बताया गया जैसे - आवास, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान ,स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, जन वितरण राशन संबंधी जानकारी, बाल विकास विभाग , मत्स्य विभाग, श्रम विभाग आपदा विभाग राजस्व भूमि सुधार विभाग , कृषि विभाग, सभी विभागों से पदाधिकारी लोग आए जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ,सभी विभागों के पदाधिकारी आए जिसमें अपने-अपने विभाग की सभी योजनाओं के बारे में बताने के काम किया गया इसमें मुख्य अतिथि शगुन प्रसाद मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव , उप मुखिया प्रतिनिधि , मिथिलेश कुमार,सरपंच कृष्ण यादव एवं सभी वार्ड सदस्य स्वच्छता पर्यवेक्षक रवि कुमार, सभी स्वच्छता कमी ,एवं सभी ग्रामीण जनता उपस्थित होकर सरकार द्वारा चलाए गए सभी योजना विस्तार पूर्वक सुना गया।

राष्ट्रपति ने गया के महाबोधि मंदिर का किया दर्शन

गया। महामहिम राष्ट्रपति भारत द्वारा महाबोधि मंदिर का दर्शन किया गया है। इसके साथ ही भगवान महात्मा बुद्ध को चढ़ने वाले खीर भी ऑफर किया तत्पश्चाप भिक्षुगण द्वारा सूक्त पाठ कर उन्हें खादा भेंट किया गया है। बोधि वृक्ष के पास पहुंचकर पूजा अर्चना किया है। मंदिर रिसेप्शन में प्रसाद ग्रहण भी किया है। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर काफी खुशी प्रकट किये है। काफी अच्छे तरीके से यहां व्यवस्थाएं सभी श्रद्धालुओं के लिए है। यहां इस परिसर में काफी शांति महसूस होता है। राष्ट्रपति के गया जिला दौरा को लेकर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने व्यक्तिगत तौर पर लगातार निरीक्षण कर राष्ट्रपति के निर्धारित रूप लाइन में विशेष कर डेल्हा कुजपि की सड़कों को ठीक करवाया है।

विद्यालय में 'डांडिया' प्रतियोगिता का आयोजन

आरा। भगिनी निवेदिता कन्या उच्च विद्यालय में ₹ डांडिया ₹ प्रतियोगिता का आयोजन मानसिकता और उत्तम विचारों की संस्था ₹ संस्कार भारती ₹ आरा के सहयोग से आयोजित की गई। अच्छी पढ़ाई , अच्छी व्यवस्था की शिक्षण संस्थान ₹ भगिनी निवेदिता कन्या उच्च विद्यालय , आरा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। ₹ डांडिया ₹ दो कंडियो का नृत्य , चरितार्थ करता है असत्य पर सत्य की विजय , अधर्म पर धर्म की विजय !एक कंडी धर्म का और दूसरा अधर्म का ; कदाचित मारने वाला कंडी धर्म और चोट खाने वाला कंडी अधर्म का प्रतीक माना जाता है। इस लोमहर्षक कार्यक्रम का उद्घाटन - अजय सिंह , कुंदन कुमारी , आकांक्षा प्रियदर्शनी, साधना श्रीवास्तव, राजेश कुमार, अम्बुज कुमार ,धर्म प्रकाश जी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय जी ने कहा कि गुजरात का गरवा और डांडिया संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य करता है जो आज पूरे भारतवर्ष में प्रचलित हो चुका है। इस प्रतियोगिता में भगिनी निवेदिता और रामरेखा सरस्वती शिशु मंदिर ने भाग लिया।

बालू खनन को लेकर दो गुटों के बीच सैकड़ों राउंड फायरिंग

आरा। आरा में बालू घाट पर भीषण गोलीबारी हुई है। रास्ता बनाने के झगड़े में एक आदमी की जान चली गई। इस फायरिंग में तीन लोग घायल भी हुए हैं। चांदी थाना के खनगाव गांव की घटना है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई। मगर पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। तीनों जख्मियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना के बाद कई थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले को शांत कराने में जुटी है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान हर्षित सिंह के रूप में की गई है, वहीं तीन अन्य लोग घायल हुए है। वहीं भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि चांदी थाना अंतर्गत दोपहर में खानगांव बालू घाट पर रास्ता बनाने के विवाद में दो पक्षों के बीच आपसी फायरिंग की घटना की सुचना मिली। पुलिस को सूचना मिलते ही 15 मिनट में घटना स्थल पर पुलिस पदाधिकारी पहुंच गए तथा फायरिंग में घायल लोगों को अस्पताल में एडमिट करवाया। इलाज के क्रम में हर्षित कुमार सिंह की मृत्यु हो गई तथा अन्य तीन व्यक्ति गोली तथा गोली के छर्रे से घायल है।

देश और विश्व के निर्माण की दिशा में विद्यार्थियों की भूमिका अहम : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

प्रात : किरण संवाददाता

गया। वर्तमान में प्रायः सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया जा रहा है, यह एक बहुत ही सुखद बदलाव है ।यह एक बेहतर समाज के निर्माण में भारत की प्रगति की ध्यातव भी है` यह वक्तव्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजिटर कुलाध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि के रूप दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी में 20 अक्टूबर को आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान दी` अपने दीक्षांत संबोधन में महामहिम राष्ट्रपति ने कहा कि उपाध्याय (डिग्री) प्राप्त करने वाले दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मैं बहुत - बहुत बधाई देती हूँ ।वहीँ उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं की मैं विशेष सराहना करती हूँ। मुझे यह बताया गया है कि दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन देने वाले विद्यार्थियों के लिए स्वर्ण पदकों की कुल संख्या 103 है जिसमें से 66 पदक हमारी बेटियों ने हासिल किया है ।आज जिन 25 विद्यार्थियों ने मंच पर आकर मुझसे गोल्ड मेडल प्राप्त किया उसमें से भी 18 बेटियां थीं और साथ छात्र थे ।सभी देशवासी इस बात पर गर्व करते हैं कि बिहार की इसी धरती पर विश्व की पहली लोकतांत्रिक व्यवस्था फली फूली थी। संविधान सभा के अंतिम भाषण में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने कहा था कि संविधान में प्राचीन साम्राज्यों में शामिल बौद्ध साम्रज्य से भी प्रेरणा ली गई है ।भारत के संविधान एवं आधुनिक गणराज्य के निर्माण में भी बिहार की इस महान धरती से डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा एवं डॉ. राजेंद्र प्रसाद के साथ - साथ बिहार के अनेक विभूतियों ने अमूल्य योगदान दिया है। प्राचीन काल से ही बिहार की यह धरती प्रतिभाओं को विकसित करने में प्रसिद्द रही है चाणक्य और आर्यभट्ट जैसे विद्वानों ने सामाजिक व्यवस्था के साथ - साथ गणित तथा विज्ञान के छेत्र में क्रांतिकारी योगदान दिए जिससे पूरे मानवता के विकास में सहायता प्राप्त हुई है इस विश्वविद्यालय में भी स्कूल के भवनों के नाम आर्यभट्ट भवन एवं चाणक्य भवन रखा गया है जो काफी सराहनीय है। इस विश्वविद्यालय के आचार्यगण प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा विश्वस्तरीय शिक्षण और शोध करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है जो काफी प्रशंसनीय है` अंत में महामहिम ने कहा कि मैं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से यह आह्वान करना चाहूंगीकी आज के इस परिवर्तन वाले दौर में देश और विश्व के निर्माण की दिशा में वे अहम भूमिका निभा सकते हैं ।सम्मानित अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह में उपस्थित महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अपने संबोधन में सीयूएसबी के उत्कृष्ट पठन - पाठन की व्यवस्था एवं नियमित सत्र संचालन की सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के. एन. सिंह को सम्बोधित करते हुए कहा कि नियमित सत्र की तरह दीक्षांत समारोह का भी आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिए और विद्यार्थियों को समय पर उनकी डिग्री वितरित कर देनी चाहिए ।सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, सीयूएसबी के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर जनक पांडेय, भूतपूर्व कुलपति प्रोफेसर हरिश्चंद्र सिंह राठौर एवं अन्य गणमान्यों के कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट करते हुए आगे अपने विचार साझा किए हैं उन्होंने कहा कि ह्लयह धरती ज्ञान एवं मोक्ष की धरती रही है, यहाँ अतीत में नालंदा एवं विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों रहे हैं जिसने पूरी दुनिया को शिक्षा देने का कार्य किया है ।आज उसी धरती पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित है जो देश और दुनिया को शिक्षा देकर अपने गौरवशाली अतीत को फिर से प्रतिस्थापित करने का सकारात्मक प्रयास कर रहा है` सीयूएसबी के कुलपति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, "आज विश्वविद्यालय और पूरे मगध क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।" पूरे विश्वविद्यालय समुदाय ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना अथक प्रयास किया है। हम स्नातक यूजी और स्नातकोत्तर पीजी स्तर पर 1142 उत्तीर्ण छात्रों को स्वर्ण पदक और डिग्री प्रदान करने के लिए समान रूप से उत्साहित हैं। हाल ही में नैक ए ++ ग्रेड से मान्यता प्राप्त, सीयूएसबी ने पहली बार गया में अपने 300 एकड़ के स्थायी हरे-भरे परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है ।दीक्षांत समारोह के दौरान टॉपर्स को डिग्री के साथ-साथ मेडल भी दिया गया जिसमें चांसलर गोल्ड मेडल, स्कूल गोल्ड मेडल, डिपार्टमेंट गोल्ड मेडल आदि शामिल हैं। वर्ष 2018, 2019 और 2020 के दौरान अंडरग्रेजुएट यूजी, पोस्टग्रेजुएट पीजी और एम.फिल.,पीएचडी स्तर के उत्तीर्ण छात्रों को तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री प्रदान की गई है ।103 स्वर्ण पदकों में से छात्राओं ने प्रभावशाली ढंग से 66 पदक हासिल किए हैं। इसके अलावा, कुछ छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों से एक से अधिक स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2016-18 से दो छात्रों को अंकिता कुमारी एमएससी लाइफ साइंस और सान्या दरख्शां किश्वर इंटीग्रेटेड बीएससी एलएलबी ऑनर्स को तीन श्रेणियों चांसलर स्वर्ण पदक, स्कूल स्वर्ण पदक और विभाग स्वर्ण पदक से स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है ` इसी तरह, शैक्षणिक सत्र 2017-19 से फरजाना नवशीन एमएससी बायोटेक्नोलॉजी और नवनीत कुमार इंटीग्रेटेड बीए एलएलबी ऑनर्स और शैक्षणिक सत्र 2018-20 से प्राची कुमार इंटीग्रेटेड बीएससी बीएड और शिवम पांडे एमएससी कंप्यूटर साइंसने तीन श्रेणियों में तीन पदक हासिल किए हैं। वहीं कुछ छात्रों ने स्कूल स्वर्ण पदक और डिपार्टमेंट स्वर्ण पदक नामक दो स्वर्ण पदक हासिल किए हैं।

जिलास्तरीय बीस सूत्री की गठन लिए जदयू नेता चन्दन कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

प्रात : किरण संवाददाता

गया।बिहार सरकार द्वारा जिला स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर दिया गया हू। सरकार के इस चिर-प्रतीक्षित फैसले के बाद से महागठबंधन सहित जद(यू०) के कार्यकताओं में खासा उत्साह है। इस मौके पर जनता दल(यू०) के मुख्यालय प्रभारी 'स्थापना' सह प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अपने कार्यकताओं की भावनाओं और हितों का समुचित ख़्याल रखते हैं। उनका यह ऐतिहासिक कदम जमीनी स्तर के कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करेगा। इसके साथ ही चंदन कुमार सिंह ने कहा कि बीस सूत्री के गठन से आम आदमी की बुनियादी समस्याओं को जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगा। साथ ही उसके निवारण हेतु सरकार आवश्यक पहल करेगी।

मेरठ विस्फोट हादसे के मृतको के परिवार से मिले भाजपा प्रतिनिधि मंडल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। उतरप्रदेश के मेरठ फैक्ट्री मे हुए विस्फोट में जिले के चरपोखरी प्रखंड के कोयल गाँव के मृतक रूपन साह ,प्रयाग साह, अयोध्या राम, सुनील ठाकुर, के परिजनो से भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर घटना की जानकारी प्राप्त की। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा रोजगार का साधन मुहैया उपलब्ध नहीं कराये जाने कारण लोगों को अपने परिवार का जीवकोपार्जन के लिए प्रवासी मजदूर के रूप में बाहर जाना पड़ता है। जिसमें उनकी जान माल की क्षति उठानी पड़ती है उन्होंने ने कहा कि घटना में मारे गए परिवार बेहद ही गरीब परिवार से अतिपिछड़ा, अनुसूचित समुदाय के लोग हैं जिनके रहने के लिए मिट्टी का घर है और उनकी आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। भाजपा नेताओ ने प्रशासन से उनके परिजनों को उचित मुआवजा के साथ जीवकोपार्जन के लिए सरकारी नौकरी देने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में चरपोखरी मंडल अध्यक्ष विक्की सिंह,रामदिनेश यादव, अशोक कुमार सिंह, धुर्व ठाकुर आदि नेतागण थे।

उद्योग मंत्री ने गया जिला उद्योग केन्द्र भवन नवनिर्मित सड़क का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने गया जिला उद्योग प्रशिक्षण केन्द्र भवन छात्रावास सहितबियार्डा में नवनिर्मित सड़क एवं ड्रेनेज लाइट फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर गया उधोग विभाग जीएम विरेन्द्र सिंह,गया नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति सदस्य सह वार्ड नंबर 51 के पार्षद मनोज कुमार ,पीके चौधरी राजद नेता, गौतम कुमार, मिथुन कुमार, अरविंद प्रसाद,अजय प्रसाद मौजूद थे। मौके पर समीर कुमार महासेठ ने कहा है कि बिहार के युवाओं की सोच और हुनर को पूरा देश लोहा मानता है ।उद्योग मंत्री ने कहा कि कोरोना काल में बिहार के युवा अपने प्रदेश लौटे हैं। उनके हुनर का उपयोग करने के लिए राज्य सरकार उद्योग को बढ़ावा दे रही है ।उद्यमियों को हर तरह की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। जब युवाओं को रोजगार मिलेगा तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा और विकसित होगा। छोटे-छोटे यूनिट बनाकर युवाओं को उद्योग और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार को स्पेशल इकोनामिक जोन बनाने की दिशा में काम हो रहा है। युवाओं को उद्योग से जोड़ने के लिए सस्ते दर पर लोन दिया जा रहा है, जमीन उपलब्ध कराया जा रहा है। बिहारियों ने उत्तर प्रदेश पंजाब, महाराष्ट्र आदि राज्यों का कायाकल्प किया है। अब बिहारी अपने राज्य के कायाकल्प के लिए संकल्पित हो गए हैं। इसको ध्यान में रखकर राज्य सरकार उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बिहार में जगह-जगह काम हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

मंत्रों का जाप करने से मनुष्य को आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है: डॉ अजीत शास्त्री

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में आयोजित दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव के छठे दिन शुक्रवार को षष्ठी तिथि के श्रृंगारकर्ता सरला-राजेंद्र कुमार जैन बड़े ही श्रद्धापूर्वक भगवान जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक पूजन एवं शांतिधारा किए। तत्पश्चात प्रतिष्ठाचार्य पं डॉ अजीत जैन शास्त्री के दिव्य मंत्रोच्चार के बीच देवी ज्वालामालिनी मां का आराधना, विधान, गोद भराई, एवं श्रृंगार किया गया। प्रतिष्ठाचार्य डॉ अजीत शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच अपने प्रवचन में कहा कि मंत्रों का जाप करने से मनुष्य को आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। निष्ठा और विधिपूर्वक करने से इच्छित फल की प्राप्ति होता है। देवी मां के गोदभराई के उपरांत साधर्मी वात्सल्य का व्यवस्था मंदिर प्रांगण में था जिसे भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किए। संध्याकालीन कार्यक्रम में सजावटी दीपों से भव्य आरती, भजन, शास्त्र प्रवचन, समाज के महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं डांडिया नृत्य हुआ। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संयोजक डॉ शशांक जैन, मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन, साहू जैन, मनीष चंद्र जैन, अरिंजय जैन, सुप्रिया जैन, सुधा जैन, सुनील जैन, मंजुला जैन, अंजू जैन, सीमा जैन, मनोज जैन, दीपू अग्रवाल, प्रेक्षा जैन, नेहा जैन, पूर्णिमा जैन, प्रतीक जैन, शरणय जैन, शुधात्म जैन, वंश जैन, रौशन जैन, सुधा जैन, निशी जैन, मिनाली जैन, छवि जैन की भूमिका अहम रही।

विगद 26 साल से लभुआनी मोड पर होती आ रही है माँ दुर्गा की पूजा अराधना

प्रात : किरण संवाददाता

गडहनी। (भोजपुर) आरा सासाराम मुख्य मार्ग स्थित लभुआनी मोड हनुमान मंदिर के परिसर मे नवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य पूजा पंडाल मे माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई ।पण्डित इन्द्रजीत पाण्डेय ने बताया कि प्रतिपदा तिथि को विधि विधान के साथ कलश स्थापन किया गया तत्पश्चात दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है ।आज शुक्रवार को नवरात्रि के छठवें दिन माता कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई ।वहीं ग्रामीणो ने बताया कि विगद 26 सालो से लगातार माँ सिद्धेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट लभुआनी द्वारा यहाँ पर दुर्गा पूजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ।हर साल की भांति इस साल भी भव्य पंडाल बनाया गया है ।पूजा पंडाल मे मां दुर्गा के अलावा महिषासुर, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, गणेश जी एवं कार्तिक भगवान की मूर्ति का स्थापना हुआ है ।इस अवसर पर दुर्गा पाठ पंडित इंद्रजीत पाण्डेय के सानिध्य मे यजमान सचिन कुमार एवं रवि कुमार द्वारा माता रानी की षोडशोपचार पूजनादि कार्य किया जा रहा है ।यह पूजा हर साल मुख्य रुप से लभुआनी डेम्हा एवं आसपास के ग्रामीण जनता के सहयोग से किया जाता हैं ।यहाँ सप्तमी अष्टमी नवमी को मेला का आयोजन किया जाता है साथ ही कमिटि के द्वारा देवी जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक आदि का भी आयोजन ग्रामीणो के द्वारा किया जाता है।

ट्रेन से कटकर मां और दो बेटों की दर्दनाक मौत

आरा। भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम रेल खंड पर शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से महिला और दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, सेमरांव रेलवे क्रॉसिंग के समीप पटना-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर दो मासूम बच्चों समेत एक महिला की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दुलौर टोला निवासी पिंटू सिंह की पत्नी गुड़िया देवी (26) और उसके पुत्र प्रियांशु और कल्लू के रूप में की गई है। चरपोखरी के थाना प्रभारी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतक के मायके वालों का आरोप है कि तीनों की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या ट्रेन से कटकर मौत का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले की विभिन्न कोणों से जांच कर रही है ।मृत गुड़िया के पिता शिव प्रसन्न सिंह ने बताया है कि उनकी बेटी के साथ ससुराल वाले मारपीट करते थे। 2019 में उसकी शादी हुई थी। शादी में अपनी क्षमता के अनुसार उपहार दिया था लेकिन सोफा और चैन के लिए बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। कुछ दिनों पहले सोफा पलंग दे दिया था पर वे लोग मानने के तैयार नहीं थे। चेन के लिए बेटी के साथ मारपीट और गाली गलौज करते थे।

जीडी गोयंका प्री स्कूल में डांडिया नाइट का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजधानी के कुम्हरार स्थित जीडी गोयंका प्री स्कूल द्वारा नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार की देर शाम डांडिया नाइट का आयोजन टोडलर हाउस परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे-बच्चियों एवं उनके अभिभावक शामिल हुए और देवा श्री गणेशा, ढोली तारो ढोल बाजे आदि गीतों पर ठुमके लगाने के साथ ही जमकर डांडिया खेला। इस मौके पर स्कूल के निदेशक गौरव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में जीडी गोयंका टूंडला हाउस में पढ़ रहे सभी बच्चों के माता-पिता के लिए नवरात्र के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन रखा गया।

कार्यक्रम को एमके राजू एंकर द्वारा संचालित किया गया, जबकि जीत वॉरियर ग्रुप द्वारा डांडिया नाइट पर विशेष परफॉर्मेंस किया गया कार्यक्रम में अनिल सिंह द्वारा संगीत का आयोजन किया गया।

पूर्व सांसद आरके सिन्हा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर राष्ट्रपति ने बक्सर को दिया सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर। पत्रकारिता, साहित्य, जरूरतमंदों की सेवा करने, रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने डॉ.आर.के सिन्हा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर बक्सर जिले के साथ-साथ पूरे देश का मान बढ़ाया है। राष्ट्रपति से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले पूर्व राज्यसभा सांसद पुराने शाहाबाद जिले के कोइलवर प्रखण्ड स्थित बहियारा गांव के मूल निवासी हैं। आर.के.सिन्हा की बायोग्राफी लिख रहे लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री सिन्हा का जन्म बक्सर में हुआ था। आगे इन्होंने बताया कि अपने करियर की शुरूआत आर के सिन्हा ने पत्रकारिता से की थी, आगे चलकर निर्भिक पत्रकारिता करने की वजह से नौकरी तक चली गई थी। मगर जेपी आंदोलन की एक सशक्त कड़ी आर के सिन्हा ने व्यवसाय के क्षेत्र में कार्य करते हुए जहां एसआईएस जैसी दुनिया की बड़ी निजी सुरक्षा एजेंसी खड़ी कर लाखों लाख लोगों को रोजगार दिया और युवाओं के प्रेरणा स्रोत बने वहीं भाजपा के संस्थापक सदस्य के रूप में कार्य करते हुए साल 2014 में राज्यसभा सांसद निर्वाचित होकर उच्च सदन में भी पहुंचे। उन्हें राष्ट्रपति ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर समस्त पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों की मान को बढ़ाया है। पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा ने रोजगार सृजन के क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्य किया है। उन्होंने साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी कई उपलब्धियां हासिल की है। जरूरतमंदों की सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने कीर्तिमान स्थापित किया है। इन सब उपलब्धियों के कारण अब उन्हें देश की राष्ट्रपति ने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि प्रदान कर मान बढ़ाया है।

हरी नारायण सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में चलाया गया स्वच्छता अभियान

रोहतास। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया द्वारा स्वच्छता अभियान 3 विषय पर सेमिनार सह प्रश्नोत्तरी का रोहतास के हरी नारायण सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घघाटन काजल कुमारी, महापौर, सासाराम, डाइट के प्राचार्य गोविन्द कुमार,डॉ उदय प्रताप राव, इंचार्ज महाविद्यालय अंजना कुमारी यूनिसेफ तथा डॉ रश्मि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम से पहले महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे डॉ उदय प्रताप राव ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से निकल कर बैजला गाँव, आरा सासाराम रोड होते हुए परिसर में वापस आयी। जहाँ महाविद्यालय के छात्र छात्रों एवं महाविद्यालय के शिक्षकगण ने पूरे महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की जिसमें लगभग 18 किलो कचरा का निपटारा किया गया।

राम सीता विवाह, कन्यादान, सीता विदाई, राम वनवास का हुआ मंचन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के रामलीला मैदान में चल रहे दस दिवसीय रामलीला के छठे दिन का मंचन हुआ ।इस दौरान वृंदावन की मंडली द्वारा राम सीता विवाह, कन्यादान, सीता विदाई, राम वनवास, कैकयी-मंथरा, कैकयी-दशरथ संवाद, वनगमन की प्रस्तुति दी। कलाकारो की प्रस्तुति को देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। प्रभु श्री राम व मां जानकी का चौदह वर्ष के वनवास हेतु वन गमन का मार्मिक दृश्य देखकर उपस्थित भक्तों के आंखों में आंसू निकल रहें थें। वहीं राजा दशरथ का पुत्र वियोग अति दुखदायी था। इस दृश्य में एक कर्तव्य निष्ठ पुत्र का दायित्व निभाने हेतु सारा राजकाज व महल छोड़कर भगवान राम वन गमन कर गए। जो मां के प्रति समर्पित होने का प्रमाण प्रस्तुत हुआ। तत्पश्चात चित्रकुट सभा व पुत्र वियोग में दशरथ मरण का दृश्य भी हृदय विदारक रहा। रामलीला को देखने के लिए महिला-पुरुषो की भारी भीड़ उमडी रही। इसके पूर्व रामलीला का शुभारंभ नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, संरक्षक मंडल के डॉ. कुमार द्विजेंद्र समेत अन्य ने संयुक्त रूप से भगवान की आरती कर किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत रामलीला समिति की अध्यक्ष, सचिव आदि ने पट्टिका पहना कर किया। सम्मानित होने वाले बीडी पब्लिक स्कूल के प्रचार्य राजेश राजमणि, एमडीजे पब्लिक स्कूल सोनबरसा के निदेशक नंदकुमार सिंह, व्यावसायी संजय महासेठ, वार्ड पार्षद रंजीत सिंह, व्याहुत कलवार सेवा संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, महासचिव सुरेश प्रसाद (अधिवक्ता), वैश्य परिसंघ के संस्थापक प्रेमचंद्र प्रसाद गुप्ता, रौनियार वैश्य समाज अध्यक्ष किशून प्रसाद गुप्ता, अश्वनी कुमार, मुन्ना सिंह, रंगकर्मी चन्द्रभूषण पांडेय, रजनीश त्रिपाठी, अंबुज आकाश, राममूर्ति ओझा, स्वयंबरा बक्शी, संजय शाश्वत, हर्ष जैन, डॉ.अनिल सिंह, शशि सागर 'बब्बू', साधना श्रीवास्तव, आकांक्षा प्रियदर्शनी, वर्षा खान, डैजी खान, सेफाली श्रीवास्तव, डी. राजन, ओपी पांडेय, शिवेश्वर पांडेय, ओपी कश्यप, अमीत राज, अदिति राज, ओम प्रकाश पांडेय, मनोरंजन पाठक, पंकज भट्ट, कमल किशोर, गायक धर्मेंद्र कुमार, अमितेश रंजन, गीतकार अजय सिंह, राकेश कुमार 'धन्नू' आदि थे। नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने बताया की अगामी 24 अक्टूबर (मंगलवार) विजयादशमी के दिन रात्रि 8 बजे 'रावण पुतला दहन' कार्यक्रम का आयोजन होगा।

सबका साथ सबका विकास के हो रहे हैं सपने साकार : इंदु देवी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आज आरा नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नंबर 5 में नवनिर्मित तीन सड़कों का उद्घाटन माननीय महापौर इंदु देवी व पार्षद रणजीत सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ । पूजा अर्चना कर सड़कों का लोकार्पण किया । इस अवसर पर माननीय महापौर इंदु देवी ने कहा कि मैंने जो चुनाव में वादा किया था उन वादा को पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता है और मैं विकास हेतु प्रयास कर रही हूं ताकि मेरे नगर की जनता को सभी सुविधा मिल सके इस अवसर पर वार्ड पार्षद रंजीत सिंह ने कहा कि वार्ड की जनता के सुविधाओं में ध्यान रख कर सड़क नाली गली की समुचित व्यवस्था हेतु अग्रसर हूं और माननीय महापौर के सहयोग से एक-एक कर सभी कार्य हो रहे हैं पूरा। आगे भी बहुत सारे योजनाओं को धरातल पर लाया जाएगा। इस अवसर पर आलोक अंजन ने कहा कि हम लोगों ने जनता से चुनाव में जो वादा

भारत के फैसले से चीन को लगेगा झटका, लैपटॉप, कंप्यूटर इंपोर्ट के नियम में फिर से बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने लैपटॉप और कंप्यूटर के इंपोर्ट पर लाइसेंसिंग मानदंडों में बदलाव किया है। अब इन उत्पादों के आयातकों के लिए एक ऑनलाइन मंजूरी सिस्टम बनाया गया है। डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड संतोष कुमार सारंगी ने गुरुवार को बताया कि नई लाइसेंसिंग या मंजूरी व्यवस्था का मकसद मुख्य रूप से इन उत्पादों के आयात की निगरानी करना है। यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विश्वसनीय सोर्स से आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

सारंगी ने कहा कि इंपोर्ट पर अंकुश को लेकर इनसे जुड़े लोगों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नीति में कुछ बदलाव किए गए हैं और आयातकों के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन सिस्टम शुरू किया गया है। सारंगी ने कहा कि यह सिस्टम आयातकों के लिए बिना कहीं जाए और बिना संपर्क डिटेल भरने की सुविधा प्रदान करेगी। नई लाइसेंस व्यवस्था लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर (टैबलेट कंप्यूटर सहित), माइक्रो कंप्यूटर, बड़े या मेनफ्रेम कंप्यूटर और कुछ डेटा प्रोसेसिंग मशीनों पर लागू है।

क्यों अहम है सरकार का ये फैसला

यह घोषणा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि सरकार ने चार अगस्त को घोषणा की थी कि घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और चीन जैसे देशों से आयात में कटौती करने के उद्देश्य से आयातकों को एक नवंबर से इन वस्तुओं के आयात के लिए लाइसेंस की जरूरत होगी।

लाइसेंस के लिए क्या करना होगा

डीजीएफटी ने कहा कि आयातक आयात का लाइसेंस हासिल करने के लिए सिस्टम पर आवेदन कर सकता है। इसमें मात्रा, मूल्य या किसी देश पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। नई प्रणाली की तैयारी में रेवेन्यू डिपार्टमेंट भी शामिल है और पूरी आवेदन प्रक्रिया में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा। लाइसेंस ऑटोमैटिक तरीके से जारी किया जाएगा।

इन्हें नहीं मिलेगा लाइसेंस

सारंगी ने कहा, डिनाइड आइडेंटिटी लिस्ट में शामिल कंपनियों को लाइसेंस नहीं मिलेगा। ऐसी सूची में वे कंपनियां शामिल हैं जिन्होंने एक्सपोर्ट प्रोमोशन कैपिटल गुड्स (ईपीसीजी) जैसी योजनाओं का लाभ उठाकर निर्यात दायित्वों को पूरा नहीं किया है या चूक की है। या जिनके खिलाफ डीआरआई (डायरोक्टेरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस) के मामले चल रहे हैं। पुराना सामान या आयात करने की इच्छुक कंपनियों को भी इस लाइसेंस के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं होगी।

विश्वसनीय डिजिटल प्रणाली हो

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह सब हमें उस तरह का डेटा और जानकारी प्रदान करे जिसकी हमें आवश्यकता है जिससे हमारे पास एक पूरी तरह से विश्वसनीय डिजिटल प्रणाली हो।

त्यौहारों की धूम के बीच अक्टूबर के बचे हुए 11 दिनों में आठ दिन बैंक बंद

नई दिल्ली, एजेंसी। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। अक्तूबर महीने के आने वाले 11 दिनों में दुर्गा पूजा, दशहरे की धूम रहेगी। इस मौके पर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दिन बैंकों में छुट्टी है। दुर्गा पूजा पर कई राज्यों में 25, 26 और 27 अक्तूबर तक बैंक बंद रहेंगे।

आरबीआई की ओर से जारी बैंक छुट्टियों के कैलेंडर के अनुसार 23 और 24 अक्तूबर को दशहरे की छुट्टी है। इसके अलावे अक्तूबर के बचे दस दिनों में लक्ष्मी पूजा और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भी बैंक बंद रहेंगे। आइए अक्तूबर महीने में शनिवार और रविवार के अलावे बैंक किस-किस दिन बंद रहेंगे। अक्तूबर के बचे हुए 11 दिनों में (21 से 31 अक्तूबर के बीच) आठ दिन बैंक बंद रहेंगे।

419 करोड़ रुपये के मिले ऑर्डर, रेल कंपनी के शेयरों में आई तूफानी तेजी

नईदिल्ली, एजेंसी। सरकारी रेल कंपनी, रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में तेज उछाल आया है। रेल कंपनी के शेयर शुक्रवार को करीब 3 पर्सेंट की तेजी के साथ 172.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर गुरुवार को 166.65 रुपये पर बंद हुए थे। पश्चिमी रेलवे की तरफ से 419 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिलने के बाद रेल विकास निगम के शेयरों में यह तेजी आई है। रेल विकास निगम के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 199.35 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 35.60 रुपये है।

पश्चिमी रेलवे से कंपनी को मिले हैं 2 ऑर्डर: रेल विकास निगम और एमपीसीसी के संयुक्त उपक्रम को पश्चिमी रेलवे से लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस मिला है। इस ऑर्डर के तहत वडोदरा डिवीजन में नडियाद-पेटलाद के बीच इंजीनियरिंग वर्क्स, 50 द्वद्व मशीन क्रश्ड स्टोन बैलस्ट की सप्लाई और ट्रैक वर्क्स पूरा करना है। इस ऑर्डर की वैल्यू 245 करोड़ रुपये है और इसे 24 महीने में पूरा किया जाना है। कंपनी को वडोदरा डिवीजन में ही पेटलाद-भादरण के बीच भी ऐसा ही काम मिला है। इस दूसरे ऑर्डर की वैल्यू 174 करोड़ रुपये है और इसे 24 महीने में पूरा किया जाना है।

रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में पिछले एक साल में 375 पर्सेंट का उछाल आया है। सरकारी रेल कंपनी के शेयर 20 अक्टूबर 2022 को 35.80 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 20 अक्टूबर 2023 को 172.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, इस साल अब तक रेल विकास निगम के शेयरों में 149 पर्सेंट का उछाल आया है। जबकि पिछले 6 महीने में रेल विकास निगम के शेयरों में 121 पर्सेंट की तेजी आई है। वहीं, पिछले 3 साल में सरकारी रेल कंपनी के शेयर 803 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 18.80 रुपये से बढ़कर 172.65 रुपये पर पहुंच गए हैं।

दिल्ली सरकार की पॉलिसी ने दिया झटका

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार के एक फैसले की वजह से इंद्रप्रस्थ गैस और महानगर गैस के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है। कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 11 प्रतिशत तक लुढ़क गए थे। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के शेयरों में गिरावट की वजह दिल्ली सरकार की ईवी पॉलिसी को माना जा रहा है। दिल्ली सरकार ने कैब और डिल्हेवरी सर्विस प्रवाइडर्स के लिए ईवी पॉलीसी को मंजूरी दे दी है। इसी खबर ने शेयर बाजार में इंद्रप्रस्थ गैस और महानगर गैस हिलाकर रख दिया है। महानगर गैस के शेयरों में आज यानी शुक्रवार को 7 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, इंद्रप्रस्थ गैस के शेयर 11 प्रतिशत लुढ़क गए हैं। इंद्रप्रस्थ गैस को दिल्ली सरकार के अलावा ब्रोकरेज हाउस जेफरिज से भी झटका लगा है। जेफरिज ने इंद्रप्रस्थ गैस के टारगेट प्राइस को घटाकर 465 रुपये कर दिया है। साथ ही इसे होल्ड करने की सलाह दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कहा है कि दिल्ली गवर्नमेंट ने एलजी के पास ईवी पॉलिसी को फाइनल अप्रूवल के लिए भेज दिया है। सरकार तेजी के साथ ईवी को बढ़ावा देने के प्रति इच्छुक नजर आ रही है। सरकार की पॉलिसी में ओला और ऊबर से जैसी कंपनियों के लिए अगले 6 महीने में 5 प्रतिशत ईवी गाड़ियों के लिए लक्ष्य रखा गया है।

भारत में भरोसेमंद डेटा आधारित नीतियों की जरूरत: इंदरमीत गिल

नई दिल्ली, एजेंसी। विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंदरमीत गिल ने कहा, भारत जैसे मध्यम आय वाले देशों में डेटा भरोसेमंद होने चाहिए। ऐसे आंकड़ों पर आधारित नीतियों की मदद से ही अगले 3-4 दशकों में भारत उच्च आय वाले देशों की श्रेणी में शामिल हो सकता है। गिल ने कहा कि विश्वसनीय आंकड़ों के आधार पर नीतियां नहीं बनाने पर सतत विकास हासिल करना कठिन हो जाएगा।

गिल ने कहा, उच्च आय वाले देशों में विकसित होने के लिए एमसीआई (मध्यम आय वाले देशों) को अपनी मध्यम आकार की कंपनियों में घाटे को कम करना होगा। उन्होंने कहा, च्च(आगे चलकर) भारत जैसे मध्यम आय वाले देशों के लिए आर्थिक विकास कठिन होगा, आसान नहीं।ज्ज उन्होंने दोहराया कि अगर अगले 3-4 दशकों में उच्च आय वाले देशों की सूची में शामिल होना चाहते हैं तो विश्वसनीय जानकारी के आधार पर नीतियां बनानी होंगी। उन्होंने कहा, पिछले तीन दशकों-(1990 और 2021 के बीच) के दौरान अपेक्षाकृत कुछ देश (31) उच्च आय वाले देशों के तौर पर विकसित हुए हैं। विश्व बैंक के अनुसार, दुनिया के मध्यम आय वाले देश (एमआईसी) आकार, जनसंख्या और आय स्तर के हिसाब से एक विविध समूह हैं।

ऐसे देशों को निम्न मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में परिभाषित किया गया है - जहां प्रति व्यक्ति जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) यूएसडी 1,036 और अमेरिकी डॉलर 4,045 के बीच है। उच्च मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में प्रति व्यक्ति जीएनआई एसडी 4,046 और यूएसडी 12,535 के बीच है। मध्यम आय वाले देशों (एमआईसी) में विश्व की 75 प्रतिशत आबादी और 62 प्रतिशत विश्व के गरीब रहते हैं। एमआईसी वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई प्रतिनिधित्व करते हैं और वैश्विक विकास के प्रमुख इंजन हैं। 12,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक की प्रति व्यक्ति आय (वार्षिक) वाले देशों को उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में परिभाषित किया गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। वित्त मंत्रालय का दावा है कि 2014 में पीएम मोदी की सरकार बनने के बाद आर्थिक नीतियों के आधार पर भारत ने लंबी छलांग लगाई है।

पिता गांव में ठेले पर बेचते थे आम, बेटे ने लगाया दिमाग और बना दी 400 करोड़ की आइसक्रीम कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी। गरीबी में पैदा होना हमारे हाथ में नहीं होता, लेकिन गरीबी में नहीं मरना हमारे हाथ में है। सपने बड़े हों, तो मेहनत और संघर्ष के साथ किसी भी मंजिल को पाया जा सकता है। सफलता की ऐसी ही एक कहानी नेचुरल्स आइसक्रीम कंपनी की है। यह कंपनी कर्नाटक के एक गांव में फल का ठेला लगाने वाले के बेटे ने शुरू की थी। आज यह 400 करोड़ रुपये से अधिक की कंपनी है। यह कहानी रघुनंदन श्रीनिवास कामत की है।

आम बेचते थे पिता: कामत के पिता कर्नाटक के मैंगलोर जिले के एक गांव में आम बेचते थे। कामत अपने पिता को सही फल चुनते हुए और उसे लंबे समय तक उसे सुरक्षित रखने का प्रयत्न करते देखते थे। कामत ने अपने पिता के साथ कई साल तक सही फलों को चुनना और उन्हें प्रीजर्व्ड रखना सीखा। लेकिन कामत के सपने बड़े थे। वे कुछ बड़ा करना चाहते थे। बिजनस करने का सोचकर कामत मुंबई आ गए।

जुहू में खोला पहला स्टोर: कामत ने 14 फरवरी 1984 में अपना पहला आइसक्रीम ब्रांड नेचुरल्स शुरू किया। उन्होंने मुंबई के जुहू में पहला स्टोर खोला था। उस समय नेचुरल्स में केवल 4 कर्मचारी थे। उन्होंने आइसक्रीम के 10 फ्लेवर रखे थे। शुरुआत में कामत को यह डर था कि पता नहीं लोगों को आइसक्रीम के ये फ्लेवर पसंद आएंगे या नहीं। इसलिए उन्होंने

मेन प्रोडक्ट पाव भाजी रखा और आइसक्रीम को एड-ऑन प्रोडक्ट की तरह बेचने लगे। इसके बाद उन्होंने 12 फ्लेवर्स के साथ स्टोर को पूरी तरह आइसक्रीम पार्लर के रूप में स्टार्ट किया।

5 लाख से 400 करोड़ का सफर: रघुनंदन के इस ब्रांड की एक खास बात थी। नेचुरल्स की आइसक्रीम में कोई भी केमिकल या कलर नहीं मिलाया जाता था। उन्होंने 40 साल तक इस खासियत को बनाए रखा। इससे कारोबार में तेजी से ग्रोथ हुई। अब नेचुरल्स देश के टॉप 10 ब्रांड में शामिल है। जुहू में उन्होंने 200 वर्गफीट में पहला स्टोर खोला था। शुरुआती साल में उन्हें 5 लाख रुपये का टर्नओवर मिला था। वित्त वर्ष 2020 में नेचुरल्स आइसक्रीम का टर्नओवर 300 करोड़ पर पहुंच गया था। साल 2022 में यह बढ़कर 400 करोड़ रुपये हो गया।

फ्रूट, शुगर, मिल्क और मां हैं एसपी: कामत कहते हैं कि उन्होंने मां से स्वाद बढ़ाने का गुर सीखा है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि उनके ब्रांड की यूएसपी फ्रूट, शुगर, मिल्क और मां हैं। कामत ने नेचुरल्स की मार्केटिंग टैगलाइन भी 'टेस्ट द ओरिजनल' रखा है। नेचुरल्स के पार्लर पर अब सिर्फ आइसक्रीम ही नहीं, बल्कि हलवा और लड्डू जैसी मिठाइयां भी मिलती हैं। वे नेचुरल चीजों से अपने सारे प्रोडक्ट बनाते हैं।

नेटफ्लिक्स पर 18 अक्टूबर को भारत की पहली सर्वाइवल ड्रामा सीरीज़ - काला पानी का प्रीमियर होगा

मुंबई, एजेंसी। जीवित रहने का एक ऐसा संघर्ष जो देखकर दिल की धड़कनें बढ़ जायेंगी और दर्शक यह सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि जीवित रहने के लिए कोई किस हद तक जा सकता है? भारत के मुख्य तट से मीलों दूर चारों ओर से खारे पानी और समुद्री हवाओं से घिरे अंडमान और निकोबार द्वीप, समूह में एक कुदरत का खजाना है, जिसके बीचोंबीच कई रहस्य अभी भी खोजे जाने का इंतज़ार कर रहा है।। जब जान दाँव पर लगी हो, और समय लगातार हाथ से निकल रहा हो, किसी का जीवन ख़तरे में हो, तो दो ही विकल्प बचते हैं, या तो जान बचाए रखें या फिर भाग जाएं। नेटफ्लिक्स के सर्वाइवल ड्रामा, काला पानी के ट्रेलर में कुछ लोगों की यात्रा की झलक मिलती है, जो भारत के मुख्य समुद्री तट से बहुत दूर इन द्वीपों में फँस गए हैं, जहाँ उनकी मदद करने वाला कोई नहीं। जब लड़ाई प्रकृति के विरुद्ध हो और मानवता खतरे में हो, तो कोई क्या बलिदान देना चाहेगा? काला पानी से बचने के लिए कोई किस हद तक जाएगा? अपनी जान बचाने के इस संघर्ष में क्या वो काला पानी से बाहर निकल पाएंगे? मोना सिंह, आशुतोष गोवरिकर, अमेय वाघ, सुकांत गोयल, विकास कुमार, अरुशी शर्मा, राधिका मेहरोत्रा, चिन्मय मंडलेकर और पूर्णिमा इंद्रजीत जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ यह सीरीज़ अब तक का सबसे रोमांचक सर्वाइवल ड्रामा होगी। पोशम पा पिक्चर्स द्वारा निर्मित, इस सीरीज़ का निर्देशन समीर सक्सेना और अमित गोलानी ने किया है। इसका स्क्रीनप्ले बिस्वपति सरकार, अमित गोलानी, संदीप साकेत और निमिषा मिश्रा ने लिखा है। तो 18 अक्टूबर को काला पानी की दुनिया में गोता लगाने की तैयारी कर लीजिए, केवल नेटफ्लिक्स पर।

कैम्पस एक्टिववियर ने भोपाल में खोला अपना पहला एक्सक्लुज़िव रीटेल स्टोर

भोपाल एजेंसी। भारत के प्रमुख स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर ने डीबी सिटी मॉल, भोपाल में अपने पहले एक्सक्लुज़िव रीटेल स्टोर का लॉन्च किया है। 450 वर्गफीट क्षेत्रफल में फैले इस स्टोर का लॉन्च एलजी-4, लोअर ग्राउंड फ्लोर, डीबी सिटी मॉल, जोन-1, अरेरा हिल्स, एमपी नगर, भोपाल (एमपी)- 462011, में किया गया, जहां उच्च गुणवत्ता के फैशनेबल एवं किफ़ायती फुटवियर्स की व्यापक रेंज उपलब्ध होगी। ब्राण्ड ने उपभोक्ताओं को फैशनेबल फुटवियर उपलब्ध कराने तथा मल्टी-चैनल सेल्स दृष्टिकोण के तहत इस आउटलेट का लॉन्च किया है, जो उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नए लॉन्च किए गए आउटलेट में कैम्पस एक्टिववियर की ओजीज़, नाइट्रो फ्लाय और नाइट्रो बूस्ट फुटवियर रेंज उपलब्ध होगी, जो उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगी। ढेरों विकल्पों के साथ यह स्टोर उनकी एथलेटिक एवं फैशन संबंधी सभी ज़रूरतों को पूरा करेगा, आउटलेट में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। भव्य उद्घाटन के अवसर पर कैम्पस एक्टिववियर एक स्पेशल ऑफर भी लेकर आया है जिसके तहत रु 3499 और इससे अधिक की खरीददारी करने वाले उपभोक्ता स्टाइलिश बैकपैक बिल्कुल मुफ्त पा सकेंगे।

8 महीने में 350 प्रतिशत का रिटर्न, एक्सपर्ट बोले- खरीद लीजिए सुजलॉन एनर्जी के शेयर

नईदिल्ली, एजेंसी। सुजलॉन एनर्जी के निवेशकों के लिए चालू वित्त वर्ष काफी शानदार रहा है। मार्च 2023 में एनएसई में सुजलॉन एनर्जी के शेयरों का भाव 7 रुपये के आस-पास था। जोकि शुक्रवार को 32.25 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी मजह इस वित्त वर्ष में ही कंपनी के शेयरों की कीमतों में 350 प्रतिशत की तेजी देखने को मिल चुकी है। कंपनी के शेयर 2014 के हाई लेवल 32 रुपये को भी क्रॉस कर गया है। अब सवाल उठता है कि क्या अब भी सुजलॉन के शेयरों को खरीदना सही रहेगा या नहीं?

40 रुपये तक जा सकता है भाव : सुजलॉन के शेयरों पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट्स के अनुसार शेयरों में तेजी के पीछे की बड़ी वजह घटते कर्ज और बढ़ते वर्क ऑर्डर को माना जा रहा है। उनका मानना है कि अभी कंपनी के शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले समय में सुजलॉन के शेयरों का भाव 40 रुपये के लेवल तक जा सकता है।

एक्सपर्ट ने कहा खरीद लो : बोनांजा पोर्टफोलियो से जुड़े सीनियर रिसर्च एनालिस्ट राजेश सिन्हा कहते हैं, च्सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में वित्त 24 के दौरान तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में इस दौरान 350 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। सुजलॉन के शेयरों में आई तेजी के पीछे की 2 वजहें हैं। पहली वजह कर्ज कटौती का प्लान और दूसरा हाल ही में मिला वर्क ऑर्डर है। इसी वजह से कई ब्रोकरेज फर्म इस स्टॉक को खरीदने की सलाह दे रहे हैं।

न्युवोको ने अपने चित्तौड़ सीमेंट प्लांट की 10 साल की सफलता का जश्न अपने डीलर पार्टनर्स के साथ मनाया

जयपुर, एजेंसी। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने राजस्थान में अपने चित्तौड़ सीमेंट प्लांट की 10वीं वर्षगांठ मनाई। इस आयोजन में राजस्थान, पश्चिमी-मध्य प्रदेश और गुजरात के 150 डीलर पार्टनर्स एक साथ आए और 10वीं वर्षगांठ के मौके पर एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का लक्ष्य तय किया। न्युवोको के शीर्ष प्रबंधन, सुश्री मधुमिता बसु (चीफ ऑफ मार्केटिंग, इनवेस्टर रिलेशंस और सीमेंट सेल्स एंड बिजनेस डेवलपमेंट-नॉर्थ), श्री शरद श्रीमाली (चीफ लॉजिस्टिक्स ऑफिसर) और श्री संजय जोशी (चीफप्रोजेक्ट्स एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर-नॉर्थ) ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और सभी डीलर्स एवं उपस्थित लोगों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान कंपनी और संचालन संबंधी इनसाइट्स को भी एक दूसरे के साथ सांझा किया गया।

12 अक्टूबर 2013 को चित्तौड़ सीमेंट प्लांट ने अपना पहला ट्रक लॉन्च किया और सफलता का एक दशक पूरा होने का जश्न मनाया। इस अवसर का जश्न मनाने के लिए, आधे दिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें चित्तौड़ सीमेंट संयंत्र का दौरा, खदानें, पैकिंग यूनिट और कैप्टिव पावर प्लांट शामिल था। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को एक फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें उत्तर में संयंत्र और कंपनी के विकास की उल्लेखनीय 10 साल की यात्रा को दर्शाया गया था। यह आयोजन एक सार्थक व्यावसायिक बैठक, मनोरंजन और 100 मजबूत बिजनेस पार्टनर्स के लिए विशेष सम्मान के साथ जारी रहा। आयोजन में शामिल प्रत्येक भागीदार को उनके अटूट समर्थन के लिए एक प्रमाणपत्र और एक विशेष उपहार के साथ सम्मानित किया गया।

सुश्री मधुमिता बसु, चीफ ऑफ मार्केटिंग, इनवेस्टर रिलेशंस और सीमेंट सेल्स एंड बिजनेस डेवलपमेंट-नॉर्थ ने कहा कि उत्तरी बाजार हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और हमारा निर्धारित फोकस क्षमता में 2.6 मीट्रिक टन से 6.2 मीट्रिक टन तक कई गुना वृद्धि को दर्शाता है। भिवानी और निंबोल में चल रही विस्तार पहल न केवल मौजूदा बाजारों में हमारी पकड़ मजबूत करेगी, बल्कि हरियाणा, राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश और गुजरात तक हमारी पहुंच का विस्तार करेगी, जिससे प्रीमियम चैनल पार्टनर्स के साथ संबंध बनाने में मदद मिलेगी। हम मात्रा से अधिक वैल्यू, प्रीमियमीकरण पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं, और मार्जिन में सुधार हमारी ग्रोथ को आगे बढ़ाता है। श्री संजय जोशी, चीफप्रोजेक्ट्स एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर-नॉर्थ, न्युवोको ने कहा कि चित्तौड़ सीमेंट प्लांट दक्षता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। कई बाहरी एजेंसियों ने इसे इसके उच्च सुरक्षा मानकों और सबसे अधिक में से एक होने के लिए मान्यता दी है।

वीरहेल्थ केयर लिमिटेड को निर्यात ऑर्डर प्राप्त हुआ

अहमदाबाद, एजेंसी। आयुर्वेदिक, हर्बल और पर्सनल केर उत्पादों के व्यवसाय में लगी वीरहेल्थ केयर लिमिटेड कंपनी को पूर्वी अफ्रीका से रु. 1.36 करोड़ का निर्यात ऑर्डर मिला है। कंपनी को विजन इम्पेक्स लिमिटेड, युगांडा, पूर्वी अफ्रीका से फ्रेश अप रेड जेल टूथपेस्ट सप्लाई करने का ऑर्डर मिला है। कंपनी को अगले तीन महीनों में इस ऑर्डर को पुरा करने की उम्मीद है।

यह ऑर्डर मोरक्को, कैसाब्लांका सहित उत्तर पश्चिम अफ्रीकी देशों को टूथपेस्ट की व्हिडेंट रेंज की आपूर्ति के लिए जून 2023 में हस्ताक्षरित अनुबंध के अतिरिक्त है। यह कदम निर्यात बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और निर्यात बिक्री बढ़ाने के लिए कंपनी की विस्तार योजनाओं का हिस्सा है। कंपनी पहले से ही अफ्रीकी देशों में विभिन्न प्रकार के टूथपेस्ट का सफलतापूर्वक निर्माण और निर्यात कर रही है।

कंपनी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने 25 सितंबर, 2023 को हुई बैठक में 1ः1 के अनुपात में (प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर के लिए 1 बोनस इक्विटी शेयर) 99,99,238 बोनस शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी रु. 21 करोड से बढाकर रु. 31 करोड करने को भी मंजूरी दे दी है।

कंपनी के पास स्किनकेयर, बॉडीकेयर, हेयरकेयर, ओरलकेयर, हेल्थकेयर और खुशबू में 100 से अधिक हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों का एक मजबूत उत्पाद पोर्टफोलियो है। कंपनी के ब्रांड 'आयुवीर' और उसके ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को घरेलू और निर्यात बाजारों में मजबूत पकड़ मिल रही है; कंपनी ने अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका को निर्यात शुरू किया है। कंपनी के ग्राहकों में दवा इंडिया, ग्रेसियस फार्मा, बाबुलिन फार्मा, ग्रेसिएरा फार्मा आदि शामिल हैं। कंपनी का लक्ष्य ग्राहकों की विभिन्न स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुसंधान-आधारित गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य देखभाल और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों का अग्रणी प्रदाता बनना है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 में व्यवसाय संचालन में सफलतापूर्वक बदलाव किया है और राजस्व और मुनाफे में वृद्धि और क्वांटम उछाल के अगले चरण के लिए तैयार है। कंपनी अपने दीर्घकालिक विकास रोडमैप पर अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है और उम्मीद है कि वह अपनी विस्तार योजनाओं को जल्द ही पूरा कर लेगी। कंपनी के 'आयुवीर' ब्रांड को घरेलू और निर्यात बाजार में अच्छी पकड़ मिल रही है और कंपनी आने वाले समय में कई इनोवेटिव उत्पाद लॉन्च करने की योजना बना रही है।

रवींद्र जडेजा को मिला 'सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरस्कार', टीम इंडिया ने मनाया जश्न

पुणे (एजेंसी)। टीम इंडिया का ड्रेसिंग रूम उस समय खुशी से झूम उठा, जब आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में बांग्लादेश पर टीम की शानदार जीत के बाद ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा को 'सर्वश्रेष्ठ फील्डर' घोषित किया गया। गेंद से भी शानदार प्रदर्शन करने वाले जड़ेजा ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत बनाम बांग्लादेश मैच के दौरान मुश्फिकुर रहीम को पवेलियन भेजने के लिए अविश्वसनीय कैच लपका था।

कैच लेने के तुरंत बाद उन्होंने ड्रेसिंग रूम की ओर देखा और फील्डिंग कोच से पुरस्कारों की घोषणा होने पर उन्हें याद रखने के लिए कहा। पाकिस्तान के खिलाफ अपनी विकेटकीपिंग के लिए पुरस्कार जीतने वाले केएल राहुल ने पदक को जडेजा के गले में डाला। दूसरी ओर शुबमन गिल ने धीरे-धीरे अपनी लय हासिल की और अर्धशतक पूरा किया। विराट कोहली आउट से बचे, उन्हें नो-बॉल और फ्री हिट का सामना करना पड़ा और इस शुरुआत के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपना 48वां वनडे शतक पूरा कर लिया।

इससे पहले जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जड़ेजा ने बांग्लादेश को 256 रनों पर रोकने के लिए हाथ मिलाया। पहले पावरप्ले के बाद बांग्लादेश की टीम अच्छी स्थिति में थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने एकजुट होकर काम किया और बीच के ओवरों में नियमित विकेट चटकाए। केएल राहुल और रवींद्र जड़ेजा ने मैदान में शानदार प्रदर्शन किया और सनसनीखेज कैच लपके। जडेजा ने कहा, वह जश्न हमारे फील्डिंग कोच के लिए था। हर खेल के बाद हमें सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार मिलता है इसलिए मैं उन्हें बता रहा था कि मैं भी यहां (पुरस्कार के लिए) हूं। विराट कोहली को उनके शानदार शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। चार जीत के बाद भारत अब रविवार को धर्मशाला में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

पठान ने वर्षों बाद किया खुलासा

पाकिस्तानी फैन्स ने मुझ पर कील फेंकी, यह मेरी आंख पर लग सकती थी

पुणे (एजेंसी)। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर अपनी निराशा व्यक्त की है। भारत-बांग्लादेश मैच की कमेंट्री के दौरान पठान ने खुलासा किया, पेशावर में पाकिस्तानी प्रशंसकों ने एक मैच के दौरान मुझ पर कील फेंकी थी। यह मेरी आंख के ठीक नीचे लगा और यह मेरी आंख में भी घुस सकता था।

पठान ने पीसीबी से भारतीय दर्शकों के बारे में चिंताएं बढ़ाने से पहले अपने मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। यह घटना 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में एक महत्वपूर्ण भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान हुई, जहां कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों को स्टैंड से धार्मिक मंत्रोच्चार का सामना करना पड़ा। पीसीबी ने इस मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन शिकायत खारिज कर दी गई।

पठान ने उस घटना को याद करते हुए कहा, %मैं पेशावर में पाकिस्तान की भीड़ के सामने अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, और तभी स्टैंड से किसी ने मुझ पर कील फेंकी, जो मेरी आंख के ठीक नीचे लगी। मैच करीब 10 मिनट तक रुका रहा, लेकिन हमने इसे कोई बड़ा मुद्दा नहीं बनाया। हमने तय किया कि खेल अच्छा चल रहा है, इसलिए हम आगे बढ़े। हमने प्रशंसकों के खिलाफ कुछ नहीं कहा क्योंकि हम जानते थे कि अगर हमने उन पर ध्यान दिया तो इससे हमारा ध्यान मैच से भटक जाएगा और हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। कील मेरी आंख में लग सकती थी, लेकिन हमने आज तक इसके बारे में कभी बात नहीं की।

वर्ल्ड कप 2023-दक्षिण अफ्रीका - इंग्लैंड की टक्कर आज

इंग्लैंड अफगानिस्तान से मिली हार की निराशा से आगे बढ़ गया है : बटलर

मुंबई (एजेंसी)। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में अफगानिस्तान के हाथों मिली हार की निराशा को पीछे छोड़ दिया है और

कप्तान जोस बटलर ने शुक्रवार को कहा कि टीम के अंदर आगामी मैचों को लेकर अच्छी बातचीत हुई है। मौजूदा विश्व कप में खेल रही टीमों में इंग्लैंड का बल्लेबाजी क्रम सबसे मजबूत है। अफगानिस्तान के खिलाफ हालांकि टीम जीत के लिए 285 रन का पीछा करते हुए महज 215 रन पर सिमट गयी थी। बटलर ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से पहले यहां कहा, 'हार को पचाने के लिए आगे के मैचों पर ध्यान देने के लिए हमें कुछ दिन मिले। हमारे बीच कुछ अच्छी बातचीत हुई और कल रात अभ्यास के दौरान खिलाड़ी जोश में थे और जीत की भूख अधिक थी।

डेविड वॉर्नर ने उड़ाई पाकिस्तान की धज्जियां

शतक जड़कर पोंटिंग के रिकॉर्ड की कर ली बराबरी

बेंगलुरु (एजेंसी)। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के 18वें मैच में पाकिस्तान के खिलाफ डेविड वॉर्नर ने धुआंधार बैटिंग करते हुए शतक जड़ दिया। वॉर्नर ने 85 गेंद में अपना शतक पूरा किया। अपनी इस शतकीय पारी में उन्होंने 7 चौके और 6 छक्के लगाए। वनडे क्रिकेट में वॉर्नर का यह 21वां शतक है। पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में वॉर्नर ने पहले ही ओवर से अपना हाथ खोल दिया था। ओपनिंग करने उतरे वॉर्नर ने मिचेल मार्श के साथ ऐसा रंग जमाया कि पाकिस्तानी गेंदबाजों के होश उड़ गए।

मुकाबले में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। हालांकि बाबर आजम का यह फैसला पूरी तरह से उनके खिलाफ गया। वॉर्नर और मिचेल मार्श के खिलाफ पारी के पहले ओवर से पाकिस्तान के गेंदबाज लगातार संघर्ष करते हुए नजर आए।

स्ट्राइक बॉलर शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ भी विकेट निकालने में कामयाब नहीं हो सके। सिर्फ इतना ही नहीं, हारिस रऊफ ने अपने शुरू के तीन ओवर में ही 47 रन दे डाले। सिर्फ हारिस ही नहीं, बांकि के अन्य गेंदबाजों का भी हाल बेहाल ही रहा।

इसके अलावा विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे उमर मीर की खराब फील्डिंग भी पाकिस्तान पर भारी पड़ी। उमर मीर ने डेविड वॉर्नर का एक आसान सा कैच टपका दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि वॉर्नर को हाथ खोलने का मौका मिल गया और फिर पाकिस्तानी गेंदबाजों की उन्होंने जमकर धुनाई कर दी।

पाकिस्तान के खिलाफ वॉर्नर का चौथा शतक

डेविड वॉर्नर को वनडे क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ हमेशा से बैटिंग करना पसंद रहा है। वॉर्नर का वनडे क्रिकेट में यह पाकिस्तान के खिलाफ चौथा शतक है। इससे पहले उन्होंने 2017 में दो और 2019 में एक शतक लगाया था। वहीं अब 2023 में उनके बल्ले से पाकिस्तान के खिलाफ शतक निकला है। यह दूसरा मौका है जब विश्व कप में वॉर्नर ने इस टीम के खिलाफ शतक ठोका है।

रिकी के पोंटिंग के रिकॉर्ड की बराबरी

पाकिस्तान के खिलाफ इस शतक के साथ ही डेविड वॉर्नर ने रिकी पोंटिंग के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। वॉर्नर का आईसीसी वनडे विश्व कप में यह पांचवा शतक था। ऑस्ट्रेलिया के लिए रिकी पोंटिंग ने भी विश्व कप में कुल 5 शतक लगाए हैं। वनडे विश्व कप में सबसे अधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के नाम है।

वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आईसीसी के इस टूर्नामेंट में कुल 6 शतक लगाए हैं। ऐसे में अब वॉर्नर पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और कुमार संगाकार के 5 शतकों की बराबरी कर ली है।

बर्थडे बॉय मिचेल मार्श का तूफान, पाकिस्तान के खिलाफ ठोकी धमाकेदार सेंचुरी

बेंगलुरु (एजेंसी)। मिचेल मार्श ने अपना 32वां जन्मदिन हमेशा-हमेशा के लिए यादगार बना दिया। पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 में उन्होंने एक शानदार शतक जड़ा। मार्श ने 100 गेंद में अपनी दूसरी वनडे सेंचुरी पूरी की। मार्श ने 31वें ओवर की पांचवीं बॉल पर मोहम्मद नवाज को चौका मारकर शतक पूरा किया। एक गेंद पहले ही उनके जोड़ीदार डेविड वार्नर ने भी 21वीं एकदिवसीय सेंचुरी पूरी की थी। इसी के साथ दोनों के बीच वर्ल्ड कप के इतिहास में पहले विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी (259 रन) का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया। मिचेल मार्श खतरनाक अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए

जाने जाते हैं। आज इसका नमूना भी उन्होंने दिखा दिया।

108 गेंद में 121 रन बनाए

मिचेल मार्श शानदार पारी खेल रहे थे, जिस अंदाज में वह बल्लेबाजी कर रहे थे, लग रहा था कि आज आसानी से दोहरा शतक भी बना देंगे। 33 ओवर के बाद जब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर बिना किसी नुकसान के 245 रन हो चुका था, तब कप्तान बाबर आजम ने अपने सबसे बड़े हथियार शाहीन शाह अफरीदी पर भरोसा जताया। यह उनका दूसरा स्पैल था। मिचेल मार्श ने बाएं हाथ के पेसर का स्वागत छक्के से किया। दो गेंद बाद फिर छक्का मारा।

जन्मदिन विशेष

45 साल के हुए वीरेंद्र सहवाग, पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज के शानदार हैं रिकॉर्ड्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग शुक्रवार को अपना 45वां जन्मदिन मना रहे हैं। दिल्ली के नजफगढ़ में 20 अक्तूबर 1978 को जन्में भारतीय ओपनर अपने धमाकेदार बल्लेबाजी स्टाइक के लिए काफी फेमस थे। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर (1999-2013) के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आइए उनके करियर और रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने 104 टेस्ट मैचों में 49.34 की औसत से कुल 8,586 रन बनाए, इसके अलावा 251 वनडे मैचों में 8,273 रन भी बनाए। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने भारत के लिए 19 टी-20 में भी 394 रन बनाए।

सहवाग ने सीमाओं का लगातार पीछा करने और उन्हें तोड़ने की प्रतिभा से एक अविश्वसनीय करियर बनाया। न्यूनतम फुटवर्क लेकिन जबरदस्त दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने क्रिकेट के इतिहास में किसी से भी तेज गति से टेस्ट रन बनाए हैं। इतने सारे स्ट्रोक खेलने वाले बल्लेबाज के खिलाफ गेंदबाज अपनी संभावनाओं को लेकर आश्वस्त थे; यह बस इतना है कि सहवाग उनके खिलाफ अपनी संभावनाओं को लेकर कहीं अधिक आश्वस्त थे।

अपने चरम पर नजफगढ़ के नवाब अपने मजबूत कट और क्रैकिंग ड्राइव के साथ एक खतरनाक उपस्थिति थे। अपने जोश और तेजी से रन बनाने के क्रूर दृष्टिकोण के साथ उन्होंने एक अविश्वसनीय करियर विकसित किया। इस क्रिकेटर ने भारत के लिए सभी प्रारूपों में 16,000 से अधिक रन बनाए और भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों में अपनी जगह पक्की की।

पाकिस्तान के खिलाफ पदार्पण

सहवाग ने 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ मोहाली में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और 14 साल बाद कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में उन्होंने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा भी कर दी। 2001 में उन्होंने ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया। खेल में सलामी बल्लेबाज ने भारत के लिए 105 रन बनाए। 2013 में उन्होंने 12 साल के टेस्ट करियर से संन्यास ले लिया। सहवाग का भारत के लिए दोनों प्रारूपों में 8000 से अधिक रन बनाने का बेदाग रिकॉर्ड था।

वीरेंद्र सहवाग के कुछ खास रिकॉर्ड्स – एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने की बात करें तो उनका 284 रन तीसरे स्थान पर है।

इंटरनेशनल क्रिकेट में विराट के 26000 रन पूरे

सचिन को पीछे छोड़ा, ये 5 रिकॉर्ड बनाए

पुणे (एजेंसी)। भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत पुणे के मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 77 रन बनाते ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 26000 रन पूरे कर लिए हैं। वह यह मुकाम पाने वाले सबसे तेज क्रिकेटर हैं। उन्होंने इसी के साथ श्रीलंका के दिग्गज महेला जयवर्धने का भी पीछे छोड़ दिया जिनके नाम पर 25957 इंटरनेशनल रन थे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन

34357 - सचिन तेंदुलकर
28016 - कुमार संगकारा
27483- रिकी पोंटिंग
26026-विराट कोहली
25957 - महेला जयवर्धने

सबसे तेज 26 हजार रन बनाने वाले प्लेयर
567 पारियां - विराट कोहली
600 पारियां - सचिन तेंदुलकर
624 पारियां - रिकी पोंटिंग
634 पारियां-कुमार संगाकारा

ओवरऑल विश्व कप में सबसे ज्यादा रन

2278 - सचिन तेंदुलकर, भारत
1743 - रिकी पोंटिंग, ऑस्ट्रेलिया
1532 - कुमार संगाकारा, श्रीलंका
1289 - विराट कोहली, भारत
1243 - रोहित शर्मा, भारत

इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक 50 से अधिक स्कोर

264 - सचिन तेंदुलकर, ऑस्ट्रेलिया
217 - रिकी पोंटिंग, ऑस्ट्रेलिया
216 - कुमार संगकारा, श्रीलंका
212 - विराट कोहली, भारत
211 - जैक्स कैलिस, दक्षिण अफ्रीका

वनडे में सबसे ज्यादा शतक

49 सचिन तेंदुलकर, भारत
48 विराट कोहली, भारत
31 रोहित शर्मा, भारत
30 रिकी पोंटिंग, ऑस्ट्रेलिया
28 सनथ जयसूर्या, श्रीलंका

जवाब में भारतीय टीम ने शुभमन गिल और रोहित शर्मा की बदौलत तेजतर्रार शुरूआत की। रोहित शर्मा ने 40 गेंदों पर 48 तो शुभमन गिल ने 55 गेंदों पर 53 रन बनाए। इसके बाद विराट कोहली ने एक छोर संभाल लिया। श्रेयस अय्यर 19 रन बनाकर आऊट हुए। केएल राहुल (34) ने क्रीज पर आते ही बड़े शॉट लगाए। विराट ने भी इसी बीच 97 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और टीम इंडिया को 7 विकेट से जीत दिला दी।

मुंबई इंडियन्स से फिर जुड़े लसिथ मलिंगा, इस बार मिली बड़ी जिम्मेदारी

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियन्स ने शुक्रवार को श्रीलंका के पूर्व दिग्गज लसिथ मलिंगा को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। इस फ्रेंचाइजी के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड की जगह लेंगे।

40 साल के मलिंगा आगामी सत्र से पहले मार्क बाउचर की अगुवाई वाली कोचिंग दल से जुड़ेंगे जिसमें मुंबई इंडियन्स टीम के उनके पूर्व साथ कीरोन पोलार्ड (बल्लेबाजी कोच) भी है। फ्रेंचाइजी का मानना था कि तीन पूर्व क्रिकेटर 'डगआउट में एक

मजबूत साझेदारी बनाएंगे। मलिंगा इस फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों के गेंदबाजी कोच है जिसमें मेजर लीग क्रिकेट में एमआई न्यूयॉर्क और एसए20 में एमआई केपटाउन की टीम शामिल है।

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स की कोचिंग दल का हिस्सा रहे मलिंगा ने कहा, 'मैं मार्क (बाउचर), पॉली (पोलार्ड), रोहित (शर्मा) और बाकी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं विशेष रूप से गेंदबाजी इकाई के साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं जिसका दृष्टिकोण मुझे पिछले सत्र में पसंद आया था। मुंबई इंडियन्स की युवा प्रतिभा में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता है। लिंगा मुंबई इंडियन्स के साथ खिलाड़ी के तौर पर 11 सत्र तक जुड़े रहने के बाद 2018 में टीम के गेंदबाजी मेंटोर थे।

प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 का शेड्यूल जारी, 2 दिसंबर को शुरू होगा टूर्नामेंट

मुंबई (एजेंसी)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने 10वें सीजन के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए 12-शहर के कारवां प्रारूप में लौट रही है। टूर्नामेंट 2 दिसंबर 2023 को अहमदाबाद के एरेना बाय ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम में शुरू होगा और उसके बाद प्रत्येक फ्रेंचाइजी के गृह शहरों में स्थानांतरित हो जाएगी। लीग चरण 2 दिसंबर 2023 से 21 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+हॉटस्टार पर किया जाएगा।

लीग इस सीजन में प्रत्येक फ्रैंचाइज़ी के गृह शहरों से स्टेडियम में वापस आने वाले कबड्डी फैंस का स्वागत करने के लिए रोमांचित है। अहमदाबाद चरण 2-7 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद लीग स्थानों के निम्नलिखित क्रम में आगे बढ़ेगी जिसमें बेंगलुरु (8-13 दिसंबर 2023), पुणे (15-20 दिसंबर 2023), चेन्नई (22-27 दिसंबर) 2023), नोएडा (29 दिसंबर 2023 - 3 जनवरी 2024), मुंबई (5-10 जनवरी 2024), जयपुर (12-17 जनवरी 2024), हैदराबाद (19-24 जनवरी 2024), पटना (26-31 जनवरी 2024), दिल्ली (2-7 फरवरी 2024), कोलकाता (9-14 फरवरी 2024) और पंचकुला (16-21 फरवरी) शामिल है।

प्रो कबड्डी लीग का दसवां सीजन गुजरात जायंट्स और तेलुगु टाइटंस के बीच की प्रतिद्वंद्विता को नए सिरे से शुरू करने के

साथ शुरू होगा। पवन सहरावत, फज़ल आतराचली, अजिंक्य पवार और नवीन कुमार जैसे शीर्ष सितारे शुरुआती सप्ताहांत में हाई-ऑक्टेन क्लैश के माध्यम से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं।

पीकेएल सीजन 10 के शेड्यूल के बारे में मशाल स्पोर्ट्स के प्रमुख स्पोर्ट्स लीग और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, मशाल स्पोर्ट्स को प्रो कबड्डी सीजन 10 मैच शेड्यूल जारी करते हुए खुशी हो रही है। पिछले सीजन की तरह यह शेड्यूल पीकेएल प्रशंसकों की भावनाओं के साथ-साथ हमारे लीग के ऐतिहासिक दसवें सीजन के दौरान हाई क्वालिटी और रामांचक प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के बारे में कई विचारों और सावधानीपूर्वक योजना का परिणाम है।

संक्षिप्त समाचार

लोटस टेंपल के पास पार्क में मिली युवक की लाश, गर्दन-हाथ और पेट पर मिले चाकू के निशान

नईदिल्ली, एजेंसी। दक्षिणी दिल्ली में पुलिस को एक युवक का शव मिला है जिसकी उम्र लगभग 19 साल है और उसकी पहचान धौलपुर के मूल निवासी के रूप में हुई है। युवक के गर्दन, बाएं हाथ और पेट पर चाकू के कई घाव मिले हैं। पुलिस ने बताया कि शव गुरुवार को अमर कॉलोनी के पास लोटस टेंपल के पास एक पार्क के अंदर मिला था। मृतक की पहचान उसके पहले नाम राजू से की गई। पुलिस ने कहा कि वह एक महीने पहले अपने गृहनगर से दिल्ली आया था और अस्थायी तौर पर अपने पिता दौलत राम के साथ दक्षिणी दिल्ली के गढ़ी में नीम चौक पर रह रहा था। अमर कॉलोनी पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस ने कहा कि हत्या के पीछे का सटीक मकसद और हत्यारे की पहचान गुरुवार देर रात तक नहीं हो पाई थी। पुलिस ने कहा कि वे व्यक्तिगत दुश्मनी, अचानक उकसाने और डकैती के प्रयास के एंगल से हत्या के मामले को देख रहे हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा कि गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे, अमर कॉलोनी पुलिस स्टेशन को एक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली, जो लोटस टेंपल के पास एक पार्क के अंदर घायल और बेहोश पड़ा हुआ था। पुलिस की एक टीम पार्क में पहुंची और पाया कि मृतक, जिसकी उम्र लगभग 19 वर्ष थी की गर्दन, बाएं हाथ और पेट पर चाकू से वार किया गया था। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डीसीपी देव ने बताया कि घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान शव के पास एक मोबाइल फोन पड़ा मिला है। कुछ मिनट बाद उस फोन पर किसी ने कॉल किया था। एक पुलिसकर्मी ने कॉल का जवाब दिया और कॉल करने वाले के जरिए मृतक की पहचान राजू के रूप में हुई। मौके पर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला। राजू के परिजनों को उसकी हत्या की जानकारी दी गई है। पुलिस ने कहा कि वे हत्यारे के बारे में सुराग जुटाने के लिए अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रहे हैं।

दिल्ली में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए खास इंतजाम

नईदिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस बार मां दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के लिए कई इंतजाम किए गए हैं। इन इंतजामों के बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मां दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं। दुर्गा पूजा पंडालों को स्लॉट दिए गए हैं। हाइड्रा क्रेन का उपयोग किया जाएगा, जिससे देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन में मदद मिलेगी। हमने दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों और अग्निशमन, पुलिस, डीडीए, एमसीडीऔर स्वास्थ्य जैसे अन्य विभागों के साथ दो बार बैठकें की हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। सिंचाई बाढ़ विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर कृत्रिम घाट बनाए गए हैं। दुर्गा पूजा पंडालों को स्लॉट दिए गए हैं। इन्हीं स्लॉट के आधार पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस बार मूर्तियों के विसर्जन में हाइड्रा क्रेन का उपयोग किया जाएगा। बता दें कि दुर्गा पंडालों में शुक्रवार से दुर्गा पूजा की शुरुआत होगी। यहां विधि-विधान के साथ मां की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। दिल्ली में दुर्गा पूजा को लेकर अलग-अलग थीम पर पंडाल सजे हैं। इसमें नए संसद भवन से लेकर उत्तराखंड का केदारनाथ मंदिर शामिल हैं। दिल्ली में लगभग 400 जगहों पर दुर्गा पूजा के लिए पंडाल लगे हैं। इन प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित स्थान पर होगा।

दिल्ली में तीन नये मेट्रो कॉरिडोर, एलजी ने जमीन अधिग्रहण को दी मंजूरी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली मेट्रो के तीन नए कॉरिडोरों के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण करने की इजाजत दे दी है। डीएमआरसी ने दिल्ली सरकार से साल 2020 में जमीन अधिग्रहण को लेकर आग्रह किया था। राज निवास के अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। डीएमआरसी लाइन को विस्तार देने के लिए दक्षिणी जिले के खानपुर गांव में 1,688 ह्यह्रद्ध जमीन के अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया। इस जमीन का इस्तेमाल एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर के निर्माण में होगा। इस कॉरिडोर के निर्माण से खानपुर, तुगलकाबाद, देवली, पुष्प विहार, और डॉक्टर अंबेडरकरनगर समेत साउथ दिल्ली की कई भीड़भाड़ वाली जगहों से लोगों के लिए इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस नेता बीवी श्रीनिवास को दी पूर्ण अंतरिम अग्रिम जमानत

नई दिल्ली , एजेंसी।
सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कथित उत्पीड़न मामले में भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ ने अपने 17 मई के आदेश को यह कहते हुए पूर्ण कर दिया कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने 17 मई को श्रीनिवास को मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी।

पीठ ने कहा, अग्रिम जमानत देने के लिए एक आवेदन है। हमने 17 मई को अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी। असम के वकील ने अग्रिम जमानत देने का विरोध किया। यह ध्यान में रखते हुए कि याचिकाकर्ता ने जांच में सहयोग किया है, हम आवेदन को अनुमति देने के इच्छुक हैं। 17 मई का आदेश पूर्ण किया जाता है।

गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने मई में असम युवा कांग्रेस के निष्कासित प्रमुख द्वारा दर्ज मामले में श्रीनिवास की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन पर मानसिक

पीड़ा पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। शीर्ष अदालत ने 17 मई को असम सरकार को नोटिस जारी कर 10 जुलाई तक याचिका पर जवाब मांगा था। पीठ ने कहा था, हमने आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 164 के तहत दर्ज शिकायतकर्ता के बयान का भी अध्ययन किया है, जिसे अभियोजन पक्ष ने बहुत विनम्रता से हमारे सामने रखा है। हम इस स्तर पर इसके बारे में कुछ भी टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं क्योंकि इससे मुकदमे में पार्टियों के अधिकारों पर फिर से असर पड़ सकता है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि प्रथम दृष्टया, एफआईआर दर्ज करने में लगभग दो महीने की देरी हुई थी जिसे ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता अंतरिम सुरक्षा का हकदार है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया था कि मामले के संबंध में गिरफ्तारी की स्थिति में, याचिकाकर्ता को 50,000 रुपये की राशि में एक या अधिक जमानत राशि के साथ सॉल्वेंट जमानत जमा करने पर अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाएगा।

हाईकोर्ट ने श्रीनिवास को जांच में सहयोग करने और 22 मई और उसके बाद जब भी बुलाया जाए, पुलिस के सामने पेश होने को कहा था। अदालत ने उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा की जा रही जांच में सहयोग करने का भी निर्देश दिया था।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि उसकी राय है कि यह मामला याचिकाकर्ता को गिरफ्तारी से पहले जमानत का विशेषाधिकार देने के लिए उपयुक्त नहीं है और इसे खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी का निपटारा करते हुए केस डायरी भी लौटा दी थी। श्रीनिवास के वकील ने तर्क दिया था कि आईपीसी की धारा 354 को छोड़कर, विभिन्न धाराओं के तहत ढ्ढड्डष्ट अध्यक्ष के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप जमानती हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 354 किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करने या आपराधिक बल का प्रयोग करने से संबंधित है। श्रीनिवास के वकील ने कहा था कि कथित अपराध छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुआ था जो दिसपुर पुलिस स्टेशन के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र से परे था, जहां मामला दर्ज किया गया था।

भाजपा इस बार मप्र विधानसभा चुनावों में जीतेगी 150 से अधिक सीटें, इंदौर के एमएलए रमेश मेंडोला ने दावा किया

इंदौर, एजेंसी।
अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों के प्रति समर्पण के लिए विख्यात श्री रमेश मेंडोला मध्य प्रदेश में शक्तिशाली नाम बन चुके हैं। मार्जिन विजेता के रूप में सबसे बड़ी जीत के इतिहास के साथ मेंडोला आगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में खड़े हो रहे हैं। हाल ही में उन्होंने शेयरचैट लाईव ऑडियो चैटरूम पर जाने-माने न्यूज़ एंकर अनुराग मुस्कान के शो 'जनता की आवाज़' में उनके साथ बातचीत की। भाजपा के नेता ने महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे बढ़ती मुद्रास्फीती, रोज़गार नीतियों, शिक्षा नीतियों, महिला सशक्तीकरण और 2023 विधानसभा चुनावों पर अपने विचार रखे।

सत्र के दौरान रमेश में आत्मविश्वास के साथ आगामी चुनावों में भाजपा की जीत का पूर्वानुमान जताया। ''हम पिछली बार से भी ज़्यादा सीटों के साथ चुनाव जीतेंगे, हमें 150 से ज़्यादा सीटें मिलने की उम्मीद है। चुनाव एक व्यक्ति अकेले नहीं जीतता, बल्कि लोगों के सामुहिक प्रयासों के साथ हमें जीत मिलती है। मुझे विश्वास है कि हम पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड बनाएंगे और एक साथ मिलकर जीत हासिल करेंगे।''

विपक्षी पार्टी के चुनावी घोषणापत्र के बारे में बात करते हुए मेंडोला ने कहा, ''विपक्षी पार्टी ने हमेशा वादे किए लेकिन इन्हें पूरा नहीं किया। यही कारण है कि कॉन्ग्रेस के पूर्व सदस्य जैसे ज्योतिआदित्य सिंधिया छोड़ कर चले गए और अब भाजपा के साथ काम कर रहे हैं। लोग उनसे खुश भी हैं। पूर्व सी.एम कमल नाथ के बेटे नकुलनाथ को हाल ही में भेजे गए पत्र की बात करते हुए उन्होंने कहा ''हम अपने प्रतिद्वंद्वियों का कभी शुत्र नहीं मानते, बल्कि देश के विकास में उनसे सहयोग की उम्मीद रखते हैं। कमलनाथ जी डिप्रेशन में हैं और उन्हें अच्छे डॉक्टर की ज़रूरत है। हमारी विपक्षी पार्टी को भी मजबूत और स्वस्थ होना चाहिए।÷ उन्होंने कहा कि कमलनाथ छिंदवाड़ा से हार जाएंगे और दावा किया कि इस बार एमपी में कमल खिलेगा, कमलनाथ नहीं। '' प्लेटफॉर्म पर यूज़र्स के द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने भाजपा सरकार की कई पहलों पर रोशनी डाली।

गरबे में उत्साह के लिए मेंटेंन करें ऊर्जा-स्तर का प्रवाहः डॉ. ए.के. द्विवेदी

भोपाल । नवरात्रि के दौरान कई कन्यायें और मातृशक्तियाँ उपवास रखती हैं। इसलिए गरबा खेलते समय कई बार उनका ऊर्जा स्तर बहुत कम हो जाता है। जिससे उन्हें थकान, कमजोरी, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, मांसपेशियों के दर्द या चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल त्योहार का मजा किरकिरा हो जाता है बल्कि दैनिक जीवन के कार्यकलाप भी प्रभावित होते हैं। इसलिए नवरात्रि और खासतौर पर गरबा खेलते समय अपने ऊर्जा स्तर का खास खयाल रखें। होम्योपैथिक चिकित्सक और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने विशेष चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि गरबा के दौरान पसीने के जरिये हमारे शरीर का काफी पानी यूज हो जाता है। इसलिए कई बार गरबा खेलने वाले डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसलिए साधारण पानी, एनर्जी ड्रिंक्स, नारियल पानी अथवा फलों के जूस आदि के जरिए अपने शरीर में पानी की मात्रा मेंटेंन करें।

शुगर और बीपी पेशेंट्स को विशेष रूप से सावधानी रखने की जरूरत है। डॉ. ए.के. द्विवेदी के अनुसार ये उपाय भी कारगर है गरबा खेलने से पहले स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कीजिये। गरबा खेलने के बाद समय निकालकर थोड़ी देर सेतुबंध आसन और सर्वांगासन (या अर्धसर्वांगासन) तथा शवासन जरूर कीजिए। इससे न केवल दर्द से छुटकारा मिलेगा अपितु थकान भी दूर होगी। हल्दी युक्त गर्म दूध और गुड़ का सेवन करें। उपवास करने वालों को पर्याप्त मात्रा में ड्राई फ्रूट्स जरूर लेने चाहिये। इससे एनर्जी लेवल बना रहेगा। दर्द नियंत्रण से बाहर हो रहा हो तो चिकित्सक की सलाह पर होम्योपैथिक अथवा अन्य दवायें भी ली जा सकती हैं। वायरल बुखार और कमजोरी से बचाव के लिए अपने चिकित्सक से सलाह लेकर विटामिन डी एवं सी, बीसी की जाँच भी करानी चाहिए।

सदस्यों में कर्ण सिंह का भी नाम, ये बने प्रदेश अध्यक्ष

नई दिल्ली , एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्ति की। कार्यकारी समिति का भी गठन किया गया है। इस समिति में करण सिंह और सैफुद्दीन सोज जैसे अनुभवी नेताओं को शामिल किया है। पार्टी ने जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पांच वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 22 उपाध्यक्ष, 51 महासचिव और 62 सचिव भी नियुक्त किए।खरगे ने 22 सदस्यीय कार्यकारी समिति के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें अनुभवी नेता करण सिंह और सोज के साथ-साथ वरिष्ठ नेता गुलाम अहमद मीर, तारिक हमीद कर्रा और तारा चंद को शामिल किया गया है।

पांच वरिष्ठ उपाध्यक्षों में मुला राम, जीएन मोंगा, बलवान सिंह, रविंदर शर्मा और मोहम्मद अनवर भट शामिल हैं। खरगे ने रजनीश शर्मा को जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। वकार रसूल वानी जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं।

आंध्र प्रदेश पुलिस को सुप्रीम कोर्ट का आदेश, 9 नवंबर तक नहीं होगी नायडू की कोई गिरफ्तारी

नई दिल्ली , एजेंसी।
सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश पुलिस से कहा कि वह कौशल विकास घोटाला मामले में याचिका पर फैसला आने तक फाइबरनेट मामले में टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार न करे। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने फाइबरनेट मामले में नायडू की अग्रिम जमानत को 9 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश पुलिस से कहा, पूर्व में दी गई व्यवस्था को बरकरार रहने दें। पीठ 13 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश पुलिस के बयान का जिक्र कर रही थी, जब उसने कहा था कि पुलिस नायडू को हिरासत में नहीं लेगी। न्यायमूर्ति बोस ने कहा कि चूंकि आदेश एक अन्य याचिका पर सुरक्षित रखा गया है, इसलिए यह उचित होगा कि अदालत फैसला सुनाए जाने के बाद नायडू की तत्काल याचिका पर विचार करे। नायडू की ओर

से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि पुलिस फाइबरनेट मामले में उन्हें हिरासत में लेना चाह रही है, इस तथ्य के बावजूद कि वह कौशल विकास घोटाला मामले में पहले से ही हिरासत में हैं। आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार ने कहा कि फाइबरनेट मामले में नायडू से हिरासत में पूछताछ के लिए वह अदालत से अनुमति मांगेगी, क्योंकि वह पहले से ही एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय को लेकर राज्य को इंतजार करने में कोई समस्या नहीं है। पीठ ने कहा, पूर्व में दी गई व्यवस्था को बरकरार रहने दें। 13 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश पुलिस ने शीर्ष अदालत को बताया कि कौशल विकास निगम घोटाले से संबंधित उनकी याचिका शीर्ष अदालत में लंबित होने के कारण वे 18 अक्टूबर तक फाइबरनेट मामले में नायडू को गिरफ्तार नहीं करेंगे। फाइबरनेट मामला एपी फाइबरनेट परियोजना के चरण-1 के तहत एक पसंदीदा कंपनी को 330 करोड़ रुपये के कार्य आदेश आवंटित करने में कथित निविदा हेरफेर से संबंधित है। आंध्र प्रदेश पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने आरोप लगाया है कि टेंडर देने से लेकर काम पूरा होने तक परियोजना में अनियमितताएं की गईं, जिससे राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ। 73 वर्षीय नायडू को 2015 में मुख्यमंत्री रहते हुए कौशल विकास निगम से धन का कथित दुरुपयोग करने के आरोप में 9 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था, जिससे राज्य के खजाने को 371 करोड़ रुपये का कथित नुकसान हुआ था।

कनाडा में अस्पतालों की हो रही सेहत खराब, रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

टोरंटो, एजेंसी।
कनाडा के अस्पतालों में कई खामियां सामने आई हैं। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। कनाडाई इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ इन्फॉर्मेशन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2022 से मार्च 2023 तक 17 अस्पतालों में से एक अस्पताल में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक अनुमान के मुताबिक, अस्पताल में 145,000 लोग इलाज के लिए गए थे और हो सकता है कि वे संक्रमण, निमोनिया, दवा और बेडसोर से पीड़ित हो गए। कनाडाई इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ इन्फॉर्मेशन की केट पार्सन ने बताया कि यह लगातार तीसरा साल है जब हमने गलत दिशा में वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा,आंकड़े कुछ लोगों के लिए आश्चर्यजनक हो सकते हैं। लेकिन अंततः, हम बदलाव लाने के लिए यह जानकारी वहां तक पहुंचाना चाहते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष की तुलना में अस्पताल से प्राप्त मूत्र पथ के संक्रमण में 20 प्रतिशत

की वृद्धि हुई है और एस्पिरेशन निमोनिया में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जहां मरीज़ तरल पदार्थ या भोजन लेते हैं जिससे फेफड़ों की समस्याएं होती हैं। इसके अलावा रिपोर्ट में दबाव अल्सर या बेडसोर में 50 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह वृद्धि कुछ हद तक बेहतर डेटा रखने से भी जुड़ी हो सकती है। अस्पताल मरीज की देखभाल के लिए ओवरटाइम और एजेंसी के कर्मचारियों पर बहुत अधिक निर्भर थे, जिसमें मापा गया नुकसान स्टाफ के स्तर से निकटता से जुड़ा हुआ था। नर्सों के बीमार समय में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली से लगभग 6,500 नर्सों को हटा दिया गया। किंग्स्टन ओंटारियो में एक पंजीकृत नर्स डेब लेफेब्रे का कहना है कि इसमें से अधिकांश को ओवरटाइम के लिए मजबूर किया जाता है। कनाडा के अस्पतालों में नर्सें ओवरटाइम करने को मजूबर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 में नर्सों से करीब 14 मिलियन घंटे ओवरटाइम लिया गया है। लेफेब्रे नर्सों के बोर्ड सदस्य भी हैं। लेफेब्रे ने बताया, हमारे पास पर्याप्त नर्सें नहीं हैं और हम पर्याप्त निगरानी के बिना अपने मरीजों को छोड़ने में असमर्थ हैं। हमारे कानून के अनुसार, यदि हम अपने मरीज को छोड़ देते हैं तो इसे परित्याग के रूप में जाना जाएगा, इसलिए हां, हम फंस गए हैं।उद्योग जगत के लोग थकावट और उच्च स्तर की जलन का हवाला देते हुए कहते हैं कि इससे नर्सों का पलायन हुआ है। जो बचे हैं वे तनावग्रस्त हैं, और कुछ मानते हैं कि इससे रोगी की देखभाल खतरे में पड़ रही है। ओंटारियो अस्पताल में काम करने वाली नर्स मिरियम ने कहा, हमारे पास बहुत कम कर्मचारी हैं और गति बहुत तेज़ है। मरियम एक बदला नाम है। उसने पहचान उजागर न करने को कहा और कहा कि उसे अपनी नौकरी खोने का डर है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इसलिए बात की क्योंकि वह चाहती थीं कि कनाडाई लोगों को पता चले कि सभी मरीजों की ठीक से देखभाल करने के लिए पर्याप्त नर्सें नहीं हैं।

इजराइल और यूक्रेन को मदद मुहैया कराना अमेरिका के लिए एक अच्छा निवेश : बाइडन

न्यूयार्क एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल और यूक्रेन का अपने-अपने युद्धों में विजयी होना ''अमेरिकी की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम है। इजराइल और यूक्रेन को अरबों अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता मुहैया कराए जाने का अमेरिकी संसद से अनुरोध करने की तैयारी कर रहे बाइडन ने वीरवार रात अमेरिका के राष्ट्रपति के औपचारिक कार्यस्थल 'ओवल कार्यालय से देश के नाम संबोधन के दौरान दोनों देशों को दी जा रही अमेरिकी मदद को जायज ठहराया। बाइडन ने साथ ही कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश भारत-पश्चिम एशिया आर्थिक गलियारे जैसी नयी परियोजनाओं के जरिए पश्चिम एशिया के देशों के बेहतर भविष्य के लिए काम कर रहे हैं। बाइडन ने कहा कि यदि अंतरराष्ट्रीय आक्रामकता जारी रहती है, तो ''संघर्ष और अराजकता दुनिया के अन्य देशों में भी फैलने की आशंका है। उन्होंने कहा, ''हमास और (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन अलग-अलग खतरों का

प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन उनमें एक बात समान है। वे दोनों ही पड़ोसी देशों में लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह अगले साल करीब 100 अरब अमेरिकी डॉलर की मदद मुहैया कराने के लिए संसद से तत्काल अनुरोध करेंगे। इस प्रस्ताव को शुक्रवार को सार्वजनिक किया जाएगा, जिसमें यूक्रेन, इजराइल, ताइवान, मानवीय मदद और सीमा प्रबंधन के लिए धन का प्रावधान होगा। बाइडन ने कहा, ''यह एक अच्छा निवेश होगा, जिसका लाभ अमेरिकी सुरक्षा को कई पीढ़ियों तक मिलता रहेगा। इस संबोधन से एक दिन पहले बाइडन ने इजराइल की यात्रा की थी जहां उन्होंने हमास के खिलाफ युद्ध लड़ रहे देश के प्रति एकजुटता जताई थी।

मांड्या में घरेलू विवाद पर महिला ने बेटे संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट, दोनों गिरफ्तार

मांड्या (कर्नाटक), एजेंसी। कर्नाटक के मांड्या जिले के एक गांव में एक महिला ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को घरेलू मुद्दे पर झगड़े के बाद कथित तौर पर 45 वर्षीय युवक की पत्नी और बेटे ने लकड़ी के हल से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि मद्दुर तालुक के चपुरडोड्डी गांव में गुरुवार रात की घटना के बाद सविता और उसका 24 वर्षीय बेटा शशांक दोनों बेंगलुरु भाग गए। हालांकि, शुक्रवार सुबह बेंगलुरु से दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, सविता और उसके पति उमेश के बीच तनावपूर्ण संबंध थे। वे हमेशा घरेलू मुद्दों पर झगड़ते थे और एक बार जब उसके बेटे को बेंगलुरु में नौकरी मिल गई, तो वह भी उसके साथ वहां चली गई। पुलिस ने बताया कि शशांक बेंगलुरु के एक बार में काम करता था। सविता अपने बेटे के साथ बेंगलुरु में पिछले छह महीने से रह रही थी।

भारत की सख्ती के बाद कनाडा का 74.6 मिलियन डॉलर का बड़ा प्लान होगा फेल

ओटावा, एजेंसी।
भारत में वीजा सर्विसेज की प्रोसेसिंग की अवधि को कम करने के लिए कनाडा द्वारा शुरू की गई महत्वकांक्षी योजानओं को बड़ा झटका लगा है। भारत द्वारा कनाडाई राजनयिकों को मिली छूट हटाने की चेतावनी दिए जाने के बाद कनाडा ने अपने देश के 41 राजनयिकों को वीरवार को नई दिल्ली में सेवा से हटा दिया। जिसके बाद अब भारत में कैनेडियन वीजा एप्लीकेशन प्रोसेसिंग के लिए और अधिक समय लगेगा।

भारत और कनाडा के रिश्तों में आए तनाव के बीच कनाडा को अपने डिप्लोमैट वापिस बुलाने पड़े उसके

कारण यह प्लान ठंडे बस्ते में पड़ जाएगा और कनाडा जाने के इच्छुक भारतीयों को वीजा प्रोसेसिंग के लिए अब और अधिक इतंजार करना पड़ेगा क्योंकि कनाडा के जो वीजा प्रोसेसिंग सेंटर है बेंगलुरू, मुंबई और चंडीगढ़ में वहां पर इन-पर्सन सर्विस बंद हो जाएगी। जाहिर सी बात है अगर वीजा सर्विस बंद हो जाएंगी तो वहां पर वीजा एप्लीकेशन में देरी होगी क्योंकि यहां कनाडा की एंबेसी का स्टाफ पहले के मुताबिक काफी कम हो जाएगा। बता दें कि कनाडा के भारत में 62 डिप्लोमैट्स चार सेंटरों में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और चंडीगढ़ में काम कर रहे थे वहीं भारत के केवल 21 डिप्लोमैट्स ओटावा के अलावा वेंकुवर और टोरंटो में काम करते है। गौरतलब है कि18 सितंबर को कनाडा की संसद में खड़े होकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था कि भारत में नामी घोषित खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत की खुफिया एजेंसियों का हाथ है जिसके बाद भारत ने इसे बेबुनियाद बताया था और तब से दोनों में देशों में तनाव जारी है। इसके बाद भारत ने कई सख्त कदम उठाए और सबसे पहले कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सर्विस बंद की इसके साथ ही कनाडा को यह भी अल्टीमेट दिया था कि 10 अक्टूबर से पहले वह अपने डिप्लोमेट्स वापिस बुला लें लेकिन कनाडा ने कोशिश की कि इस मुद्दे को बैठ कर सुलझाया जाए लेकिन जब यह कोशिश फेल हो गई इसके बाद गुरूवार को कनाडा ने अपने 41 डिप्लौमेट्स को वापिस बुला लिया और कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने खुद इसकी पुष्टि की। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि चंडीगढ़, मुंबई और बेंगलुरू इन पर्सन सर्विसस बंद कर दी गई है इसका मतलब यह है कि अब कोई व्यक्ति नीजि तौर इन सेंटर्स में वीजा एप्लीकेशन फाइल नहीं कर पाएगा।

वहीं कनाडा की जो महत्वकाक्षी योजना थी कि भारत में वीजा प्रोसेसिंग को तेज करना, अब वह पटरी से उतर गई है। इसका सबसे बड़ा झटका कनाडा सरकार को लगा है क्योंकि कनाडा में हर साल करीब 9 लाख स्टूडेंट्स पढ़ने के लिए जाते है जो उनकी अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान देते है। जिसमें से 30 फीसदी हिस्सा करीब 3 लाख स्टूडेंट भारत के होते है अब वहीं जब भारतीय स्टूडेंट की वीजा प्रोसेसिंग में देरी होगी तो निश्चित तौर पर इसका असर कनाडा की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129